YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-248 ▶ मुंबई, रविवार, 6 अप्रैल 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us @etar_india / www.etarindia.com

MULTIFAB
LED Lighting Solutions
DHANLAXMI MALI PRODUCT
Survey No.177,Isand Road, Chhatral, Ta- Kalol, Dist.Gandhinagar, Gujarat- 382 729
+91 97874 10141
+91 84518 31691
Customer Care No.: +91 99094 10141
www.multtifabled.co.in

# पीएम मोदी 'मित्र विभूषण'

## श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने प्रदान किया सर्वोच्च सम्मान



**कोलंबो।** सन 2019 के बाद पहली बार तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीएम मोदी को सर्वोच्च गैर-नागरिक सम्मान श्रीलंका मित्र विभूषण से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-श्रीलंका संबंधों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "कोलंबो में राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ व्यापक और उपयोगी वार्ता हुई। उन्होंने राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था। अब मुझे पहला विदेशी नेता होने का सम्मान मिला जिसकी मेजबानी उन्होंने की। यह भारत-श्रीलंका संबंधों और हमारे देशों के बीच मौजूद अटूट बंधन के प्रति उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।" श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा, "।।।मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि श्रीलंका सरकार ने उन्हें श्रीलंका का सर्वोच्च सम्मान-श्रीलंका मित्र विभूषण प्रदान करने का निर्णय लिया ... प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मान के पूर्णतः हकदार हैं; यह हमारा दृढ़ विश्वास है।"

### पीएम को 22वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

इससे पहले श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से नवाजा। यह किसी विदेशी राष्ट्र की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 22वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान है। पीएम मोदी ने कहा, "आज राष्ट्रपति दिसानायके की ओर से 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से सम्मानित किया जाना मेरे लिए गौरव की बात है। यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं है, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

### विविध विषयों पर हुई चर्चा

पीएम मोदी ने कहा, "राष्ट्रपति दिसानायके की भारत यात्रा के बाद से काफी प्रगति हुई, खासकर ऊर्जा, सौर ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में। आज की हमारी बातचीत में हमने सुरक्षा, व्यापार, कृषि, आवास, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों में संबंधों को और गति देने के तरीकों पर चर्चा की।" द्विपक्षीय वार्ता के बाद रक्षा सहयोग और त्रिंकोमाली को ऊर्जा केन्द्र के रूप में विकसित करने सहित कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

### कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच शनिवार को कोलंबो स्थित राष्ट्रपति सचिवालय में द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके बाद दोनों पक्षों में रक्षा सहयोग और त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने सहित कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। हस्ताक्षरित अन्य एमओयू में विद्युत के आयात/निर्यात के लिए एचवीडीसी इंटरकनेक्शन का कार्यान्वयन; डिजिटल परिवर्तन के लिए बडे स्तर पर कार्यान्वित सफल डिजिटल समाधानों को साझा करने के क्षेत्र में सहयोग, पूर्वी प्रांत के लिए बहु-क्षेत्रीय अनुदान सहायता, स्वास्थ्य-चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग और फार्माकोपिया सहयोग, शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में गृहमंत्री का बड़ा बयान




# 'नक्सली भी हमारे अपने, हथियार डाल दें'

**रायपुर।** नक्सलवाद के लिए कुख्यात छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को स्थानीय लोगों से खास अपील की। गृहमंत्री ने कहा, "मैं सभी नक्सली भाइयों से विनीत करने आया हूं, कि आप हथियार डाल दीजिए, आप सभी हमारे अपने हैं। कोई नक्सली मारा जाता है तो किसी को आनंद नहीं होता। किंतु इस क्षेत्र को विकास चाहिए। इस अपील के बाद अमित शाह ने फिर से अपनी घोषणा दोहराई कि लाल आतंक समाप्त हो जाएगा। बस्तर खुशहाल होगा। दरअसल अमित शाह शनिवार को दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जहां उन्होंने स्थानीय लोगों को पीएम मोदी का संदेश सुनाया।

▶▶ कोई नक्सली मारा जाता है तो किसी को खुशी नहीं होती

### नक्सल मुक्त गांव को एक करोड़

मुख्यमंत्री विष्णु देव और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घोषणा कि है कि जो गांव नक्सलियों से आत्मसमर्पण करवाएगा, उस गांव को नक्सल मुक्त घोषित कर 1 करोड़ रुपए की विकास राशि देंगे।"

### बस्तर पंडुम को बढ़ावा

- केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि इस साल बस्तर पंडुम हमारे छत्तीसगढ़ में एक उत्सव के रूप में मनाया गया है। मैं पीएम मोदी का संदेश लेकर आया हूं कि अगले साल बस्तर पंडुम में देश के हर आदिवासी जिले के कलाकारों को लाएंगे और अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने के लिए दुनिया भर के राजदूतों को बस्तर के हर जिले में ले जाकर हमारी परंपराओं को पूरे विश्व तक पहुंचाने का काम करेंगे। हमारे आदिवासी जननायकों को सम्मान देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने किया है।

# यूपी को बनाएंगे नंबर वन : योगी

**महाराजगंज।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराजगंज में रोहिन बैराज का उद्घाटन किया। इसके अलावा 654 करोड़ रुपए की 629 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि वह यूपी को देश में अर्थव्यवस्था के तौर पर नंबर एक के रूप में स्थापित करेंगे। अगले तीन सालों में गरीबी को मिटाकर प्रदेश को एक समृद्ध राज्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की पिछली सरकारों पर सीएम योगी ने माफिया पालने का आरोप लगाया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'शून्य गरीबी के लक्ष्य को प्राप्त करके उप्र को देश में अर्थव्यवस्था के तौर पर नंबर एक' के रूप में स्थापित करेंगे। 'हम शून्य गरीबी के लक्ष्य को हासिल कर उत्तर प्रदेश को देश में अर्थव्यवस्था में नंबर एक के रूप में स्थापित करेंगे।'

- तीन साल में यूपी से मिटा देंगे गरीबी



### पिछली सरकारें पालती थीं माफिया

पहले की सरकारें एक जिला, एक माफिया पालती थी, हमने उनके माफिया का स्थान अब को एक जनपद, एक मेडिकल कॉलेज के लिये दे दिया है। सीएम योगी ने शनिवार को रोहिन बैराज के उद्घाटन और 654 करोड़ रुपये की 629 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के लिए महाराजगंज जिले में थे। महाराजगंज अब पिछड़ा जिला नहीं रहा। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं रहा।

### वक्फ के नाम पर नहीं होगी लूट

योगी आदित्यनाथ ने कहा, अब वक्फ बोर्ड के नाम पर कोई भी जमीन नहीं लूट सकता। चौराहे की जमीन कोई हड़प नहीं सकता। अब राजस्व विभाग की जमीन का इस्तेमाल अस्पताल, स्कूल, मेडिकल कॉलेज, बैराज और गरीबों के लिए घर बनाने में किया जाएगा।"

# नौसेना स्टेशन को दो हजार करोड़

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारवाड़ नौसेना स्टेशन पर दो हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के पहले चरण में हिस्सा लेने आये रक्षा मंत्री ने भारतीय नौसेना के प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस कारवार में बुनियादी ढांचे की एक विस्तृत परियोजना श्रृंखला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा," कारवाड़ की यात्रा के दौरान नौ पियर्स, अत्याधुनिक समुद्री उपयोगिताओं और ट्रंक सुविधाओं के साथ-साथ नाविकों और रक्षा नागरिकों के लिए 480 आवास इकाइयों सहित 2000 करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया गया।"ौसेना के अनुसार इन सुविधाओं और बुनियादी ढांचे का पूरा होना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में बड़ी छलांग है।



# धनंजय मुंडे की याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की एक सेशन कोर्ट ने शनिवार को गुजारा भत्ता देने के अंतरिम आदेश के खिलाफ धनंजय मुंडे की अपील खारिज कर दी। दरअसल पारिवारिक अदालत ने धनंजय मुंडे के खिलाफ फैसला सुनाया था। बांद्रा फैमिली कोर्ट ने आदेश दिया था कि धनंजय मुंडे को करुणा शर्मा को हर महीने 2 लाख रुपये गुजारा भत्ता देना होगा। इस फैसले को धनंजय मुंडे ने मझगांव अदालत में चुनौती दी थी। उनकी याचिका पर आज सुनवाई हुई। इस बार अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। इस बहस के दौरान करुणा शर्मा ने धनंजय मुंडे की अंतिम वसीयत और स्वीकृति पत्र भी पेश किया।

- कायम रहा बांद्रा कोर्ट का फैसला



### करुणा शर्मा ने पेश किए महत्वपूर्ण दस्तावेज

मझगांव सेशन कोर्ट में दौरान करुणा शर्मा ने क महत्वपूर्ण दस्तावेज पेश किए। इसमें पासपोर्ट, राशन कार्ड, स्वीकृति पत्र और अंतिम वसीयत शामिल थी। ऐसा कहा जाता है कि धनंजय मुंडे ने इन दस्तावेजों में करुणा मुंडे को अपनी पहली पत्नी बताया है। साथ ही स्वीकृति पत्र में धनंजय मुंडे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्होंने अपने परिवार के दबाव के कारण दोबारा शादी की है। लेकिन मैं करुणा शर्मा और बच्चों का भी ध्यान रखूंगा। स्वीकृति पत्र में कहा गया है कि मैं उसे अपनी पहली पत्नी के रूप में स्वीकार करूंगा।

NICE
INSURANCE LANDMARK
विशेष सूचना !
एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री'में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
41 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

## न्यूज BRIEF

### तेलंगाना : 86 नक्सलियों ने किया समर्पण

**हैदराबाद।** छत्तीसगढ़ के प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 86 सदस्यों ने शनिवार को तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। चार एरिया कमेटी सदस्यों समेत 86 नक्सलियों ने नक्सलवाद का हिंसक रास्ता छोड़कर अपने परिवार के साथ शांति से भरा जीवन जीने का फैसला किया।

### केंद्र की मैतेई-कुकी के प्रतिनिधियों संग बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर के मैतेई और कुकी समुदायों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य मैतेई और कुकी के बीच विश्वास और सहयोग बढ़ाना तथा मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए खाका तैयार करना था। बैठक में ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन, फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन के प्रतिनिधियों सहित छह सदस्यीय मैतेई प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।

### शिवराज सिंह के काफिले का वाहन

**सीहोर।** मध्य प्रदेश में सीहोर के पास केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को भोपाल से देवास जिले के खातेगांव संदलपुर जा रहे थे। उनका काफिला जैसे ही ग्राम बेदाखेड़ी के पास पहुंचा, तभी काफिले में शामिल पुलिस की फॉलो गाड़ी पलट गई। इस घटना में एएसआई एसपी सिमोलिया, नीरज शुक्ला और आकाश अटल घायल हो गए।

# मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार (भारत कुमार)का शुक्रवार तड़के निधन हो गया था। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती थे। मनोज कुमार का दाह संस्कार मुंबई के जूहू स्थित पवन हंस श्मशान घाट पर हुआ। उनके पार्थिव देह को तिरंगे में लपेटकर उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। मनोज कुमार की पत्नी शशि गोस्वामी भी अपने पति के अंतिम संस्कार में शामिल होने जुहू स्थित श्मशान घाट पहुंचीं, जहां वह मनोज कुमार का पार्थिव देह देखकर भावुक हो गईं। उनके बेटे कुणाल गोस्वामी ने उन्हें मुखाग्नि दी। अमिताभ बच्चन अपने बेटे और अभिनेता अभिषेक बच्चन, सलमान खान के पिता और जाने-माने स्क्रीन राइटर सलीम खान भी अपने बेटे और अभिनेता अरबाज खान,संगीतकार-गायक अनु मलिक भी मनोज कुमार को अंतिम विदाई देने श्मशान घाट पहुंचे। इस शोक की घड़ी में अभिनेता प्रेम चोपड़ा भी काफी भावुक दिखे।



# प्राकृतिक आपदाओं से बिहार सर्वाधिक प्रभावित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने शनिवार को 2024 में बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान से प्रभावित बिहार, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी को 1280.35 करोड़ रुपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कुल 1280.35 करोड़ रुपए में से बिहार के लिए 588.73 करोड़ रुपए, हिमाचल प्रदेश के लिए 136.22 करोड़ रुपए, तमिलनाडु के लिए 522.34 करोड़ रुपए और पुडुचेरी के लिए 33.06 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। यह सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) और केंद्र शासित प्रदेश आपदा प्रतिक्रिया कोष (यूटीडीआरएफ) में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास है।

केंद्र से मिली 588 .73 करोड़ रुपए की मदद

8वां वेतन आयोग

# नहीं बढ़ेगा फिटमेंट फैक्टर!

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से जब से नए वेतन आयोग को लेकर मंजूरी दी गई थी। तभी से लेकर इससे जुड़े नए अपडेट सामने आ रहे हैं। 8वां वेतन आयोग के अगले साल लागू होने की संभावना है। हाल ही में केंद्र सरकार ने डीए को बढ़ा दिया है, जिसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं। अब 8वें वेतन आयोग में सरकार फिटमेंट फैक्टर को नहीं बढ़ाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों की बेसिक सैलरी में डीए के 50 फीसदी को मर्ज करने की तैयारी हो रही है। अगर ऐसा होता है तो 8वें वेतन आयोग में ज्यादा फिटमेंट फैक्टर की मांग में नरमी आएगी और सरकार भी कम फिटमेंट फैक्टर बढ़ाएगी। इसके पीछे का कारण यह है कि अभी कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 18,000 हजार रुपए है। डीए मर्ज होने के बाद वह बढ़कर 27,000 रुपए हो जाएगी। सैलरी में बढ़ोतरी वेतन आयोग के लागू होने से पहले ही जो जाएगी। इसलिए इसका असर फिटमेंट फैक्टर की मांग पर पड़ेगा।

▶▶ अगले साल लागू होने की संभावना

▶▶ बेसिक सैलरी में मर्ज हो सकता डीए



### 2004 में किया गया था अमल

केंद्र सरकार ने 5वें वेतन आयोग के तहत यह नियम बनाया था कि अगर डीए 50 फीसदी से ज्यादा चला जाता है, तब उसे बेसिक सैलरी में जोड़ दिया जाता है। सरकार ने साल 2004 में ऐसा किया भी था।

### क्या होता फिटमेंट फैक्टर

फिटमेंट फैक्टर एक गुणक होता है, जिससे तरह सरकार मौजूदा सैलरी के हिसाब से गुणक के जरिए आने वाले वेतन आयोग में सैलरी को बढ़ाती है। हालांकि, सैलरी का बढ़ना सिर्फ फिटमेंट फैक्टर पर निर्भर नहीं करता है। फिर भी इसका असर सैलरी बढ़ोतरी पर पड़ता है।

हरियाणा : सरकारी अफसरों का कारनामा

# पिता 46, पुत्र 83 व मां की उम्र 57 वर्ष



### राशन भी ले जाती काल्पनिक पत्नी

- राजू का बीपीएल कार्ड भी है, जिससे सस्ते दामों पर राशन डिपो पर मिलता है। वहीं डिपो धारक उसे बताते हैं कि उसकी पत्नी पहले ही राशन ले जा चुकी है। राजू ने जांच कराई तो पता चला कि मोना नाम की उसकी पत्नी भी है।

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में सरकारी अफसरों की लापरवाही एक अनाथ मजदूर का सिरदर्द बनी हुई है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार 46 साल के राजू का 83 साल का बेटा है और 57 साल की पत्नी है और पत्नी उसके हिस्से का राशन भी ले जाती है। हरियाणा सरकार ने पिछले दिनों कुंवारे युवकों के लिए पेंशन का प्रावधान किया है, जिसके लिए राजू ने भी अप्लाई किया था, लेकिन उसे बताया गया कि वह कुंवारा नहीं है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार उसके परिवार में पत्नी और बेटे हैं। पीड़ित ने रिकॉर्ड सही करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाए तो अधिकारियों ने उसे तलाक लेने की सलाह दे दी। जब उसने हरियाणा सरकार से न्याय की गुहार लगाई तो कार्यवाहक अतिरिक्त उपायुक्त ने जांच के आदेश दिए थे।

सिरसा में सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज आंकड़े

# इंजीनियरिंग का अजूबा पंबन रेल पुल

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारत का इंजीनियरिंग चमत्कार अब इतिहास रचने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट समुद्री पुल पंबन ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही तमिलनाडु में 8,300 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें एनएच-332 के 29 किमी लंबे विलुप्पुरम-पुडुचेरी खंड को चार लेन बनाना, एनएच-40 के 28 किलोमीटर लंबे वालाजापेट-रानीपेट खंड को चार लेन का बनाने का शिलान्यास और एनएच-32 के 57 किलोमीटर लंबे पूंडियनकुप्पम-सत्तनाथपुरम खंड और एनएच-36 के 48 किलोमीटर लंबे चोलापुरम-तंजावुर खंड को राष्ट्र को समर्पित करना शामिल है।

- तमिलनाडु को 8,300 करोड़ की परियोजना की सौगात
- विभिन्न रेल और सड़क परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला

### ▶▶ देश का पहला वर्टिकल-लिफ्ट सी ब्रिज

- यह समुद्र के ऊपर बना भारत का पहला सी-वॉटर वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज है। यह पुल 2.08 किलोमीटर लंबा है और इसमें 99 स्पैन और एक 72.5 मीटर लंबा लिफ्ट स्पैन है जो 17 मीटर तक ऊपर उठ सकता है, जिससे बड़े जहाज आराम से गुजर सकें। इसमें स्टेनलेस स्टील रीइन्फोर्समेंट, हाई-ग्रेड पेंट और पूरी तरह वेल्डेड जॉइंट्स का इस्तेमाल हुआ है जो इसे ज्यादा टिकाऊ बनाते हैं।

### ▶▶ रामेश्वरम को जोड़ता है यह ब्रिज

- यह पुल रामेश्वरम को मुख्यभूमि से जोड़ता है, यह वही जगह जहां रामायण के अनुसार रामसेतु का निर्माण शुरू हुआ था। रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा बनाए गए इस ब्रिज को 2019 में रेल मंत्रालय ने मंजूरी दी थी और अब यह तेज रफ्तार ट्रेनों और बढ़ते यातायात को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है।



### ▶▶ इतिहास के लिए अहम

- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे तमिल इतिहास व संस्कृति के लिए महान स्थापत्य चमत्कार बताते हुए कहा, "यह भारतीय रेलवे के इतिहास का सबसे अहम पुल है और पूरे भारत को इसे समर्पित किया जाएगा।"

### ▶▶ 550 करोड़ में तैयार हुआ 1914 का पुल

- साल 1914 में बना पुराना पंबन ब्रिज दिसंबर 2022 में खराब हालत के चलते बंद कर दिया गया था। अब 550 करोड़ रुपये की लागत से बने इस नए पुल में पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग लगाई गई है।

# मुंबई मध्य रेलवे चलाएगा 98 अतिरिक्त वीकली समर स्पेशल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** मध्य रेल ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अपनी नियमित ट्रेनों के अलावा अब तक 284 अनारक्षित ट्रेनों सहित 1156 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है। मध्य रेल ने पहले ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की 1058 सेवाओं की घोषणा की थी और अब यात्रियों के लाभ के लिए 98 अतिरिक्त सेवाएं चलाएगा। रेलवे ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई-मडगांव/कानपुर, पुणे-झांसी और कलबुरगि-बेंगलुरु के बीच 98 अतिरिक्त साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें मुंबई-संकरेल के बीच छह अनारक्षित विशेष ट्रेनें शामिल हैं।

### 1. एलटीटी-मडगांव-एलटीटी साप्ताहिक विशेष (10 सेवा)

01103 साप्ताहिक विशेष सात अप्रेल से पांच मई तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक सोमवार को 08.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 21.40 बजे मडगांव पहुंचेगी। (5 सेवाएं)। 01104 साप्ताहिक विशेष छह अप्रेल से चार मई तक प्रत्येक रविवार को 16.30 बजे मडगांव से रवाना होगी और अगले दिन 06.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। (5 सेवाएं)।

### 2.एलटीटी- कानपुर-एलटीटी साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (24 सेवा)

04152 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष 12 अप्रेल से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को 17.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और अगले दिन 15.45 बजे कानपुर पहुंचेगी। (12 सेवाएं)। 04151 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष 11 अप्रेल से 27 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को 15.25 बजे कानपुर से रवाना होगी और अगले दिन 14.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

### 3. पुणे-झांसी-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (24 सेवा)

01921 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष 10 अप्रेल से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 15.15 बजे पुणे से रवाना होगी और अगले दिन 10.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुँचेगी। (12 सेवाएं)। 01922 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष नौ अप्रेल से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को 12.50 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से रवाना होगी और अगले दिन 11.35 बजे पुणे पहुँचेगी। (12 सेवाएं)।

### 4. हडपसर-झांसी-हडपसर साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (26 सेवा)

01923 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष छह अप्रेल से 29 जून तक प्रत्येक रविवार को 19.10 बजे हडपसर से रवाना होगी और अगले दिन 15.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुँचेगी। (13 सेवाएँ)। 01924 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष पांच अप्रेल से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को 19.40 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से रवाना होगी और अगले दिन 16.30 बजे हडपसर पहुँचेगी। (13 सेवाएं)।

### 5. कलबुर्गी- सर एम विश्वेसरैया टर्मिनल बेंगलुरु साप्ताहिक विशेष ट्रेन सेवा – (8 सेवा)

06520 साप्ताहिक विशेष छह अप्रेल से 27 अप्रेल तक प्रत्येक रविवार को 09.35 बजे कलबुरगि से रवाना होगी और उसी दिन 20.00 बजे एस एम वी बेंगलुरु पहुंचेगी। (4 सेवाएं)। 06519 साप्ताहिक विशेष पांच अप्रेल से 26 अप्रेल तक प्रत्येक शनिवार को 21.15 बजे एस एम वी बेंगलुरु से रवाना होगी और अगले दिन 07.40 बजे कलबुरगि पहुंचेगी। (4 सेवाएं)

### अनारक्षित विशेष
### 6) भिवंडी रोड-संकराइल/संतरागाछी-भिवंडी रोड साप्ताहिक अनारक्षित विशेष (6 सेवा)

01149 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष नौ अप्रेल से 23 अप्रेल तक प्रत्येक बुधवार को 22.30 बजे भिवंडी रोड से रवाना होगी और तीसरे दिन 13.00 बजे संकरेल गुड्स टर्मिनल पहुंचेगी। (3 सेवाएं)। 01150 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 12 अप्रेल से 26 अप्रेल तक प्रत्येक शनिवार को 21.00 बजे संतरागाछी से रवाना होगी और तीसरे दिन 11.30 बजे भिवंडी रोड पहुंचेगी। (3 सेवाएं)।

पू.सी. रेलवे : वित्तीय वर्ष २०२४-२५

## 13091 माल रेक किए अनलोड

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने हाल के वित्तीय वर्षों में माल अनलोडिंग में निरंतर वृद्धि का प्रदर्शन किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, पू. सी. रेलवे ने सफलतापूर्वक 13,091 माल रेक अनलोड किया, जिसमें केवल मार्च 2025 के दौरान 1288 रेक अनलोड किया गया था। मार्च, 2025 के दौरान असम में मालगाड़ियों के कुल 688 रेक अनलोड किए गए, जिनमें से 313 आवश्यक सामग्रियों से भरे थे। उक्त महीने के दौरान त्रिपुरा में 131 रेक, नागालैंड में 24 रेक, अरुणाचल प्रदेश में 08 रेक, मणिपुर और मिजोरम में 06- 06 रेक अनलोड किए गए। इसके अलावा, उक्त महीने में ही पू. सी. रेलवे के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पश्चिम बंगाल में 234 माल रेक और बिहार में 191 माल रेक अनलोड किए गए। आवश्यक और अन्य वस्तुओं को नियमित रूप से न केवल आम लोगों की आवश्यक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, बल्कि इस क्षेत्र की स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने और वृद्धि के लिए भी परिवहन किया जा रहा है। उन्नत टर्मिनल हैंडलिंग सुविधाओं और अधिक गुड्स शेडों की शुरूआत ने ग्राहकों और अन्य स्टेकधारकों के लिए एक सीमित समय सीमा के भीतर आवक रेक को अनलोड और क्लीयर करने के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का काम किया है। सभी स्तरों पर निरंतर निगरानी के परिणामस्वरूप टर्नअराउंड समय में कमी आयी और इसके अनलोडिंग दक्षता में वृद्धि हुई है।

नासिक मनपा आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री की पहल

## कामकाज की ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण संपन्न

▸▸ डीआईटी के चेतन सोंजे ने दिया प्रशिक्षण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नासिक।** नासिक मनपा में ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए मनपा आयुक्त तथा प्रशासक मनीषा खत्री ने पहल की है। आज मनपा की स्थायी समिति सभागृह में कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पारंपरिक कागजी प्रक्रिया का उपयोग कम करते हुए कंप्यूटर प्रणाली द्वारा फाइलों के तेज, गतिशील और पारदर्शी प्रवाह को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

प्रशिक्षण सत्र में डायरेक्टरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के चेतन सोंजे ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली का महत्व, इसके लाभ और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी देते हुए कर्मचारियों को नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। चेतन सोंजे ने बताया कि, "ई-ऑफिस प्रणाली से केवल कागजी प्रक्रिया का अंत नहीं होगा, बल्कि प्रशासन में एक नई गति और कार्यक्षमता भी आएगी।"

प्रशिक्षण सत्र में उप आयुक्त लक्ष्मीकांत सातालकर, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उप अभियंता नितीन धामणे सहित मनपा के अन्य विभाग प्रमुखों ने भी उपस्थित होकर सहभाग लिया। सभी उपस्थितों ने प्रशिक्षण की सराहना की और भविष्य के ई-प्रशासन की दृष्टि से इस कदम को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मनपा के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ऐसी जानकारी उप आयुक्त सातालकर ने दी। यह पहल नासिक मनपा में पारदर्शी और तेज कार्यप्रणाली की दिशा में एक सकारात्मक कदम है और नई ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्यप्रवाह अधिक सरल, पारदर्शी और तेज़ होगा। इससे मनपा की प्रशासनिक कार्यक्षमता में निश्चित रूप से सुधार होने की अपेक्षा उप आयुक्त लक्ष्मीकांत सातालकर ने व्यक्त की।

पालघर ग्रामीण में मार्च में हुए हादसे

## दोपहिया वाहन से 15 की मौत

**पालघर।** पालघर ग्रामीण में मार्च में दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में 15 लोगों की मौत हो गई। दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में मरने वालों की सबसे अधिक संख्या युवा वर्ग की है तथा दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या माता-पिता और पुलिस बल के लिए चिंता का विषय है। सड़कों की खराब हालत, तेज गति से वाहन चलाना और सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। पालघर जिले के पालघर, बोईसर, सफले, मनोर, तारापुर, दहानू, घोलवाड़, तलासरी, कासा, विक्रमगढ़, जव्हार, मोखाडा और वाडा पुलिस थाना क्षेत्र में मार्च में सड़क दुर्घटनाओं में 20 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 15 की मौत दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में हुई।

**दोपहिया वाहन आसानी से बिक्री को उपलब्ध**

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में विभिन्न कंपनियों के दोपहिया वाहन आसानी से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। चूंकि दोपहिया वाहन बहुत कम कीमत पर मासिक किस्तों पर खरीदे जा सकते हैं, इसलिए युवा बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन खरीदते नजर आ रहे हैं।

**हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन**

■ सड़क दुर्घटनाओं के बारे में नागरिकों में जागरूकता पैदा करने के लिए जन संवाद अभियान और पालघर जिला परिवहन शाखा द्वारा हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इसमें वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों, यातायात नियमों का पालन करने और दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट पहनने के बारे में जागरूकता पैदा की जाती है। हालांकि, यह देखा गया है कि वाहन चालकों द्वारा नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। तेज गति से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी और जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों की खराब स्थिति कई दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं का कारण हैं, जिनमें मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा मारे जाते हैं।

## लंबित निधि तुरंत जारी की जाएं : भरत गोगावले

▸▸ महाराष्ट्र : मनरेगा रोजगार गारंटी योजना

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** रोजगार गारंटी योजना मंत्री भरत गोगावले ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से महाराष्ट्र के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत लंबित निधि शीघ्र जारी करने की मांग की। कृषि भवन में हुई बैठक के दौरान मंत्री गोगावले ने राज्य में मनरेगा के तहत चल रही परियोजनाओं की जानकारी दी और लंबित निधि की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। इस बैठक में सांसद श्रीरंग बारणे, डॉ. श्रीकांत शिंदे और संदीपान भुमरे भी उपस्थित थे। गोगावले ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और "विकसित भारत" की अवधारणा को साकार करने के लिए लंबित निधि का शीघ्र वितरण आवश्यक है। केंद्र सरकार ने इस मांग को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है और केंद्रीय मंत्री चौहान ने आश्वासन दिया कि कुशल श्रमिकों के लिए 2,600 करोड़ और अकुशल श्रमिकों (मजदूरी) के लिए 1,200 करोड़ की निधि 12 अप्रेल तक महाराष्ट्र को उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके अलावा, राज्य को आवश्यक सहायता और सहयोग देने का भी आश्वासन केंद्रीय मंत्री चौहान ने दिया। मंत्री गोगावले ने विश्वास जताया



कि इस निधि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र को मनरेगा के तहत 10 करोड़ मानव-दिवसों का वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ है, जबकि इस वर्ष 13.50 करोड़ मानव-दिवसों की सहायता मिली है। उन्होंने अगले वर्ष के लिए अधिक बजटीय प्रावधान करने का भी अनुरोध किया। इसके अलावा, मंत्री गोगावले ने मनरेगा के तहत व्यक्तिगत लाभ की सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने की मांग भी रखी। इस पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कहा कि इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## कोपरखैरणे विभाग में अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस देने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस की अनदेखी किए जाने के कारण अवैध निर्माण के विरुद्ध नवी मुंबई मनपा विभाग द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने कोपरखैरणे विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत कोपरखैरणे विभाग में प्रकाश आर. यादव, एस.एस. टाइप, कक्ष क्रमांक 149, सेक्टर-7, कोपरखैरणे, नवी मुंबई द्वारा किए गए निर्माण कार्य पर महाराष्ट्र प्रादेशिक योजना व नगर रचना अधिनियम, 1966 की धारा 54 के अंतर्गत 20-02-2025 को नोटिस जारी की गई थी। उक्त निर्माण पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। कोपरखैरणे रेलवे स्टेशन के समीप सेक्टर-9, बालाजी सिनेमा के सामने फुटपाथ पर रह रहे बेघर लोगों का सामान जब्त कर डंपिंग स्थल पर जमा किया गया और कोपरखैरणे सेक्टर 1 की दो झोपड़पट्टियों को हटाया गया। इस अवैध निर्माण पर कोपरखैरणे विभाग द्वारा तोड़क कार्रवाई की योजना बनाई गई थी। इस सघन कार्रवाई के लिए कोपरखैरणे विभाग के सहायक आयुक्त वसंत मुंडावरे, कनिष्ठ अभियंता चंद्रकांत धोत्रे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी नवी मुंबई मनपा पुलिस के साथ बंदोबस्त उपस्थित थे। उक्त कार्रवाई के लिए 6 मजदूर, 02 इलेक्ट्रॉनिक हैमर, 01 पिकअप वैन और 01 गैस कटर का उपयोग किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई और अधिक तीव्र की जाएगी।



## पैसेंजर ट्रेनों के समय में परिवर्तन

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेनों की समय बद्धता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से महेसाणा-पाटन पैसेंजर, पाटन-महेसाणा पैसेंजर और पाटन-साबरमती डेमू ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान के समय में 10 अप्रेल 2025 से परिवर्तन किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**1.**ट्रेन संख्या 59483 महेसाणा-पाटन पैसेंजर मेहसाणा से 12:10 बजे के स्थान पर 12:30 बजे प्रस्थान करेगी तथा 12:42 बजे धीनोज, 12:49 बजे सेलावी, 12:56 बजे रणुज, 13:02 बजे संखई तथा 13:20 बजे पाटन पहुंचेगी। **2.**ट्रेन संख्या 59476 पाटन-महेसाणा पैसेंजर पाटन से 16:40 बजे के स्थान पर 16:25 बजे प्रस्थान करेगी तथा 16:31 बजे संखई, 16:37 बजे रणुज, 16:46 बजे सेलावी, 16:53 बजे धीनोज तथा 17:15 बजे महेसाणा पहुंचेगी।

## असंतुलित पर्यावरण जीवों के लिए खतरा : तिवारी

**भायंदर।** पर्यावरण का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, इसे बचाना हम सबकी नैतिक जिम्मेवारी है। आजकल वातावरण बहुत प्रदूषित हो गया है जिसके चलते भीषण गर्मी, दूषित हवा, प्रदूषण व बीमारियां फैल रही हैं। इसलिए वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए सभी को योगदान देना चाहिए। इस बात का भायंदर पूर्व में हुई राजस्थान प्रेस क्लब की बैठक में चिंतन किया गया। क्लब के अध्यक्ष कन्हैयालाल खंडेलवाल तथा पूर्व अध्यक्ष नीरज दवे के मार्गदर्शन में हुई बैठक के दौरान अथिति विशेष वरिष्ठ पत्रकार अमित तिवारी ने कहा कि हम पौधे रोपित करने की बजाय वृक्ष कटाव की तरफ बढ़ रहे हैं जो कि भविष्य के लिए घातक है, इसी के चलते पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। तापमान में तेजी से बदलाव का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं पृथ्वी पर रह रहे सभी जीवों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। यही वजह है कि कई जीव-जन्तू विलुप्त हो रहे हैं। साथ ही लोग भी सांस से जुड़े कई तरह के रोगों से एवं कई बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इस अवसर पर उदयमान पत्रकारों को लेकर प्रेस क्लब की सदस्यता बढ़ाने, सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष ज्योति मुनोट की सासू मां तथा प्रेस क्लब के चाटर्ड अकाउंटेंट हीराचंद बाफना के निधन पर शोक श्रंद्धाजलि भी दी है। बैठक में अध्यक्ष कन्हैयालाल खंडेलवाल, कार्यकारी अध्यक्ष कुमार महादेव व्यास, सचिव व्यास कुमार, दिनेश्वर माली, हरीश राजावत, राहुल पारिख, उपस्थित रहे।



**राजस्थान प्रेस क्लब की बैठक में पर्यावरण को लेकर चिंतन**

## बाबासाहेब के विचार मानव कल्याण के : डा. वानखेडे

**नवी मुंबई।** बाबासाहेब का विचार मानव कल्याण का विचार है और समर्थ राष्ट्र निर्माण के लिए सामाजिक न्याय की नीति अपनाते हुए उन्होंने सभी के समान अधिकारों के लिए पहल की। संविधान के माध्यम से सबको समान न्याय देते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने विशेष रूप से महिलाओं को समानता का अधिकार देने की शुरुआत विश्व में सबसे पहले भारत से की यह उनका कार्य क्रांतिकारी है और जाति उन्मूलन का संघर्ष स्वराज का संघर्ष है, यह उनकी दूरदर्शिता का प्रतीक है, ऐसा मत प्रसिद्ध वक्ता डॉ. हरीश वानखेडे ने व्यक्त किया। नवी मुंबई मनपा की ओर से ऐरोली स्थित भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में पखवाड़े भर चलने वाली 'जागर 2025' व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'सामाजिक न्याय और समानता' विषय पर उद्घाटन व्याख्यान प्रसिद्ध लेखक और वक्ता डॉ. हरीश वानखेडे द्वारा प्रस्तुत किया गया।




बाबासाहेब ने समाज कल्याण के लिए ज्ञान का महान स्तंभ खड़ा किया। ब्रिटिश गुलामी से बाहर आए देश को समर्थ बनाने हेतु बहुआयामी लेखन किया। विकास के सभी क्षेत्रों में मौलिक विचार प्रस्तुत किए।

लोककल्याणकारी राष्ट्र की संकल्पना प्रस्तुत करते हुए आर्थिक दृष्टि से सशक्तता के लिए प्रभावी दिशा दी। बौद्ध धर्म स्वीकार करते समय समानता का विचार ही उनका प्रमुख लक्ष्य था। इसी क्रम में बाबासाहेब के विचारों के 4 सूत्र उन्होंने बताए। इनमें प्रत्येक व्यक्ति को संविधान प्रेरित मौलिक समान अधिकार, पारंपरिक व्यवस्था में परिवर्तन लाकर सामाजिक न्याय की नीतियाँ लागू करना, राज्य की कार्यान्वयन क्षमता बढ़ाना और इसके लिए प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना, तथा सामाजिक क्रांति की आवश्यकता पर चार प्रमुख सूत्रों पर डॉ. हरीश वानखेडे ने विस्तार से चर्चा की।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 25/15** **दिनांक : 04.04.2025**

**ई-प्रापण निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ०म०रे०, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है।

| निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 64255080 | डिस्क कैरियर | 763 नग | 05.05.2025 |
| 64255086 | हाइड्रॉलिक मोटर | 20 नग | 05.05.2025 |
| 38252000 | प्रेशर ट्रांसफॉर्मर डीयू 111 ए | 550 नग | 29.04.2025 |
| 38251783 | हाई टेन्साईल ट्रांजिशन सीबी कपलर | 64 नग | 29.04.2025 |

**नोट** : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे काई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **613/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं.0220252026** **दिनांक : 03.04.2025**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **30.04.2025** को **13:30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

**निविदा नं.:** 13, **कार्यों का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/द्वितीय/प्रयागराज के क्षेत्र में विभिन्न यार्डों में टर्न-आउट स्लीपर नवीनीकरण का कार्य।

**अनुमानित मूल्य (रू.):** 1,20,29,975.38 | **बयाने की रकम (रू.):** 2,10,200.00

**कार्य समापन की अवधि:** 12 (बारह) माह, **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार:** कोई भी पी-वे का कार्य।

**निविदा खुलने की तिथि:** **30.04.2025**, **नोट:** 1. ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे । 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय **13:30 बजे** तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि **30.04.2025** तक उपलब्ध है । 3. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T.Act.2000** के अन्तर्गत **C.C.A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा । 5. निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 6. माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर / ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी. एस. टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगें। 7. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये । 8. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। 9. बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी । 10. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11. ऑनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि **30.04.2025** को समय **13:30 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। 12. निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-। के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **614/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेण्डर नं.: पी आर वाई जे-सिग-202-2025-26** **दिनांक: 03.04.2025**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एंव दूरसंचार /इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेण्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

**अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 5544786.90/- | **बिड सिक्योरिटी (₹):** ₹ 110900/-

**कार्य का विवरण:** सीनियर डी एस टी ई/ कानपुर के खण्ड में सेक्सनल टेलीकाम मेन्टीनेन्स अनुबंध।

**कार्य समापन की अवधि:** 12 माह | **निविदा खुलने की तिथि:** 29.04.2025

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **610/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डर नं0 पी आर वाई जे-सिग- 201-2025-26**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एंव दूरसंचार/इंजीनियर/समन्वय/प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा**, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है । **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।**

**कार्य का विवरण :** प्रयागराज मण्डल के सीनियर डी. एस. टी. ई. कानपुर के खण्ड में 8 स्टेशनों पर के प्वाइट को मोटर आपरेटेड प्वाइट में परिवर्तित करने का कार्य।

**अनुमानित मूल्य (₹) :** 37081865.12/- | **विड सिक्योरिटी (₹) :** 335400/-

**कार्य समापन की अवधि :** 12 माह | **निविदा खुलने की तिथि :** 29.04.2025


**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी । **609/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


## नेरुल विभाग में अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस देने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नोटिस की अनदेखी किए जाने के कारण अवैध निर्माण के विरुद्ध नवी मुंबई मनपा विभाग द्वारा मा. आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे और उप आयुक्त (अतिक्रमण) भागवत डोईफोडे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने नेरुल विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की। नवी मुंबई मनपा के कार्यक्षेत्र अंतर्गत नेरुल विभाग में स्थित मे. विक्रम बार एंड रेस्टॉरेंट (विक्रमजी म्हात्रे), भूखंड क्र. 325, सेक्टर-6, नेरुल, नवी मुंबई, की मौके पर जांच करने पर यह पाया गया कि बिना अनुमति के भूखंड क्र. 325 पर भूतल पर 10.00 मी. X 8.00 मी. तथा 12.00 मी. X 2.3 मी. के माप का पत्राशेड निर्माण किया गया है। साथ ही टेरेस पर 12.00 मी. X 7.50 मी. के माप का पत्राशेड बनाया गया है और टेरेस पर शौचालय का निर्माण कर उसका उपयोग भी किया जा रहा है। उक्त अवैध निर्माणकर्ता को महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन व नगर रचना अधिनियम, 1966 की धारा 53 (1अ) के अंतर्गत दिनांक 24/04/2018 को नेरुल विभाग कार्यालय की ओर से नोटिस जारी की गई थी। तथापि, नोटिस की अवधि समाप्त होने के बावजूद अवैध निर्माण को स्वेच्छा से नहीं हटाया गया। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी जयंत जावडेकर, कनिष्ठ अभियंता संजय सोनटक्के तथा अतिक्रमण विभाग के कर्मचारी, 7 मजदूर और 1 गैस कटर की सहायता से अतिक्रमण विभाग की पुलिस टीम व सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में की गई। भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई और अधिक तीव्र की जाएगी।



## मध्य रेलवे का मेगा ब्लॉक आज

मुंबई। मध्य रेल, मुंबई मंडल छह अप्रेल (रविवार) को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नानुसार मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा। माटुंगा-मुलुंड अप और डाउन स्लो लाइन सुबह 11.05 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक ब्लॉक रहेगा। सीएसएमटी मुंबई से सुबह 10.14 बजे से दोपहर 3.52 बजे तक छूटने वाली डाउन स्लो लाइन की सेवाएं माटुंगा और मुलुंड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो सायन, कुर्ला, घाटकोपर, विक्रोली, भांडुप और मुलुंड स्टेशनों पर रुकेंगी और फिर मुलुंड स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 11.07 बजे से दोपहर 3.51 बजे तक ठाणे से रवाना होने वाली अप स्लो लाइन की सेवाएं मुलुंड में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच मुलुंड, भांडुप, विक्रोली, घाटकोपर, कुर्ला और सायन पर रुकेंगी और फिर माटुंगा स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। सुबह 11.00 बजे से शाम 05.00 बजे के बीच सीएसएमटी से रवाना होने वाली/पहुंचने वाली सभी अप और डाउन लोकल सेवाएं निर्धारित समय से 15 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेंगी। ठाणे और वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच अप और डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सुबह 11.10 बजे से शाम 4.10 बजे तक ब्लॉक रहेगा।



# विकसित भारत की ओर विश्वस्तरीय संरचनाएँ

नया पांबन पुल – रामेश्वरम में भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट समुद्री पुल



## नए पांबन पुल

- 2.08 मीटर लम्बे पुल से हर साल रामनाथस्वामी मंदिर आने वाले 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को होगा लाभ
- उन्नत सामग्री और अत्याधुनिक जंग-रोधी तकनीक का उपयोग
- 72.5 मीटर का लिफ्ट स्पैन 17 मीटर की ऊँचाई प्रदान कर बड़े जहाजों की आवाजाही सुनिश्चित करता है, जिससे समुद्री संपर्क बेहतर होता है
- स्थानीय पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा

## विलुप्पुरम–पुडुचेरी खंड (NH-332) का चार लेन चौड़ीकरण
## पूंडीयानकुप्पम–सत्तानाथपुरम खंड (NH-32) का चार लेन चौड़ीकरण
## चोलापुरम–तंजावुर खंड (NH-36) का चार लेन चौड़ीकरण

- चौड़ी सड़कें बेहतर यातायात, कम यात्रा समय और ईंधन की बचत सुनिश्चित करेंगी
- मुख्य बंदरगाहों और तटीय जिलों के बीच संपर्क और मजबूत होगा

**का राष्ट्र को समर्पण**

## रामेश्वरम – तांबरम (चेन्नै) नई ट्रेन

- तमिलनाडु के डेल्टा क्षेत्र में बेहतर सड़क और रेल संपर्क से स्थानीय विकास को गति
- धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक सुगम पहुँच

**का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ**

## वालाजापेट/रानीपेट–तमिलनाडु/आंध्र प्रदेश सीमा खंड के एनएच-40 का चार लेन चौड़ीकरण

- आध्यात्मिक स्थलों और महानगरों के बीच रेल संपर्क होगा और भी तेज
- श्रद्धालुओं, पर्यटकों और दैनिक यात्रियों को सीधे सफर का लाभ

**का शिलान्यास**

₹ 8500 करोड़ की परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण एवं शिलान्यास

# नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**आर. एन. रवि**
राज्यपाल, तमिलनाडु

**एम. के. स्टालिन**
मुख्यमंत्री, तमिलनाडु

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. एल. मुरुगन**
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री

**तंगम तेन्नरसु**
वित्त एवं पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्री
तमिलनाडु सरकार

**आर. एस. राजकण्णप्पन**
दुग्ध व डेयरी विकास मंत्री
तमिलनाडु सरकार

रविवार, 6 अप्रैल, 2025 | रामेश्वरम, तमिलनाडु | 12:45 बजे

हमें फॉलो करें /RailMinIndia

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ पर देखें

गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में छाई खुशियां

# जैसलमेर : गोडावण पक्षी का परिवार बढ़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के सम गांव के पास स्थित सुदासरी के गोडावण ब्रीडिंग सेंटर से एक बार फिर चार खुशखबरी एक साथ आई है। ब्रीडिंग सेंटर में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावण के चार बच्चों ने जन्म लिया है। इससे पहले नौ मार्च को भी इसी सेंटर में एक चूजे का जन्म हुआ था। अब सुदासरी और रामदेवरा दोनों जगह मिलाकर गोडावण की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। नए चूजों को चार मादा गोडावण ने जन्म दिया है। राष्ट्रीय संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत मिली इस सफलता से वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। डीएनपी (डेजर्ट नेशनल पार्क) के डीएफओ बृजमोहन गुप्ता ने बताया- जैसलमेर के सुदासरी से आई इस खुशखबरी से हम सभी काफी उत्साहित है और सरकार द्वारा किए जा रहे गोडावण संरक्षा के प्रयास सफलता की ओर बढ़ते जा रहे हैं। एक ही हफ्ते में चार बच्चों का जन्म लेना एक सुखद संकेत है।



▶▶ सेंटर में कुनबा बढ़कर 50 हुआ



## एक हफ्ते में चार गोडावण का जन्म

इस सफलता के पीछे चार मादा गोडावण अमन, टोनी, रीवा और शार्की है। सभी ने फरवरी-मार्च को अंडे दिए थे। कृत्रिम रूप से सेने के बाद 28 मार्च को टोनी के अंडे से एक नन्हे चूजे ने जन्म लिया, वहीं तीन अन्य मादा गोडावण के अंडों से दो अप्रैल को तीन अन्य नन्हे मेहमान गोडावण ने जन्म लिया। सभी को विशेष देखभाल में रखा गया है। पहले इसी महीने नौ मार्च को मादा गोडावण 'रीवा' ने एक चूजे को जन्म दिया था। वर्तमान में देशभर के जंगलों में मात्र 150 से भी कम गोडावण बचे हैं।

### ▶▶ राजस्थान का राज्य पक्षी गोडावण

गोडावण एक बड़ा पक्षी है, जिसकी लंबाई एक मीटर और वजन 15 किलो तक होता है। यह राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के शुष्क घास के मैदानों में पाया जाता है। गोडावण राजस्थान का राज्य पक्षी भी है। जैसलमेर के थार मरुस्थल में इनकी सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है। लेकिन हाई-टेंशन बिजली लाइनों और अन्य मानवीय गतिविधियों के कारण इनकी आबादी तेजी से घट रही है।

### ▶▶ जैसलमेर में 178 गोडावण

डीएफओ गुप्ता ने बताया कि जैसलमेर में गोडावण की संख्या 178 है। जिसमें से 128 गोडावण तो फील्ड में घूम रहे हैं। वहीं 50 गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में हैं। जिनमें सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में 22 व रामदेवरा में 28 गोडावण है। जैसलमेर का डेजर्ट नेशनल पार्क गोडावण का सबसे संरक्षित इलाका माना जाता है। यहां पर 70 के करीब क्लोजर है, जिसके कारण यहां पर गोडावण के प्रजनन की अनुकूल स्थितियां बनी हुई हैं।

# प्रदेश में बाड़मेर सबसे गर्म

▶▶ तापमान पहुंचा 42 .7 डिग्री

**बाड़मेर।** बाड़मेर सहित पश्चिमी राजस्थान में अब सूरज की तपन लोगों को परेशान कर रही है। तापमान में तेजी हो रही बढ़ोतरी के कारण अब इसी वीक तक पारा 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। शुक्रवार को बाड़मेर प्रदेश में सबसे गर्म रहा है। दरअसल, अप्रैल की शुरुआत के साथ ही तापमान तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में आने वाले मई-जून की गर्मी का डर अभी से सताने लगा है। इन दिनों किसान रबी की फसल की कटाई कर चुके है और मंडियों तक ले जाकर बेचने में लगे हुए है। गर्मी के तीखे तेवर किसानों को परेशान कर रहे है। शनिवार को न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़कर 25 डिग्री पहुंच गया। सुबह सूरज की किरण निकलने के साथ गर्मी के साथ लू चल रही है। तेज धूप में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोग घरों से बाहर निकलते वक्त मुंह व शरीर को ढक कर बाहर निकल रहे है। वहीं सूरज की किरणों से बचने के लिए छाता लेकर निकल रहे है। वहीं लोग पेय पदार्थ पीते नजर आए। वहीं नींबू और ज्यूस की दुकानों पर लोगों की आवाजाही ज्यादा है। मौसम विभाग ने बाड़मेर सहित पश्चिमी राजस्थान के जिलों में छह अप्रैल से हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया है। जो नौ अप्रैल तक चलने की संभावना जताई है।



# रामनवमी पर शोभायात्रा आज

▶▶ यातायात व्यवस्था में बदलाव
▶▶ घंटाघर की तरफ किसी भी वाहन का आवागमन नहीं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** शोभायात्रा को देखते हुए इसके रूट से जुड़े मार्गों की यातायात व्यवस्था प्रभावित रहेगी। रामनवमी के पर्व की शोभायात्रा में धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक झांकियां एवं सुसज्जित अखाड़े आदि सम्मिलित होगें। इस शोभायात्रा के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी। शोभायात्रा के दौरान घंटाघर की तरफ किसी भी तरह के वाहनों को आवागमन की अनुमति नहीं होगी। इस तरफ केवल पैदल व्यक्ति ही आ-जा सकेंगे। रूट संख्या छह व 10 की सिटी बसों का आवागमन भी घंटाघर की ओर बंद रहेगा। शोभायात्रा के दौरान सिरे बाजार घंटाघर से आडा बाजार होते हुए जालोरी गेट तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।



## इन सड़कों पर रहेगा ट्रेफिक डायवर्जन

एडीसीपी चौधरी के अनुसार शोभायात्रा का अगला सिरा बालवाड़ी पहुंचने पर शनिश्चरजी का थान, पांचवी रोड की तरफ से आने वाले सभी तरह के वाहनों को पांचवी रोड, 12वीं रोड व रेजीडेसी की तरफ डाइवर्ट किया जाएगा। इसी तरह, नई सड़क चौराहा से जालोरी गेट की तरफ जाने वाला यातायात पुरी तिराहा, रेल्वे स्टेशन, ओलम्पिक तिराहा, तारघर मोड़, मेहता भवन, जलजोग होते हुए 12वीं रोड की तरफ संचालित होगा।

## शोभायात्रा वाले वाहनों को अनुमति

शनिश्चरजी का थान से जालोरी गेट, एमजीएच से जालोरी गेट, ओलम्पिक तिराहा से जालोरी गेट व जालोरी गेट से गोल बिल्डिंग तक शाोभायात्रा के सत्संग भवन पहुंचने तक शोभायात्रा में सम्मिलित होने वाले वाहन ही आ-जा सकेगें। हालांकि, इस दौरान गंभीर मरीजों के अस्पताल आवागमन पर पाबंदी नहीं रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें।

▶▶ वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर रेप

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवक ने सोशल मीडिया के जरिए युवती से दोस्ती की थी। युवती के जोधपुर आने पर धोखे से उसे एक होटल में ले जाकर रेप किया। आरोपी ने उसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद ब्लैकमेल कर शोषण करता रहा। देवनगर थाना अधिकारी सोमकरण ने बताया- मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया- वह इलाज के लिए जोधपुर आई थी। तब युवक ने नजदीकियां बढ़ाई। 12वीं रोड चौराहे के पास स्थित नक्षत होटल में लेकर गया। उसके अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। 22 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक उसके साथ कई बार रेप किया।



# समदड़ी पुलिस ने मादक पदार्थ पकड़ा

**बालोतरा।** बालोतरा जिले में समदड़ी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक स्कूटी सवार से 341 ग्राम गांजा और 50 ग्राम अफीम दूध बरामद किया है। समदड़ी थाना अधिकारी ओमप्रकाश के अनुसार, नाकाबंदी के दौरान एक युवक स्कूटी पर आता दिखा। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। आरोपी की पहचान आदर्श कॉलोनी समदड़ी निवासी गोपाराम पुत्र मोहनलाल घांची के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# जोधपुर : पेट्रोल टैंकर की ट्रक से टक्कर, ड्राइवर की मौत

**जोधपुर।** जोधपुर में पेट्रोल टैंकर और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। शव केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को निकालने की कोशिश कर रहे है। सड़क पर पेट्रोल बह गया। हादसा शनिवार दोपहर करीब तीन बजे धवा के पास हुआ। हादसे की सूचना पर झंवर थाना अधिकारी बंशीलाल के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल ट्रक चालक की बॉडी को निकालने का प्रयास किया जा रहे हैं। हादसे के बाद हाईवे से निकलने वाले वाहन चालक भी डर गए। सावधानी के तौर पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर है। जानकारी अनुसार- टैंकर ड्राइवर जोधपुर से पेट्रोल लेकर बाड़मेर जा रहा था। धवा बस स्टैंड के पास अचानक टायर फटने से ट्रक से टक्कर हो गई। वहीं ट्रक पलटी खा गया।



# भारतीय डाक लिखी गाड़ी जब्त

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की पचपदरा पुलिस ने ऑपरेशन अनामिका के तहत कार्रवाई करते हुए फर्जी नंबर प्लेट व भारतीय डाक लिखा एक गाड़ी को जब्त किया है। साथ ही उसके ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को संदेह है कि यह वाहन अवैध कारोबार में उपयोग में लिया जाता है। इसको लेकर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर ही है। वहीं शेष आरोपियों की तलाश की जा रही है। पचपदरा थानाधिकारी अमराराम के अनुसार ऑपरेशन अनामिका के तहत 22 मार्च को बिना नंबरी व काले शीशे लगी वाहनों की चैकिंग के दौरान एक गाड़ी बोलेरो पिकअप जिसके आगे रजिस्ट्रेशन नंबर आरजे 14 जीएच 1008 लिखे हुए को रुकवाया गया। गाडी के पीछे की बॉडी पर केबिन बना हुआ था। जिस पर भारतीय डाक लिखा हुआ था। वाहन के संबंध में ड्राइवर दिनेश कुमार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने पर गाडी को एमवीएक्ट के तहत जब्त कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि गाडी पर लगे रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी व चैसिस नंबर के अंतिम अक्षर घिसे हुए पाए गए। आरोपी दिनेश कुमार वाहन पिकअप पर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर लगाने व चैसिस नंबर घिसकर मिटाए गए।

# जैसलमेर में भाजपा का स्थापना दिवस आज : हिंगड़ा

▶▶ पार्टी सप्ताह भर करेगी कार्यक्रम



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** केंद्र और प्रदेश में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी छह अप्रैल को देश-प्रदेश की भांति सीमावर्ती जैसलमेर जिले में अपना 46वां स्थापना दिवस मनाएगी। इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा ने बताया- कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र की कच्ची बस्तियों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया जाना शामिल है। छह अप्रैल को जैसलमेर में आयोजित होने वाले रामनवमी के जुलूस में पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भागीदारी करेंगे।

## मीसा बंदियों का करेंगे सम्मान

स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान, हर घर प्रचार प्रसार के साथ पार्टी का झंडा लगाना, मीसा बंदियों का सम्मान के साथ सभी कार्यकर्ता रामनवमी शोभा यात्रा में भी शामिल होंगे। जिला मुख्यालय पर पार्टी कार्यालय में झंडारोहण भी होगा। इस अवसर पर कार्यालय में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत हिंगड़ा ने पदाधिकारियों व मंडलों की बैठक लेकर स्थापना दिवस की रूपरेखा पर चर्चा की व मंडल अनुसार जिम्मेदारियां सौंपी। इस दौरान जिलाध्यक्ष के साथ जिला महामंत्री सुशील व्यास व जिला मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा मौजूद रहे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हिम्मता राम चौधरी, शंभुदान भेलानी, स्वरूप सिंह, सभी मंडल पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

▶▶ पिता ने कराया खोपड़ी का डीएनए
▶▶ डेढ़ साल पहले हुई थी युवक की हत्या

# जोधपुर : प्रेमी-प्रेमिका सरकारी टीचर, गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** युवक की हत्या और जमीन में दफन करने के आरोप में पुलिस ने सरकारी टीचर प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। देचू (फलोदी) पुलिस के अनुसार युवक की हत्या करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। डीएनए टेस्ट के आधार पर उसकी पहचान हुई थी। उसके बाद युवक के पिता ने आरोपियों के खिलाफ मर्डर का मुकदमा दर्ज कराया था। करीब एक महीने की जांच के बाद पुलिस ने तीन अप्रैल को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बालेसर कोर्ट ने दोनों को चार अप्रैल को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। हालांकि, पुलिस ने आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। एग्जाम देने की बात कहकर घर से निकला था देचू थानाधिकारी शिवराज सिंह के अनुसार- चूरू की इंद्रा कॉलोनी वार्ड नं. 47 निवासी जुगराज ढेंडरवाल पुत्र पूर्णमल वाल्मिकी की रिपोर्ट पर 29 फरवरी 2024 को हत्या व सबूत नष्ट करने का मामला दर्ज किया गया था। परिवादी ने बताया कि उसका बेटा नीतेंद्रराज उर्फ प्रदीप पांच नवंबर 2023 को चूरू से परीक्षा देने जोधपुर जाने का कहकर घर से निकला था। अगले दिन (छह नवंबर 2023) शाम करीब छह बजे पिता-पुत्र की आखिरी बार बात हुई। उसने कहा था कि वह रात को 3:30 बजे वाली ट्रेन से चूरू लौट आएगा। जब बेटा घर नहीं पहुंचा तो पिता ने उसके मोबाइल पर कॉल किया। फोन देचू थाने में था। बताया गया कि फोन बस में कंडक्टर को मिला था। उसने थाने में जमा करा दिया। पिता को 16 नवंबर 2023 को बेटे का फोन मिला। आरोपी महिला टीचर के बारे में जानकारी



# व्यापार जगत

# सिर्फ पहनने या निवेश के लिए ही नहीं, खाने-पीने तक काम आता है सोना

**नई दिल्ली।** सोना कितना सोना है... बॉलीवुड फिल्म हीरो नंबर वन का यह गाना आज भी सोने पर खरा उतरता है। फिल्म के नाम की तरह महंगी धातुओं में सोना अभी भी लोगों की पसंद में नंबर वन है। बात चाहें भारत की हो या सोने की खान वाले दक्षिण अफ्रीका की या फिर दुबई की, सोने का मोह ऐसा है कि किसी से छूटता ही नहीं है। आपको बता दें कि सोने का इस्तेमाल सिर्फ ज्वेलरी बनाकर उन गहनों को पहनना ही नहीं, बल्कि खाने और पीने में भी होता है। भारत में अगर सोने के इस्तेमाल की बात करें तो ज्वेलरी के रूप में इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है। वहीं काफी लोग सोने के बिस्किट आदि निवेश के तौर पर भी रखते हैं। बात अगर सोने के गहनों की सबसे ज्यादा खपत वाले देशों में करें तो इसमें भारत पहले स्थान पर है। साल 2024 में भारत ने चीन से ज्यादा सोने की खपत की। भारत सोने की खपत करने के मामले में सिर्फ ज्वेलरी तक ही सीमित नहीं है। सोने में निवेश करने वाले भी कम नहीं हैं। इसका कारण है इसकी कीमत में आ रही तेजी। पिछले कुछ समय से सोने की कीमत में काफी उछाल आया है।

## क्यों बढ़ रही सोने की कीमत ?



■ सोने की कीमत इन दिनों आसमान छू रही है। तीन महीने के रिटर्न के हिसाब से इसका औसतन मासिक रिटर्न छह फीसदी से ज्यादा रहा है। ऐसे कई कारण रहे हैं जिनके चलते सोने की कीमत में तेजी आई है। दुनियाभर के केंद्रीय रिजर्व बैंक धड़ाधड़ सोना खरीद रहे हैं। इससे भी सोने की कीमत में तेजी आई है। भारत ने पिछले पांच वर्षों में 244 टन सोना खरीदा है।

## स्वर्ण की भस्म से कई बीमारियों का इलाज

सोना न सिर्फ तन की सुंदरता बढ़ाता है बल्कि इसका इस्तेमाल खाने-पीने में भी होता है। सोने की भस्म (स्वर्ण भस्म) से कई गंभीर बीमारियों का इलाज होता है। आयुर्वेद में भी इसका जिक्र किया गया है। साथ ही स्वर्ण भस्म का इस्तेमाल इम्यूनिटी बढ़ाने में भी होता है। हालांकि इसका सेवन किसी आयुर्वेदाचार्य की सलाह से ही करना चाहिए। बात अगर पीने की करें तो सोने के पानी का इस्तेमाल सेहत के हिसाब से काफी लाभदायक माना गया है। आयुर्वेद के मुताबिक अगर किसी सोने के बर्तन में भारी भरकर रात को रख दें और सुबह उस पानी को पीएं तो उसमें सोने के गुण आ जाते हैं। पानी में सोने का सिक्का, बिस्किट या तार आदि डाल लें भी उस पानी में सोने के गुण आ जाते हैं। दुनियाभर की कई कंपनियां सोना मिला पानी बेच रही हैं। सिर्फ पानी ही नहीं, दूसरी चीजों में सोने का इस्तेमाल पीने के लिए हो रहा है। कुछ समय पहले एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसमें एक शख्स होटल में 24 कैरेट गोल्ड से बनी कॉफी पी रहा है।

# अमेरिका ने इस गरीब देश को भी नहीं छोड़ा लगा दिया 50% टैक्स

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ की दुनियाभर में आलोचना हो रही है। चीन ने तो जबावी कार्रवाई भी कर दी है। वहीं ट्रंप ने भारी-भरकम टैरिफ के मामले में गरीब देशों को भी नहीं छोड़ा है। उन्होंने अफ्रीका के सबसे गरीब देशों में शामिल लेसोथो पर 50% का भारी टैक्स लगा दिया है। इससे लेसोथो के लोगों को काफी परेशानी हो सकती है। इस कदम को लेकर एक कारोबारी ने ट्रंप की समझदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कारोबारी अरनॉड बर्ट्रैंड ने ट्रंप के इस फैसले को 'आर्थिक रूप से बेतुका' बताया है। उनका कहना है कि ट्रंप की रेसिप्रोकल टैक्स के पीछे कोई समझदारी नहीं है। अरनॉड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी-चौड़ी पोस्ट लिखकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। अरनॉड ने अपनी पोस्ट में लिखा है, 'लेसोथो की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) सिर्फ 2.4 अरब डॉलर है। ऐसे गरीब देश पर 50% टैक्स लगाना समझ से परे है।




## ▶▶ SACU के देशों पर कितना टैक्स ?

लेसोथो, दक्षिणी अफ्रीका का एक छोटा सा देश है। यह Southern African Customs Union (SACU) का हिस्सा है। इस यूनियन में साउथ अफ्रीका, नामीबिया, एस्वातिनी और बोत्सवाना भी शामिल हैं। इन सभी देशों पर एक जैसा टैक्स लगना चाहिए, लेकिन ट्रंप ने इन सभी देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाया है। लेसोथो पर 50%, साउथ अफ्रीका पर 30%, नामीबिया पर 21%, बोत्सवाना पर 37% और एस्वातिनी पर सिर्फ 10% टैक्स लगाया गया है। अरनॉड ने लेसोथो का उदाहरण देते हुए समझाया कि अमेरिका ने कैसे टैक्स लगाया। अमेरिका ने लेसोथो पर 50% टैक्स इसलिए लगाया क्योंकि लेसोथो भी अमेरिका पर लगभग इतना ही टैक्स लगाता है।

## आप का राशिफल 6 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-4-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

# डेलहीवरी 1,407 करोड़ में ईकॉम एक्सप्रेस को खरीदेगी

**मुंबई।** थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स कंपनी डेलहीवरी ईकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड को 1,407 करोड़ रुपए में खरीदेगी। कंपनी ने पांच अप्रैल को एक्सचेंज को जानकारी दी है कि बोर्ड ने ईकॉम एक्सप्रेस के लगभग 99.4% शेयर खरीदने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शनिवार को एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इस अधिग्रहण का उद्देश्य डेलहीवरी के पैमाने को बढ़ाना है, जिससे ग्राहकों के लिए इसका मूल्य प्रस्ताव मजबूत होगा। ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स कंपनी है। इसकी स्थापना 2012 में हुई थी। ईकॉम एक्सप्रेस लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्ट नहीं है। इस अधिग्रहण के जरिए डेलहीवरी अपनी बाजार स्थिति को और मजबूत करना चाहती है। ईकॉम एक्सप्रेस के पास अमेजन, मीशो, नाइका जैसे बड़े क्लाइंट्स हैं और यह पूरे भारत में एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स नेटवर्क चलाती है। इस अधिग्रहण से डेलहीवरी को ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में और विस्तार करने का मौका मिलेगा। बीएसई के अनुसार चार अप्रैल को बाजार बंद होने पर डेलहीवरी का मार्केट कैप 19.46 हजार करोड़ रुपए था। चार अप्रैल यानी शुक्रवार को कंपनी के शेयर में 0.97% की गिरावट रही थी और इसका शेयर 261 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं इस साल अब तक इसके शेयर प्राइस में 87.40 रुपए (25.09%) की गिरावट देखने को मिली है। डेलहीवरी का आईपीओ मई 2022 में आया था। यह आईपीओ 5,235 करोड़ रुपए का था। डेलहीवरी के शेयरों की लिस्टिंग 27 मई 2022 को एनएसई और बीएसई पर हुई थी।




## 2011 में डेलहीवरी की शुरुआत

डेलहीवरी की शुरुआत 2011 में हुई थी। कंपनी की स्थापना गुरुग्राम (तब गुड़गांव), हरियाणा में हुई थी, और यह शुरू में एक स्थानीय डिलीवरी सर्विस के रूप में काम करती थी। बाद में कंपनी पूरे देश में डिलीवरी सर्विस देने लगी।

# टैरिफ ऐलान से लगातार दूसरे दिन अमेरिकी बाजार 6% गिरा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के रेसिप्रोकल टैरिफ के ऐलान के बाद लगातार दूसरे दिन चार अप्रैल को अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट रही। डाउ जोन्स इंडेक्स करीब 2,231.07 पॉइंट या 5.50% गिरकर 38,314 के स्तर पर बंद हुआ। एक दिन पहले भी ये 3.98% गिरा था। यानी दो दिन में डाउ जोन्स 9% से ज्यादा गिरा है। वहीं, S&P 500 इंडेक्स में 322.44 पॉइंट या 5.97% की गिरावट रही। ये 5,074 के स्तर पर आ गया। नैस्डेक कंपोजिट 962.82 अंक या 5.82% गिरकर 15,587 के स्तर पर बंद हुआ। एपल, बोइंग, इंटेल और डाउ INC जैसी कंपनियों के शेयरों में 12% तक की गिरावट रही। इस गिरावट से अमेरिकी शेयर बाजार का मार्केट कैप दो ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा कम हो गया। S&P 500 इंडेक्स का मार्केट कैप तीन अप्रैल को 45.388 ट्रिलियन डॉलर था, जो चार अप्रैल को घटकर करीब 42.678 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया है। वहीं दो अप्रैल को मार्केट कैप 47.681 ट्रिलियन डॉलर था। यानी, दो दिन में मार्केट कैप करीब पांच ट्रिलियन डॉलर घट चुका है। चीन ने भी अमेरिका पर 34% टैरिफ लगाया : चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इसमें चीन पर 34% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब चीन ने उतना ही टैरिफ अमेरिका पर लगा दिया है। कंपनियों को मुनाफा कम होने का डर : अमेरिका ने सभी आयातित सामानों पर 10% न्यूनतम टैरिफ और कुछ देशों (जैसे चीन पर 34%, वियतनाम पर 46%) पर इससे भी ज्यादा शुल्क लगाने का ऐलान किया है। इससे वहां से आने वाले सामानों की कीमत बढ़ जाएगी।

**बाबासाहेब आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस**

# भव्य और गरिमामय हो आयोजन: सीएम

- अनुयायियों को हर सुविधा देने के निर्देश
- चैत्यभूमि पर हजारों अनुयायी आते हैं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत रत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर की 14 अप्रेल को होने वाली परिनिर्वाण दिवस (जयंती) के अवसर पर लाखों अनुयायी चैत्यभूमि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने आते हैं। उनके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी विभागों को सुनियोजित तैयारी करनी होगी। मुंबई महानगरपालिका, पुलिस प्रशासन और अन्य विभागों को समन्वय बनाकर इस जयंती समारोह को भव्य और गरिमामय रूप से आयोजित करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें डीसीएम एकनाथ शिंदे, डीसीएम अजीत पवार, विधायक संजय बनसोडे और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक उपस्थित थे।



■ बैठक में मुंबई महानगरपालिका की ओर से विस्तृत योजना प्रस्तुत की गई। साथ ही, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विशेष पोस्टर का विमोचन किया गया।



### बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी

इस बैठक में पुलिस महानिदेशक रश्मी शुक्ला, बीएमसी आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. इकबाल सिंह चहल, कोकण विभागीय आयुक्त डा. विजय सूर्यवंशी, मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसालकर, सामाजिक न्याय विभाग के प्रधान सचिव डा. हर्षदीप कांबले, भंते डा. राहुल बोधी महाथेरो,डा. बाबासाहेब आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिन समन्वय समिति के महासचिव नागसेन कांबले और दादर चैत्यभूमि स्मारक समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हर विभाग निभाए पूरी जिम्मेदारी

■ हर विभाग को अपनी जिम्मेदारी पूरी कुशलता से निभानी होगी। भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन को विशेष सावधानी बरतनी होगी। इसके अलावा, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आगंतुकों के लिए उचित सुविधाएं प्रदान की जाएं।

### बैठक में दिए गए कई महत्वपूर्ण निर्देश

- पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर और हेलिकॉप्टर से चैत्यभूमि पर पुष्पवर्षा।
- शिवाजी महाराज मैदान में विशाल आवासीय मंडप और आपातकालीन प्रबंधन।
- स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रदर्शनी मंडप, चैत्यभूमि स्तूप और परिसर की सजावट।
- "लोकराज्य" पत्रिका का विशेष संस्करण और सरकारी विज्ञापन प्रचार।

### हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

धूप से बचाव के लिए मंडप (शेड) लगाए जाएं और उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विशेष रूप से पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दादर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात पुलिस को उचित यातायात प्रबंधन करना चाहिए, और प्रमुख स्थानों पर दिशा-निर्देश संकेतक लगाए जाएं। बेस्ट प्रशासन को दादर स्टेशन से चैत्यभूमि तक पर्याप्त बस सेवा उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि नागरिकों को यात्रा करने में सुविधा हो।

**ठाणे राज्य आबकारी विभाग की कार्रवाई**

# 61.46 लाख की नकली शराब बरामद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे राज्य आबकारी के विभागीय उपायुक्त ने एक गिरोह के पांच आरोपियों को 61.46 लाख रुपए की नकली शराब और मशीन जब्त की। इस कार्रवाई से राज्य आबकारी ठाणे टीम को ठाणे जिले में नकली शराब बेचने वाले तस्करों पर नकेल कसने में सफलता मिली। इस बीच राकेश बलराम म्हात्रे इस अपराध से भागने में सफल रहा। उसकी तलाश की जा रही है।

राज्य आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को गोपनीय सूचना के आधार पर एक अप्रैल को होटल पीएम पैलेस, पेनकरपाड़ा मीरा रोड पूर्व, में बिक्री किए जाने की सूचना के आधार पर, ठाणे संभागीय राज्य आबकारी उपायुक्त प्रवीण तांबे के मार्गदर्शन में एक टीम ने ठाणे जिले के पेनकरपाड़ा मीरा रोड पूर्व में होटल पीएम पैलेस के बगल वाली गली में एक स्थान पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान रामकेश सीताराम गुप्ता को गिरफ्तार कर एक लाख 25 हजार 470 रुपए कीमत की नकली शराब जब्त की गई।



▶▶ पांच आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

आरोपी रामकेश सीताराम गुप्ता ने बताया कि शराब सप्लायर अब चेतन वाइन शॉप के सामने, जांगिड़ सर्कल, सृष्टि रोड, मीरा रोड पूर्व तालुका में है। टीम ने टेम्पो क्र. एमएच-12-एचडी-7761 के आने पर, 180 मिली रॉयल चैलेंज व्हिस्की का एक बॉक्स और 180 मिली डीएसपी ब्लैक बॉक्स को टेम्पो में बैठे आरोपी रामकेश सीताराम गुप्ता को दिया गया। टीम ने तुरंत डिलीवरी करने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। टीम ने नकली शराब बनाने और बेचने के मामले में आरोपी रामकेश सीताराम गुप्ता, राहुल ज्ञानेश्वर काते, गणेश प्रकाश बांद्रे, पप्पू देवनाथ गुप्ता और नितेश बलराम म्हात्रे को गिरफ्तार किया है. अपराध के मुख्य आरोपी राकेश बलराम म्हात्रे को भगोड़ा घोषित कर दिया गया है क्योंकि वह नहीं मिल सका। टीम उसकी तलाश कर रही है।

## मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए कुणाल कामरा

**मुंबई।** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस ने तीसरा नोटिस भेजा था। हालांकि कुणाल कामरा इस तीसरी नोटिस के बाद भी मुंबई पुलिस के सामने पेश नहीं हुए। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ उन्होंने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस सिलसिले में कुणाल कामरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसी मामले में शनिवार को मुंबई पुलिस के समक्ष कुणाल कामरा को पेश होना था, लेकिन कुणाल कामरा शनिवार को भी पुलिस के सामने नहीं पहुंचे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

## 24 घंटे में नाबालिग लड़की को पुलिस ने परिवार को सौंपा

**ठाणे।** ट्यूशन क्लास को जा रही एक नाबालिग लड़की को एक अज्ञात व्यक्ति ने बहला-फुसलाकर गुरुवार को अगवा कर लिया। काफी खोजबीन के बाद शुक्रवार को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे और उनकी पुलिस टीम ने महज 24 घंटे के भीतर अपहृत नाबालिग लड़की को सुरक्षित उसके परिवार को सौंप दिया गया। लड़कियों के परिवारों ने वपोनी शिंदे और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। शिकायतकर्ता ने चार अप्रेल को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय बेटी खुशी (बदला हुआ नाम) 9वीं कक्षा में पढ़ती है। चूंकि उसकी वार्षिक परीक्षाएं थीं, इसलिए वह उसी भवन में रहने वाले शिक्षक के पास निजी ट्यूशन के लिए जाती थी जहां वह रहती थी। हमेशा की तरह, वह गुरुवार, तीन अप्रेल को शाम सात बजे गई। मैं तो रात नौ बजे तक घर आ जाती थी, लेकिन मेरी बेटी (ख़ुशी) गुरुवार को रात 10 बजे के बाद घर नहीं आई। मुस्लिम परिवार ने शुक्रवार को मुंब्रा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे से मुलाकात कर उसकी तलाश करने का अनुरोध किया था।

■ पुलिस का परिवार ने जताया आभार

## नियमों की धज्जियां उड़ाते ऑटो चालक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** अंधेरी स्टेशन से रवाना हो रही एक ऑटो रिक्शा में चालक सहित कुल छह लोग सवार दिखे, जिनमें एक यात्री ऑटो से बाहर लटक रहा था। सिग्नल पर रुकने पर वह सड़क का सहारा लेता नजर आया, लेकिन रिक्शा के चलते ही वह हवा में ही लटकता रहा। यह दृश्य न सिर्फ नियमों की अनदेखी का प्रमाण हैं, बल्कि यात्री की जान के लिए बड़ा खतरा भी हैं। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के लिए यह एक चेतावनी हैं कि स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमों के पालन पर सख्ती बरती जाए, वरना हादसे कभी भी हो सकते हैं।



▶▶ एक ऑटो में चालक सहित छह सवारी

## भगवान राजेश्वर का मनाया जन्मोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री आजंणा चौधरी के आराध्य श्री श्री 1008 श्री राजेश्वर भगवान का 143वां जन्मोत्सव एवं रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के निमित्त शनिवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू हुआ और देर तक श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। भजन संध्या के पूर्व आरती का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन छह अप्रेल को हलाई लोहाना महाजनवाडी, भूलेश्वर मुंबई में भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह के इस अवसर पर भगवान राजेश्वर का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस जयंती समारोह पर भक्ति कार्यक्रमों के साथ समाजबंधु महाप्रसादी का लाभ लेंगे। कार्यक्रम में भक्ति संध्या के दौरान भारी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। वहीं जन्मजयंती में भी बड़ी संख्या में राजेश्वर भगवान के भक्त उपस्थित रहकर उनके जन्मोत्सव के साक्षी बनेंगे। शनिवार को कार्यक्रम कई श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम का आनंद लिया।

## ठाणे : फरार आरोपी नासिक से गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे जबरन वसूली निरोधक दस्ते ने नेटवर्क का उपयोग करते हुए ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत मानपाड़ा और तिलकनगर पुलिस थानों में दर्ज यातना और शस्त्र अधिनियम के मामलों में पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे आरोपी सुरेंद्र पांडुरंग पाटिल (52) को 4 अप्रेल की रात करीब आठ बजे नासिक के होटल सेलिब्रेशन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र पांडुरंग पाटिल (52) निवासी है। चौधरी बिल्डिंग, द्वितीय तल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास, बड़ा बंगला रोड, ठाकुरली, डोबीवली पूर्व सोशल मीडिया पर एक रील स्टार है। कमर पर पिस्तौल बांधे लोगों की कई रीलें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। उसके खिलाफ अवैध हथियारों का प्रयोग कर आतंक फैलाने और यातना देने के दो मामले क्रमशः मानपाड़ा और तिलकनगर पुलिस स्टेशनों में दर्ज किए गए थे। इसके बाद सुरेन्द्र पाटिल भगोड़ा हो गया। जब पुलिस उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही थी तो वह भूमिगत हो गया। जब एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वॉड ने अपने खुफिया नेटवर्क के जरिए जांच की तो पता चला कि भगोड़ा सुरेंद्र पाटिल नासिक जिले के होटल सेलिब्रेशन में छिपा हुआ है। प्राप्त सूचना के आधार पर, जबरन वसूली निरोधक दस्ते ने नासिक शहर के इंदिरानगर पुलिस स्टेशन की मदद से शुक्रवार रात को छापा मारकर होटल सेलिब्रेशन से सुरेंद्र पाटिल को गिरफ्तार कर लिया।

## अब आसानी से जाएं मंत्रालय

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मंत्रालय सुरक्षा परियोजना लागू की जा रही है, जिसके तहत पहले चरण में चेहरा पहचान आधारित प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब दूसरे चरण में विज़िटर मैनेजमेंट सिस्टम (वीएमएस) विकसित किया गया है।एक अप्रेल से, क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आगंतुकों के लिए मंत्रालय में प्रवेश के लिए 'डिजी प्रवेश ऐप'ऑनलाइन ऐप पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। अब पंजीकरण के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। पंजीकरण करने के बाद, एक क्यूआर कोड प्राप्त होगा, जिसे मंत्रालय के बाहर निर्धारित खिड़की पर दिखाकर 'आरएफआईडी कार्ड' लिया जा सकता है। इस 'आरएफआईडी कार्डके जरिए सुरक्षा जांच के बाद मंत्रालय में प्रवेश दिया जाएगा। आगंतुकों को आरएफआईडी एक्सेस कार्ड पहनना आवश्यक है और बाहर निकलते समय इसे सुरक्षा कर्मियों को लौटाना होगा। 'डिजी प्रवेश ऐप' एनड्रॉएड और आईओएस दोनों के लिए उपलब्ध है। इसे गूगल प्ले स्टोर (एनड्रॉएड के लिए) और एपल प्ले स्टोर (आईओएस के लिए) से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप को डाउनलोड करने के लिए 'डिजी प्रवेश' सर्च करें। उपयोगकर्ताओं को केवल एक बार पंजीकरण करने की आवश्यकता होगी। इसके बाद, आधार नंबर के आधार पर चेहरे की पहचान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। फिर, आगंतुक अपने दौरे के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं और बिना कतार में खड़े हुए प्रवेश कर सकते हैं। पूरी प्रक्रिया में तीन मिनट से भी कम समय लगता है।




▶▶ 'डिजी प्रवेश ऐप' पर करें पंजीकरण
▶▶ अब कतार में खड़े होने की जरूरत नहीं

**राष्ट्रीय आर्थिक कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति परीक्षा**

# नवी मुंबई मनपा स्कूल के 162 छात्र चमके

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे द्वारा हर वर्ष राष्ट्रीय आर्थिक कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन किया जाता है। यह परीक्षा शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए 22 दिसंबर को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में मनपा स्कूलों से 1125 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 162 छात्र गुणवत्ता सूची में स्थान प्राप्त कर चमके हैं और उनकी इस सफलता से नवी मुंबई मनपा की शिक्षा नीति को गौरव प्राप्त हुआ है। इन सफल छात्रों में नवी मुंबई मनपा स्कूल क्रमांक 42, घणसोली गांव की स्वराली विठ्ठल जगधने नामक छात्रा ठाणे जिले में तीसरे स्थान पर आई है और नवी मुंबई में प्रथम स्थान पर सफल हुई है।

इसी प्रकार, नवी मुंबई मनपा स्कूल क्र. 55, राजर्षि शाहू महाराज विद्यालय, आंबेडकर नगर, कातकरी पाडा, रबाले के यश तुलशीराम खरगे नामक छात्र ने नवी मुंबई में द्वितीय स्थान पर छात्रवृत्ति प्राप्त की है। इस छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए शैक्षणिक क्षमता परीक्षण (एसएटी) और बौद्धिक क्षमता परीक्षण (एमएटी) नामक दो पेपर निर्धारित होते हैं। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित कोटे के अनुसार जिलेवार और संवर्गवार छात्रों की गुणवत्ता सूची तैयार की जाती है। छात्रवृत्ति के पात्र ठहरनेवाले छात्रों को प्रति वर्ष 16 हजार रुपये छात्रवृत्ति चार वर्षों तक (कक्षा 9वीं से 12वीं तक) दी जाती है।

इस परीक्षा में सरकारी तथा अनुदानित स्कूलों के विद्यार्थी भी शामिल हुए थे। इस परीक्षा में कक्षा 7वीं में कम से कम 55% अंक प्राप्त करनेवाले और कक्षा 8वीं में पढ़ रहे छात्र पात्र माने जाते हैं। साथ ही उस छात्र के परिवार की वार्षिक आय 3.5 लाख रुपये या उससे कम होना आवश्यक होता है। नमुंमपा स्कूलों से इस परीक्षा में भाग लेनेवाले सभी छात्रों को शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं लेकर मार्गदर्शन किया गया। शिक्षकों द्वारा इन छात्रों का नियमित अभ्यास कराया गया।

स्कूल और केंद्र स्तर पर अभ्यास परीक्षा आयोजित किए जाने के कारण छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त हुए। इस राष्ट्रीय आर्थिक कमजोर वर्ग छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों की मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने विशेष सराहना की है तथा अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, उपायुक्त संघरत्ना खिल्लारे, शिक्षणाधिकारी अरुणा यादव ने भी इन छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई दी है। इन छात्रों और उनके अभिभावकों में उत्साह का वातावरण है और सभी स्तरों पर इन छात्रों तथा शिक्षकों की सराहना की जा रही है।





▶▶ घणसोली की स्वराली जगधने प्रथम और यश खरगे को मिला द्वितीय स्थान

## नालासोपारा में युवक ने लगाई फांसी

**वसई।** नालासोपारा निवासी एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक को मोबाइल गेम खेलने की लत थी। गेम की लत के कारण डिप्रेशन में आकर उसने आत्महत्या कर ली। पिछले हफ्ते विरार में 12 वर्षीय लड़के ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसकी मां ने उसे मोबाइल फोन नहीं दिलाया था। आर्यन सिंह (20) नामक युवक नालोसापारा पूर्व के तुलिंज स्थित सैहारी अपार्टमेंट में अपने मामा-मामी के साथ रहता था। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ का रहने वाला है। उसके माता-पिता गांव में हैं, जबकि आर्यन पढ़ाई के लिए नालोसापारा में अपने मामा के पास रह रहा था। गुरुवार की रात जब घर पर कोई नहीं था, तो उसने रसोई के पंखे से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। आनन फानन में उसे उठाकर उपचार के लिए समीप के विजय नगर स्थित मनपा अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या से पहले उसने जो नोट लिखा था, वह रसोई के फ्रिज पर मिला।

**राजस्थानी छतीस कौम प्रवासी संघ, मुंबई**

# जसराज राजपुरोहित का मुंबई में अभिनंदन

**सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स**

**मुंबई।** जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद जसराज राजपुरोहित के प्रथम मुंबई आगमन पर राजस्थानी छत्तीसकौम प्रवासी संघ, मुंबई द्वारा एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि प्रवासी मारवाड़ी समाज की भूमिका और भाजपा की नीतियों पर विचार-विमर्श का सशक्त मंच भी रहा।

समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राज के पुरोहित, पूर्व विधायक भीनमाल पुराराम चौधरी, पूर्व विधायक रानीवाड़ा नारायणसिंह देवल और मेहसाणा (गुजरात) भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश राजगोर, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह जिले से हैं– सभी ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने भाजपा की नीतियों की सराहना करते हुए प्रवासी समाज से आग्रह किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं।

राज के पुरोहित ने कहा, "प्रवासी मारवाड़ी समाज देशभर में अपने पुरुषार्थ और संस्कृति के लिए जाना जाता हैं, अब समय हैं कि यह समाज राजनीति में भी अपनी भागीदारी बढ़ाए।" पुराराम चौधरी ने जोर दिया कि जमीनी स्तर पर संगठन की मज़बूती में प्रवासी सहयोग बेहद अहम हैं। नारायणसिंह देवल ने कहा, "हमारे गांवों से निकले युवा जब देश के महानगरों में नेतृत्व करते हैं, तो गौरव की अनुभूति होती है।" गिरीश राजगोर ने जसराज राजपुरोहित को बधाई देते हुए कहा कि गुजरात से मुंबई और जालोर तक भाजपा की विचारधारा को जोड़ने वाले ऐसे नेताओं की आज जरूरत हैं।



जालोर भाजपा जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहला मुंबई आगमन

### अभिनंदन समारोह में इनकी रही उपस्थिति

इस आयोजन में प्रतापचंद दाता, नरेंद्र चौधरी, चतराराम वाली, गणपत खिरोड़ी, नवाराम पुरोहित, धुखसिंह कारोला,भावाराम चौधरी, फूलचंद तातडा, नरसीराम डभाल, सुरेश जैन, सुरेश माली, बाबूलाल भादू, माधव देवासी, वागाराम सुथार, प्रहलाद प्रजापति, ललित एन. राजपुरोहित समेत कई गणमान्य प्रवासी बंधु उपस्थित रहे। समारोह का समापन समाज, संस्कृति और संगठन के बीच समन्वय की भावना के साथ हुआ। सम्मान समारोह में मिलापचंद कानूनगो, खिरोड़ी सरपंच खंगारमल पुरोहित, सरपंच प्रतिनिधि मोहनलाल तातडा, कनकराज घोड़ा, अमृतलाल संघवी, अजयराज पुरोहित, विजयराज नून, भवरलाल ऊन, जोगसिंह साकरणा, राजुभाई समरानी, मेवाराम सुथार, प्रवीण खिरोड़ी, सुरेश सरियाणा, प्रभुराम लूंभावास, मंगल पुरोहित, कांतिलाल सारियाणा, हमीराराम केरिया, पुखराज रतनपुरा, कृष्ण वाली,रमेश वाटेरा,जसवंत रोड़ा, तुलसीराम कैलाशनगर, जीतेंद्र सिंह राठौड़, रमेश घासेड़ी, अखाराम चौधरी, धीराराम खिरोड़ी, दिनेश बालेरा, विक्रम खिरोड़ी, पंकज दाता, ललित जोधावास, खिमजी तातड़ी महावीर पुरोहित रवि वाली,जुहारमल उड़, मश्रसिंह खिरोड़ी, हेमंत पुरोहित, मोहनलाल पालड़ी, राजस्थान भाजपा सेल अध्यक्ष नरेंद्र भंडारी, नानजीराम वाली, मोहनलाल वाली, माधाराम देवासी, सुरेश माली, मगनलाल चौधरी(टारगेट ग्रुप), टीकम वाली, श्रवण तातडा, महावीर तातडा, मोहनलाल घांची, बाबूलाल विश्नोई, धर्माराम खिलेरी, अर्जुनपुरी, निबाराम देवासी, डायाराम भूरिया, जबरसिंह आईपुरा, सुरेश राजपुरोहित, छगनलाल दोलपुरा, राणमल गांधीमुथा, नारायणसिंह राव,गोविंद सरतरा,रेवाराम अणखोल, गणपत मोढ, महेंद्र रणोदर, प्रभुराम प्रजापति, सरेमल लाल ईटाडा, सावलाराम वाली, सावलाराम प्रजापति, जसवंतसिंह राठौड़, देवाराम माली, पुनमाजी, सुरेश चौधरी, हरीश प्रजापति, मनोज भेटाला, रमेश मेड़ा, जयंतीलाल भादरुणा समेत सैकड़ों प्रवासी बंधु मौजूद थे।

## कन्यापूजन को लेकर लाभार्थियों ने किया भंडारा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री लक्ष्मीनारायण भगवान के सानिध्य में चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर हवनात्मक नवकुण्डी चण्डी महायज्ञ शुरू है ओर इनके आयोजक माँ विश्वेश्वरी सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण, माधवबाग सीपी टेंक मुंबई 30 मार्च को नवरात्रि शुरू हुई थी ओर 7 अप्रेल को पूर्णाहुति होंगी। शनिवार सुबह करीबन तीन सौ से अधिक कन्यापूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे महाप्रसादी के मुख्य लाभार्थी रमेश चौधरी आकोली थे. कन्यापूजन मे पूर्व नगरसेवक आकाश पुरोहित व उनकी धर्मपत्नी हेमा पुरोहित समेत कई पुण्यशाली महिलाओ ने कन्याओ को तिलक व चरण धोकर मनपसंद उपहार भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रमुख आचार्य पु. श्री रामकुंडलजी महाराज,ट्रस्टी गौरीशंकर, आशुभाई मोदी, मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, मश्रसिंह खिरोड़ी,पुष्पा नागदा,अर्जुनपुरी, जेठालाल चौधरी आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।





■ **मुंबई।** मेहसाणा जिला भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश राजगौर का मुंबई आगमन पर पंचायत समिति सदस्य फूलचंद तातडा और नरेश तातडा ने उनको पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।



# नजर को रखें सहेज कर



**कम्प्यूटर,** मोबाइल युग में प्राय: सभी को चश्मा जल्दी लग जाता है जो व्यक्तित्व को बिगाड़ता है और चेहरे को एक्स्ट्रा बोझ उठाना पड़ता है। जहां भी जाओ, उसका साथ होना जरूरी होता है नहीं तो आप अच्छी प्रकार से देख ही नहीं सकते। अगर बचपन से नजर को बेहतर बनाने हेतु सावधानी बरती जाये तो अधिक देर तक आप प्रकृति द्वारा दी गयी नजर का पूर्ण आनन्द ले सकते हैं।

## आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार

* खाने में दूध, गाजर, आंवला, पपीता, संतरा और अंकुरित अनाज का नियमित सेवन बचपन करें।
* मां को चाहिए अपने शिशु को अधिक समय तक स्तनपान करवाएं।
* खाना खाने के बाद आधी चम्मच भुनी सौंफ और मिश्री को चबाकर खाने से आंखों की कई परेशानियां नहीं होती।
* एक बूंद शुध्द शहद में एक बूंद प्याज का रस मिलाकर सोने से पहले आंखों में काजल की तरह लगाएं।
* खाने के बाद गीले हाथों को दोनों आंखें पर फेरें।
* सप्ताह में दो बार पैरों के तलुए और सिर के बीचोंबीच तेल मालिश करने से रोशनी बढ़ती है।
* एक चम्मच गाय का घी, आधा चम्मच शक्कर और दो पिसी काली मिर्च की चूर्ण मिलाकर प्रात: खाली पेट लें। रोशनी बढ़ाने का अच्छा नुस्खा है।
* वैसे आयुर्वेद में कुछ दवाएं भी हैं जिनसे आंखों के बढ़ते चश्मे के नम्बर को रोका जा सकता है। डाक्टर की सलाह के अनुसार चलें।
* बच्चों को छह साल की उम्र के बाद योग सिखाया जा सकता है। आंखों की सूक्ष्म क्रियाएं आप उससे भी पहले करवा सकते हैं।
* त्रिफला चूर्ण को रात्रि में भिगोकर रखें। प्रात: उसके जल को छानकर पिएं और उसी जल से आंखें धोएं।
* शुध्द शहद या गुलाब अर्क नियमित आंखों में डालने से आंखों की रोशनी बढ़ती है।
* कुछ आसन हैं जो आंखों की रोशनी बढ़ाते हैं जैसे सर्वांगासन, मत्यासन, पश्चिमोत्तान आसन, शंशाकासन, सुप्त वज्रासन आदि इनका अभ्यास नियमित करें।

## कांटेक्ट लेंस का प्रयोग करें

* अगर चश्मा लग गया है और आप उसे पहनना नहीं चाहते तो कांटेक्ट लेंस लगवा सकते हैं। ये आंख की पुतली पर आसानी से फिट हो जाते हैं।
* प्रारम्भ में लेंस लगाने में थोड़ी दिक्कत आती है। फिर अभ्यस्त होने पर पता ही नहीं चलता।
* लेंसों को बाहरी इंफेक्शन से बचाकर रखना अति आवश्यक है जैसे धूल मिट्टी, आंसुओं से और तेज धूप से। लेंस पहनकर बाहर निकलने पर धूम का चश्मा लगाकर इसकी हिफाजत कर सकते हैं।
* जिन लोगों की आंखें ड्राई रहती हैं या सेंसिटिव हैं या कोई भी एलर्जी हो उन्हें लेंस नहीं पहनने की सलाह डाक्टर देते हैं।
* बच्चों को अक्सर लेंस पहनने की सलाह नहीं दी जाती, क्योंकि बढ़ती उम्र और कद के साथ नम्बर भी बदलता रहता है और बच्चे उनका प्रॉपर ध्यान भी नहीं रख सकते।
* स्विमिंग करने से पूर्व लेंस उतारने चाहिए। मेकअप करते और उतारते समय लेंस पहने रहने चाहिए या नहीं इस विषय में डाक्टर से मशवरा कर लें।
* कभी-कभी लेंस आंख में अपने स्थान से हट जाता है। ऐसे में आंख बंद कर पुतली को इधर-उधर धुमाएं। अपने आप लेंस सही जगह परआ जाता है।
* हाथों को साफ कर लेंस लगाएं और निकालें।
* लेंस लगाने वालों को चश्मा भी अपने साथ अवश्य रखना चाहिए।

# कब और कितना करें वर्कआउट?

**वजन** कम करने और हेल्दी रहने के लिए आप वर्कआउट करते हैं, लेकिन अक्सर लोगों को वर्कआउट कब और कितना करना है इसकी जानकारी नहीं होती है। इसके चलते उन्हें वर्कआउट करने पर भी उसका पूरा फायदा नहीं मिल पाता है। आइए जानते हैं कि वर्कआउट से जुड़ी इन्हीं छोटी-छोटी बातों के बारे में...

### कितना वर्कआउट करें

चाहे महिला हो या पुरुष, औसतन किसी भी व्यक्ति को एक घंटे तक व्यायाम करना चाहिए। योगा, एरोबिक या कार्डियो किसी भी तरह की एक्सरसाइज उम्र और वजन के हिसाब से तय की जाती है।

### डिनर के बाद वॉकिंग

डिनर के बाद तेज रफ्तार से वॉकिंग के बजाय टहलना फायदेमंद है। सोने से दो घंटा पहले खाना खा ले।

### हफ्ते में कितने दिन

फील्ड जॉब में 4 दिन और डेस्क जॉब वालों को हफ्ते मे 5 दिन वर्कआउट करना चाहिए। दो दिन मांसपेशियों को आराम दें।

### स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के फायदे

इससे शरीर की लचक बढ़ती है, लेकिन कैलोरी बर्न नहीं होती।

### वॉर्मअप जरूरी क्यों

योगा को छोड़कर किसी भी तरह की एक्सरसाइज करने से पहले शरीर को वॉर्मअप करना जरूरी है। इससे शरीर में रक्तसंचार बढ़ाने में मदद मिलती है। एक्सरसाइज के बाद शरीर को ठंडा करना यानी कूलिंग भी जरूरी है। इससे ह्रदय की धड़कन सामान्य होती है।

### जॉगिंग के जूते

जूते खरीदते समय ध्यान रहे कि उनके सोल बहुत ऊंचे न हो। जूतों में लचक हो और वे थोड़े हवादार हों।

### कपड़ों का चुनाव

कपड़े ढीले और सूती हों। टाइट फिटिंग के कपड़े व्यायाम के दौरान शरीर के रक्त संचार को रोकते हैं।

# डाइटिंग से एकसाथ ज्यादा वजन न घटाएं

अक्सर स्लिम-ट्रिम बॉडी के लिए लोग डाइटिंग का फंडा आजमाते हैं, लेकिन इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं रखते। आइए जानते हैं इनके बारे में।

1. हमेशा भरपूर नींद लें। कई बार नींद की वजह से थकावट का एहसास होता है।
2. कम से कम एक दिन में भोजन से 1200 कैलोरी जरूर लें।
3. कभी भी एक सप्ताह में 1 किलो से अधिक वजन कम करने की कोशिश नहीं करें वर्ना वजन कम करने का असर चेहरे पर दिखने लगेगा।
4. खाने से पहले हमेशा पानी पिएं इससे आप भूख से ज्यादा खाने से बच जाएंगे।
5. खाना स्किप न करें क्योंकि भूखे होने पर खाने का जो भी विकल्प मिलता है हम उस पर टूट पड़ते हैं।
6. कई शोधों में पाया गया कि जो लोग सिर्फ फल व कच्ची सब्जियों पर आश्रित हो जाते हैं, उनके शरीर में विटामिन बी-12 की कमी और बोन डेंसिटी भी कम हो जाती है।
7. रोजाना खाने में प्रोटीन शामिल करें। इसे पचने में समय लगता है जिससे पेट भरा रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती।
8. टोस्ट को हल्का ठंडा करने के बाद उस पर बटर लगाएं इससे वह कम वसा सोखेगा।



# पीठ-दर्द सामान्य रोग नहीं



**आज** भागदौड़ की जिन्दगी में इंसान इतना बेहाल हुआ रहता है कि उसे अपने शरीर की सुध ही नहीं रहती।

वह कई खतरनाक रोगों को सामान्य समझकर खुद ही उनका इलाज करता रहता है और निरंतर कार्यों में लीन रहता है मगर जब रोग हद से गुजर जाता है तो आखिर उसे चिकित्सक के पास जाना ही पड़ता है। अधिकतर महिलाएं व पुरुष पीठदर्द के रोग से पीड़ित होते हैं। काम की अधिकता, परेशानी, तनाव आदि ऐसे कारण हैं जो इसरोग को बढ़ावा देते हैं।

पीठदर्द को दूर करने के लिए कुछ व्यायाम भी उपयोगी सिध्द हो सकते है मगर कोई भी व्यायाम करने से पहले चिकित्सक की परामर्श आवश्यक है वर्ना आपका पीठदर्द घटने की बजाय बढ़ सकता है। पीठ दर्द को कम करने के लिए निम्न बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है-

- भारी सामान उठाते समय उसे खींचने की बजाय धकेलना अधिक श्रेयस्कर है।
- लगातार बैठकर कार्य करने से पीठदर्द बढ़ सकता है अतः एक घंटे से अधिक बैठना पड़े तो बीच-बीच में उठ जाएं।
- बैठने के लिए पीठ वाली कुर्सी का ही इस्तेमाल करें।
- यहां तक हो सके, रूई की गद्दियों व बिस्तार का ही प्रयोग करें। फोम की नद्दियों से पीठदर्द बढ़ने की संभावना अधिक होती है।
- शरीर का भार संतुलित रखें। शरीर के अधिक वजन से रीढ़ की हड्डी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
- कोई चीज उठाने के लिए नीचे की ओर अधिक न झुकें, न ही पीठ के बल घूमें।
- तनावग्रस्त न रहें।
- पीठदर्द की दवाएं लेने से पहले किसी अच्छे चिकित्सक की सलाह लेना आवश्यक है।
- योग्य डाक्टर के परामर्श से किया गया व्यायाम पीठदर्द से मुक्ति का सबसे अच्छा उपाय है।
- कई लोगों के ख्याल में जमीन पर सोने से पीठदर्द ठीक हो सकता है मगर यह सरासर गलत सोच है। यह पीठदर्द को खुला निमंत्रण है।
- कम्प्यूटर पर कार्य करते समय गर्दन को आगे या पीछे की ओर न झुकाएं। इससे पीठ पर तनाव आ जायेगा।

# बस लिख डालें एक खत... लिखने में जुड़ाव है

**वैसे तो अंगुलियां घुमा कर या टाइप करके शब्द बनाने को भी लिखना कह दिया जाता है पर यहां पेन-पेंसिल से लिखने की बात हो रही है। लिख कर भावनाएं व्यक्त करने में कुछ खास बात होती है। लिख कर देने में जो जुड़ाव, अपनापन महसूस होता है, वह एसएमएस, मेल या फेसबुक, व्हाट्सएप के माध्यम से इजहार में नहीं होता।**

**वैसे** तो अंगुलियां घुमा कर या टाइप करके शब्द बनाने को भी लिखना कह दिया जाता है पर यहां पेन-पेंसिल से लिखने की बात हो रही है। लिख कर भावनाएं व्यक्त करने में कुछ खास बात होती है। लिख कर देने में जो जुड़ाव, अपनापन महसूस होता है, वह एसएमएस, मेल या फेसबुक, व्हाट्सएप के माध्यम से इजहार में नहीं होता। लिखने में एक शब्द लगातार लिखा जाता है, कलम की नोंक भले ही उठ-उठ कर चले पर शब्द तो पूरा ही लिख जाता है, शब्द बीच में तोड़े नहीं जाते।

कलम की नोंक(पॉइन्ट) लिखने में एकाग्रता लाती है, अंगुलियों में यह नोंक नहीं होती। स्क्रीन पर शब्द बनाते या चुनते समय अंगुलियां कहीं और होती हैं, देखना कहीं और होता है वहीं, लिखने में कागज-कलम की नोंक, बनने वाला शब्द, नजर, मन सब एक ही बिंदू पर होते हैं, सब में एक संगति होती है।

हाथ से लिखी हुई प्रेम की अभिव्यक्ति को समेटने वाले कागज को, तह कर के जेब में, तकिए के नीचे, सिरहाने कहीं भी रखा जा सकता है। प्रीत की इस पाती को आंखों पर रख कर महसूस किया जा सकता है, इसमें धड़कनों के स्पन्दन का अहसास भी किया जा सकता है। स्क्रीन को इस पाती की तरह महसूस करना संभव नहीं। स्क्रीन ऑब्जेक्ट की तरह होती है, जबकि प्रेम की पाती खुद में ही अनुभूति होती है, जैसे ह्रदय का ही अंश हो।

### सृजन होता है

प्यार भरी भावनाओं को, इजहार के लिए जिन भी शब्दों में बांधा जाना है, लिखने में उन्हें खुद ही उपजाना, बनाना होता है। शब्द सोचने होते हैं, वाक्य रचने होते हैं। इस अभिव्यक्ति का प्रस्फुटन भावनाओं की ऊष्मा से होता है, लिखने वाले का मन सृजन करता है। यहां तक कि अगर किसी कविता या शायरी के अंश भी लिखे जाते हैं तो सोचना पड़ता है, खोजना पड़ता है, चुनना पड़ता है, उसे अपने लिखे हुए में सही जगह पर बुनना पड़ता है।

### सिर्फ एक के लिए

प्रेमाभिव्यक्ति जब लिख कर की जाती है तो प्यार की अनुभूति का वास्तविक स्तर मालूम पड़ता है। इस अनुभूति के उच्च स्तर की वजह से लिखने वाले के मन में बस वही होता है, जिसके लिए लिखा जा रहा है।

### भरोसा और असर

ई-मेल, एसएमएस, पिक्चर्स, क्लिप शेयरिंग से बात कहना आसान है। इतना आसान, इतना सुलभ, इतना त्वरित कि भावनाओं की गहराई की जरूरत ही नहीं। बस हल्का खयाल आया और जाहिर कर दिया।

खयाल में गहराई है या नहीं, पता नहीं, जाहिर पहले करना है। प्यार की भावना जितनी गहरी होगी, सतह पर आने में उतनी ऊर्जा उसे लगानी पडेगी। इन दिनों सब जल्दी में हैं फास्टेस्ट और एक्सपोजर के दौर से प्रेम की अभिव्यक्ति भी अछूती नहीं, उस पर फ्शो ऑफफ् की बढ़ती संस्कृति।

**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# राम हमारे आदर्श और हिन्दू समाज के स्वाभिमान के प्रतीकः अनिल कुमार





## रामनवमी पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप देने और इस भव्य आयोजन के लिए सर्व समाज की सहभागिता को लेकर शुक्रवार रात को आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में केसरसिंह के मुख्य आतिथ्य में आरएसएस के जिला संघचालक डॉ जगदीश आर्य की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि रघुनाथ माली एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली के सानिध्य में श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति, विहिप के तत्वावधान में सर्व हिंदू समाज की बैठक आयोजित की गई। प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि प्रभुराम के जन्मोत्सव के बाद निकलने वाली शोभायात्रा भव्य और ऐतिहासिक हो इसके लिए 36 कॉम प्रत्येक समाज और संस्था संगठन के प्रतिनिधियों ने जिम्मेदारी ली। इसके आलाव जिलेभर में शोभायात्रा निकलेगी। वर्मा ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता समाजसेवी अनिल कुमार ने कहा कि राम हमारे आदर्श है ओर हिन्दू समाज के स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सत्य सनातन की रक्षा के लिए हिंदुओ को जागृत होना जरूरी है। हर हिन्दू घर से, हर हिन्दू समाज से शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होकर हम अपनी एकता एवं संगठन शक्ति का परिचय देवे। रविवार को रामनवमी शोभायात्रा में हमारी एकता लोगो के लिए मिशाल बने इसके प्रयास किये जाए। वर्मा ने बताया कि शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े पर बैठकर भगवान राम की ध्वजा लेकर दो घुड़सवार चलेंगे उसके पीछे बैंड, नासिक ढोल, गैर नृत्य करते नृतक और हनुमान जी के प्रतिकात्मक वाले आठ फिट के दो कलाकार भी साथ में रहेगें। उन्होने बताया कि विभिन्न समाजों के अखाड़े शस्त्र व शक्ति प्रदर्शन करते हुए चलेगें इनमें महिलओ के भी अखाडे भी शामिल होंगे। वर्मा ने बताया कि राम महोत्सव समिति की दो झांकी के अलावा सभी समाजों विद्यालयों की झाकिंयो के साथ डीजे सम्मलित हागे। मांगूसिंह बावली ने आभार व्यक्त किया। जिला प्रचारक योगेश, सेवा भारती के प्रांत संयोजक चम्पत मिस्त्री, राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका चित्रलेखा जोशी, पंतजलि महिला योग समिति की जिला संयोजिका पवन आर्य, उपाध्यक्ष हीरालाल माली, रोहित खत्री, माधूसिंह, महामंत्री शंकरलाल माली, शिवलाल सुथार, समन्वय प्रमुख कैलाश जोशी, धनसंग्रहण टोली प्रमुख जब्बरसिंह, कोषाध्यक्ष पुखराज सुथार, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्रसिंह, ग्रामीण संपर्क बाबूसिंह माकरोड़ा, शहरी संपर्क बस्ती प्रमुख हिमांशु राजपुरोहित सजावट प्रमुख प्रशांतसिंह, प्रशासनिक प्रमुख शिवलाल जिंनगर, योजना प्रमुख अनिल सगरवंशी, सह प्रमुख दिनेश वेष्णव, नगर संपर्क प्रमुख विक्रमसिंह सोलंकी, मूर्ति प्रमुख जसवंत माली, शोभायात्रा कार्य प्रमुख हितेन्द्र ओझा, सह प्रमुख विक्रमसिंह, झांकी प्रमुख सुनील गुप्ता, सह प्रमुख मदन सेन, हॉस्टल प्रमुख अमन प्रजापत, शोभयात्रा योजना प्रमुख रेवाशंकर रावल,भजन मंडली प्रमुख इन्द्रा खत्री,सह प्रमुख पिंकी राजपुरोहित, रंजनदेवी, कार्यालय प्रमुख प्रकाश सेन आदि मोजूद थे।

### रैली में यह रहेगा आकर्षण

शोभायात्रा में पांच हजार से अधिक भगवें झण्डें, 21 फूट की दिव्य रूप वाली प्रभूराम की प्रतिमा, 75 वाहिनियों में उनके विभिन्न स्वरूप व दुर्गा माता के नौ स्वरूपों के दर्शन आमजन को मंत्रमुग्ध करेगा। इसके अलावा कई कलाकार प्रतिभा दिखाऐंगे।



**शिवगंज।** रामनवमी महोत्सव को लेकर शहर के लोगों में खासा उत्साह है। ब्राह्मण स्वर्णकार समाज के युवा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सोनी ने बताया की हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। हिन्दू नव वर्ष की प्रतिपदा एकम से लेकर होमाष्टमी तक रोजाना दोपहर 3 बजे से होली चौक स्थित राम मंदिर में जानकी महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हो रहा है। होमाष्टमी के दिन रात को डीजे गरबा का आयोजन हुआ। सवेरे प्रभात फैरी निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के तहत महाआरती का आयोजन होगा।



# कुमावत दूसरी बार बने भाजपा मंडल अध्यक्ष



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं संगठन पर्व के प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया के निर्देश पर जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी ने ताराराम कुमावत पर विश्वास जताते हुए कुमावत को फिर से मंडल अध्यक्ष घोषित किया है। कुमावत ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व एवं राज्य मंत्री ओटाराम देवासी व जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी द्वारा मुझ पर दूसरी बार विश्वास किया है जिस पर मैं खरा उतरूंगा व पार्टी की मजबूती के लिए तन मन धन से कार्यकताओं के साथ हर काम के लिए खड़ा रहूंगा। ताराराम कुमावत के अध्यक्ष बनते ही मंडल उपाध्यक्ष कुंदनमल राठी, राकेश सोनी, मुकेश प्रजापत, रूपेश देवासी, नेनमल जैन, तेज कुंवर, प्रमिला सुथार, अंजू अग्रवाल, अनिल पालीवाल, भरत सुथार, राजेंद्र पुरोहित, कुंदनमल अग्रवाल शंकरलाल परिहार अशोक कुमावत जैसाराम माली ने बधाई दी।

# प्रदेश सचिव करणोत का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** पत्रकार संगठन आइएफडब्लुजे के नवनियुक्त प्रदेश सचिव व जोधपुर संभाग के प्रभारी विक्रमसिंह करणोत व जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत का आयुष नर्सेज महासंघ के सदस्यों ने स्वागत किया। आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल सुमेरपुर ने सिरोही व पाली जिले के योग प्रशिक्षकों के स्थाईकरण संबंधित समस्या एवं बेरोजगार आयुष नर्सेज की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की। प्रदेश सचिव करनोत ने बताया कि मीडिया शासन प्रशासन एवं बेरोजगारों, जनता के बीच सेतु का कार्य करते है और एक पत्रकार का दायित्व है। करनोत ने बताया कि आप की योग प्रशिक्षकों के मानदेय संबंधित समस्या हो या आयुष नर्सेज भर्ती प्रक्रिया संबंधित समस्या हो को प्रमुखता से मीडिया में प्रकाशित कर सरकार का ध्यान आकर्षित करवाया और योग प्रशिक्षको 5 माह से रुके मानदेय व आयुष नर्सेज भर्ती समस्या का समाधान हुआ है। जिलाध्यक्ष कुमावत ने कहा कि आपके योग प्रशिक्षक एवं आयुष नर्सेज संबंधित कोई भी समस्या हो तो मीडिया संगठन का सहयोग ले सकते हो। नर्सेज महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल सुमेरपुर, योग संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष नरेश मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष कल्पेश आर्य, आयुष नर्सेज महासंघ सदस्य कमलेश कुमार, हर्षवर्धनसिंह, पुष्पा कुमारी संगीता कुमारी उपस्थित रहे।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर चौधरी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सिरोही।** जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को शिवगंज की पालड़ी एम ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। जिस पर जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अन्य पात्र को भी प्रेरित करने की बात कही। ग्रामीणों ने शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम, डिस्कॉम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जिला कलेक्टर चौधरी ने इस दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत परिवेदनाओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके आवेदन की प्र ि या और नियमों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मंडार में गौण मंडी बनने से तेजी से होगा विकासः सांसद



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार।** विश्वकर्मा मंदिर परिसर में शनिवार को सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में मंडार मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ओर पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद चौधरी ने कहा की भाजपा सरकार आमजन के हितों को देखते हुए लगातार विकास के कार्य कर रही है। इस साल मंडार को एक गौण मंडी ओर नगरपालिका बनाने की घोषणा से मंडार का बहुत तेजी के साथ विकास होगा साथ ही आने वाले दिनों में मंडार को पंचायत समिति का भी दर्जा देने का पुरा प्रयास किया जा रहा है। पूर्व विधायक जगसीराम कोली, किसान नेता गणपतसिंह राठोड़ ने कहा की पार्टी को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाए विकास के कार्य में किसी तरह की कोई कमी नहीं आएगी। मंडल अध्यक्ष अमराराम चौधरी, कालूराम चौधरी, देवाराम चौधरी, अजय कुमार टांक, चंदनसिंह परिहार, रावताराम, शांतिलाल चौधरी, जगदीश जीनगर, भटाना मंडल अध्यक्ष कुलदीप, तगतसिंह परिहार, देवाराम रावल, विक्रमसिंह, वगताराम चौधरी, महेश अग्रवाल, दिनेश कोली, अर्जुन राणा, महिला मोर्चा की रमीला माली, रेवदर प्रधान राधिका देवासी, नानाजी देवासी गणपत जोशी, नरभा रामपुरोहित, धनेश चौधरी, हसमुख जैन, देवाराम देवासी, देवीसिंह देवड़ा, सरपंच पीराराम, जगदीश घांची, हिराराम चौधरी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश चौधरी, नागजीराम देवासी, रमेश पुरोहित आदि मौजूद थे।

### पालिका बनने से विकास में लगेंगे चार चांद : जिला प्रमुख

जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि मंडार में पालिका बनाए जाने पर क्षेत्र के विकास में चार चांद लगेंगे ओर सभी पदाधिकारियों का पूरा प्रयास रहेगा की मंडार को पंचायत समिति बनाया लाएगा। ऐसे में यहां के लोगों को काम के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। तथा विकास के कई आयाम स्थापित होंगे। नगर पालिका बनने पर किया स्वागत मंडार कस्बे को नगरपालिका बनाने ओर मंडार में गौण मंडी खोलने की घोषणा के बाद पहली बार मंडार पंहुचे सांसद लुंबाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुन पुरोहित, पूर्व विधायक जगसीराम कोली, गणपतसिंह राठोड़ का भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने स्वागत किया।




# पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दादावाड़ी में शनिवार को स्काउट ग्रुप लीडर व प्रधानाचार्य बलवंतसिंह राठौड़ के सान्निध्य में ईको क्लब गतिविधियों के अंतर्गत पर्यावरण चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ईको क्लब सदस्य बालचरों व विद्यार्थियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय परिसर में पेड़ों पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए एवं नियमित जल व चुग्गे की व्यव-स्था का संकल्प लिया। सचिव डॉ. रमेशचन्द्र आगलेचा ने स्काउट्स को जल संरक्षण का महत्व समझाते हुए जल की बचत करने व जीवदया सर्वोपरि की सीख दी। प्रधानाचार्य बलवंतसिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को जीवों के प्रति दया व पेड़ - पौधों के सारसंभाल की सीख दी। सहायक स्काउट प्रभारी राजेन्द्रकुमार गहलोत ने स्काउट्स को जीवन में हमेशा भलाई के कार्य व सेवा के लिए सदैव तैयार रहने की सीख दी। बीएड इंटर्नशिप छात्राध्यापक गोविंद मीणा का पर्यावरण जन चेतना कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

# गोचर भूमि में बिना टेंडर प्रक्रिया के काटे बबूल, अब होगी कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**शिवगंज।** ग्राम पंचायत पालड़ी एम की ओरण गोचर भूमि में विलायती बबूल की कटाई कर कोयला बनाने की शिकायत पर विकास अधिकारी मुलेंद्रसिंह ने टीम भेजकर कार्रवाई की। हालांकि मौके से मात्र दो तीन बोरिया ही जब्त की गई। वेरा विलपुर के समीप पिपलेश्वर महादेव मंदिर से आम्बेश्वर गौशाला रोड पर कुछ लोगों की ओर से बिना स्वीकृति के अंग्रेजी बबूल की कटाई कर कोयला बनाने की सूचना मिली थी। वन व पहाड़ी क्षेत्र पंचायत की भूमि के पास स्थित होने के कारण लोगों ने इतना ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते कोयला माफियाओं ने अवैध कार्य को यथावत रखा।



### निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

विलायती बबूल काटकर कोयले बनाने के कारोबार की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। विलायती बबूल के साथ साथ हरे पेड़ों को भी काटा है।
**गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, वेरा विलपुर**

### कोई टेंडर नहीं हुआ

बुधवार शाम को बबूल की कटिंग होने एवं कोयले की जानकरी मिली थी। पंचायत समिति व ग्राम पंचायत स्तर पर न तो कोई टेंडर जारी किया और ना ही कोई ठेकेदार अधिकृत किया गया। एक दो दिन में जांच करवा दी जाएगी।
**मुलेंद्रसिंह**
**बीडीओ, पंचायत समिति शिवगंज**

### मौके पर जाकर देखूंगा

मुझे इस पूरे मामले की जानकारी नहीं है। लेकिन, ग्राम पंचायत की ओर से किसी प्रकार से कोई भी टेंडर प्रक्रिया नहीं की गई है। मौके पर जाकर इसकी जांच करेंगे। इसके वीडियो एवं फोटा आए है।
**ललित मीणा**
**ग्राम विकास अधिकारी**

# ऑपरेशन अखरोट के तहत बजरी से भरे दो ट्रैक्टर जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन अखरोट के तहत विशेष कार्रवाई कर बजरी से भरे दो टैक्टर जब्त किए। थानाप्रभारी रविन्द्रपाल सिंह राजपुरोहित बताया कि मंडार जुआदरा नदी क्षेत्र में गस्त के दौरान नदी से अवैध चोरी पूर्वक खनिज बजरी भरा ट्रैक्टर दिखा। पुलिस ने चालक मौके से फरार हो गया। दूसरा चालक भरत कुमार कोली निवासी मंडार मौके से गिरफ्तार कर बजरी से भरे ट्रै क्टर को जब्त किया।



# कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है : देवल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मंडार/पाली।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को नियुक्त पाली विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी हिमपालसिंह देवल के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा की अध्यक्षता में पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक कांग्रेस भवन में हुई। प्रभारी देवल ने बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने एवं कांग्रेस विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। विधायक भीमराज भाटी ने भी बूथ इकाइयों के गठन सहित संगठनात्मक मजबूती को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। जिला कांग्रेसध्यक्ष अजीज दर्द ने कार्यकर्ताओं को एक जूट होकर पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा ने पाली शहर ब्लॉक की संगठनात्मक गतिविधियों को अवगत कराया।

**यह भी रहे मौजूद**

कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, महिला प्रदेश महासचिव नीलम बिड़ला, वरिष्ठ नेता जब्बरसिंह राजपुरोहित, जोगाराम सोलंकी, भंवर राव, गोविन्द बंजारा, मांगूसिंह दुदावत, दिनेश दवे, यशपाल सिंह कुम्पावत, रंगराज मेहता, ताराचन्द चन्दनानी, मंगलाराम भीण्डर, सुनील रामावत, विनोद मोदी, आमीन अली रंगरेज, गोविन्द मेवाड़ा, साबिर अशरफी, रमेशकुमार चावला, संतोखसिंह बाजवा, रघुवीरसिंह मंडली, ओमाराम चौधरी, ताराचंद टाक, गणपत पटेल, बाबूभाई कीर, ओटाराम सीरवी, दरियादेवी, अजीज लीडर, चंद्रपाल पुनायता, अशगर कुरैशी, पुष्प सोनी, इकबाल शेख, राहुल घावरी, जुगराज चौहान, श्याम बागोरिया, मासूमअली मेव, लाल मोहमद, रफीक चौहान, कमरूदीन पठान, रमेश परिहार, रोशनसिंह सोलंकी, गुलाब सोढ़ा, धनराज आर्य, जगदीश कुमार प्रजापत, घनश्याम भाटी, शमीम बानो, लक्ष्मण कच्छवाह, विजय जोशी, चेलाराम रारबडा, राजूराम आदि मौजूद थे।

# नंद घरों की संख्या अब 15 राज्यों में 8,000 से अधिक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**राजसमंद।** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पहल नंद घर ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर 8,044 आंगनवाड़ियों को महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए आधुनिक केंद्रों में परिवर्तित किया गया है। यह पहल भारत के 15 राज्यों में संचालित है और ग्रामीण विकास के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नंद घर के माध्यम से अब तक 3 लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं को प्रारंभिक बाल शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल विकास की सुविधाओं का लाभ मिला है। नंद घर पारंपरिक आंगनवाड़ियों का आधुनिक रूप हैं, जो उन्नत सुविधाओं से परिपूर्ण हैं। हर केंद्र में बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, बिजली, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस प्रकार, नंद घरों में बच्चों को एक सुरक्षित और पोषणयुक्त माहौल मिलता है। शिक्षा के साथ-साथ, नंद घर में कुपोषण से बचाव के लिए बच्चों को पोषक आहार और गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं को जरुरी पोषण सहायता दी जाती है।

जागरूक टाइम्स की खबर का असर: नगर परिषद

# नाले पर अवैध निर्माण, मांगी रिपोर्ट

▶▶ सभापति बोले, सहन नहीं किया जाएगा अतिक्रमण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर।** शहर के कई साल पुराने नाले के बहाव क्षेत्र में लोहे के सरियों से पिलर खड़े कर दीवार का अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिस पर जनता ने विरोध जताया है। इस संबंध में जागरूक टाइम्स ने शुक्रवार को खबर छापी थी। इसके बाद नगर पिरषद ने इस पर संज्ञान लिया है और रिपोर्ट मांगा है। अवैध रूप से कब्जा कर नाले के बहाव के क्षेत्र के रोकने के मामले में नगर परिषद के अधिकारी भूमिका सवालो के घेरे में है, नाले में पिछले दो माह से ज्यादा समय से चल निर्माण कार्य की नगर परिषद के अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई, ऐसे में यह नाला वर्षों से वर्षा जल की निकासी का मुख्य मार्ग रहा है, इसके बावजूद बिना नगर परिषद की एनओसी के निर्माण कार्य जारी रहना, प्रशासन और नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**ईओ से मांगी रिपोर्ट:** नगर परिषद के सभापति नरेश सेठ ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे शहर की सुरक्षा और जल निकासी व्यवस्था से जुड़ा है। नाले पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण सहन नहीं किया जाएगा। सभापति ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में ईओ से तत्काल रिपोर्ट मांगी है।

**स्थानीय लोगों की चेतावनी** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नाला परिधि में हो रहे पक्के निर्माण कार्य को तुरंत नहीं रोका गया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। अब सभी की निगाहें प्रशासन और नगर परिषद पर टिकी हैं कि वे इस संवेदनशील मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कितनी तत्परता से कार्रवाई करते हैं।

**सोशल मीडिया पर विरोध:** स्मृति वन में एक यूजर ने लिखा यह सांचौर के बड़े भाजपा नेता की है, कुछ नहीं हो सकता, जिसमें जितना जोर है लगा लो। हकीकत तो यह है कि अब जब कभी बाढ़ आएगी सांचौर बाज़ार पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा।

**इनका कहना है:**

इस संबंध में नगर परिषद की ओर से मैंने कोई एनओसी नहीं दी है, वैसे नाला परिधि में कोई पक्का निर्माण नहीं कर सकता। यह मुद्दा जनसुनवाई में शायद गया था। मुददा उठाने वाले संदीप ने मेरे को बताया था, जो सामान्य बात है। ऐसे कई मुद्दे जनसुनवाई में जाते है।

**त्रिकमदान चारण, अधिशाषी अधिकारी नगर परिषद सांचौर**

बड़सम नाला परिधि पक्के निर्माण के मामले में ईओ से रिपोर्ट मांग है। इस प्रकार की कोई गतिविधि नाले के बहाव क्षेत्र में नहीं होने दी जाएगी, जो शहर की सुरक्षा से जुड़ा मुददा है।

**नरेश सेठ, सभापति नगर परिषद सांचौर**

## कलबी कर्मचारी संघ की नि:शुल्क कोचिंग क्लास



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** कलबी कर्मचारी संघ सांचौर द्वारा संचालित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के लिये नि:शुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया गया, इस दौरान गोमाराम चौधरी ने कहा कि एकाग्रता व कड़ी मेहनत से सफलता को प्राप्त किया जा सकता है, उन्होने बच्चो से अपने लक्ष्य को साधकर पढाई करने की बात कही, पन्नाराम चौधरी ने कहा कि प्रतिस्पर्द्धा के युग में नियमित अध्ययन की आवश्यकता है, विद्यार्थी को किसी भी फिल्ड में जाना है उसके लिये लक्ष्य निर्धारण होना जरूरी है, मफाराम ने कहा कि समाज के कर्मचारी वर्ग द्वारा इस प्रकार की नि:शुल्क कोचिंग सेवा का संचालन करना सराहनीय कार्य है, प्रभुराम चौधरी ने कहा कि कठिन मेहनत से किसी लक्ष्य को साधा जा सकता है, साथ ही उन्होने बच्चो से बड़े सपने देखने की बात कही, ताकि सफलता भी बडी मिले, इस दौरान तहसीलदार पन्नाराम चौधरी ने बदलते परीक्षा पैटर्न के बारे मे बताया, जोधाराम, दजाराम ने भी विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन नरसाराम ने किया।

# जालोर में लू चलने की आशंका

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** जालोर में इन दिनों गर्मी लगातार अपना प्रकोप दिखा रही है। शुक्रवार को सुबह से तेज धूप खिलने के साथ गर्म हवाओं का दौर चला। लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन करते नजर आए। वही मौसम विभाग ने आगामी 9 अप्रैल तक तापमान में बढ़ोतरी होकर 44-45 डिग्री दर्ज होने के साथ गर्म हवा (लू) के थपेड़े चलने की संभावना है। बता दें कि जालोर सहित पश्चिमी राजस्थान में होली के बाद से गर्मी का प्रकोप बढ़ जाता है। लेकिन इस बार प्रदेश में बार-बार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव रहने से मौसम में लगातार बदलाव हो रहे थे। जिससे कभी गर्मी तो कभी सर्दी का एहसास हो रहा है। जिससे अब तक गर्मी अपना रंग नहीं दिखा पा रही थी। लेकिन बुधवार जालोर सहित पश्चिमी राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ ही दिन व रात के तापमान में लगातार बढोतरी दर्ज कि जा रही है। गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार को दिन के तापमान में 0.6 डिग्री बढ़ोतरी होकर 40 डिग्री व रात के तापमान 4 डिग्री बढ़ोतरी होकर 20.7 डिग्री दर्ज किया गया है। जिससे शुक्रवार को दिन भर कड़ाके की धूप खिली रही। तथा करीब 18 से 21 किमी की गति से गर्म हवा चली। जिससे शहरवासी गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन करते नजर आए। वही दुपहिया वाहन चालक व पैदल राहगीर मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने को मजबूर रहे। तो मजदूर दोपहर कड़ाके की धूप में पेंडों की छांव में बैठ रहे।

**8 व 9 को 22 किमी से लू चलने की संभावना**

मौसम विशेषज्ञ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जालोर में कल से दिन व रात के तापमान में बढ़ोतरी होकर 9 अप्रैल तक दिन का तापमान 44 से 45 डिग्री व रात का तापमान 24-25 डिग्री दर्ज होने के साथ आज से 7 अप्रैल तक हल्की से मध्यम गर्म हवा व 8 व 9 अप्रैल को करीब से 18 से 22 किमी की गति से लू चलने की संभावना है।

भीनमाल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

# व्यापारियों ने डीआरएम से पार्सल सेवा शुरू करने समेत कई मांगें रखी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने शनिवार को भीनमाल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारियों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान डीआरएम ने नव निर्मित स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, आरक्षण केंद्र, यात्री प्रतीक्षालय, ओवर ब्रिज सहित स्टेशन पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।व्यापारियों और नागरिकों ने डीआरएम को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें पार्सल सेवा शुरू करने की मांग प्रमुख रही। कृषि मंडी अध्यक्ष श्याम खेतावत ने बताया कि भीनमाल एक महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक क्षेत्र है। यहां से देश के विभिन्न हिस्सों में अनाज और सब्जियों की आपूर्ति की जाती है। पार्सल सुविधा नहीं होने से यह प्रक्रिया बाधित हो रही है। व्यापारियों को सामान भेजने के लिए निजी साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे लागत बढ़ रही है और आम लोगों को सामान महंगे दामों में खरीदना पड़ रहा है। खाद्य व्यापार संघ के अध्यक्ष पारस मोदी ने ज्ञापन में स्टेशन की अन्य समस्याओं का भी जिक्र किया गया। प्लेटफॉर्म पर मौजूदा शेड को बड़ा करने की मांग की गई। इससे यात्रियों को धूप में खड़े होने से राहत मिलेगी। अहमदाबाद से भीनमाल होते हुए जयपुर और दिल्ली के लिए सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की मांग भी रखी गई। स्टेशन के पूछताछ कार्यालय में लैंडलाइन फोन की सुविधा देने की भी मांग की गई है। इस दौरान जयंतीलाल घांची, भरत सिंह भोजानी, सुरेश बोहरा सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई

### जवाई नदी एरिया से ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र में जवाई नदी में अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने ड्राइवर जबरा राम को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना इंचार्ज अरविन्द कुमार ने बताया कि जालोर एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार अवैध बजरी खनन की रोकथाम को लेकर बजरी माफियाओं के खिलाफ ऑपरेशन अखरोट चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार की शाम को पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए जवाई नदी में अवैध बजरी खनन कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। साथ ही ट्रैक्टर के ड्राइवर जालोर के एफसीआई कॉलोनी निवासी जबराराम (30) पुत्र मोहनलाल भील को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में एएसआई सगुणा, कॉन्स्टेबल विजय कुमार व सुरेन्द्र रहे।



# चौरा के ग्रामीणों की चौथे दिन भूख हड़ताल जारी

▶▶ स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज, ग्रामीण बोले मांगे नहीं माने जाने तक पीछे नहीं हटेगें
▶▶ रामेश्वर नगर राजस्व गांव निरस्त करने की मांग पर अड़े ग्रामीण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांचौर ।** क्षेत्र के चौरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणो ने नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग को लेकर उपखंड मुख्यालय के समक्ष चौथे दिन भूख हड़ताल जारी रखी, इस दौरान भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणो के स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई । वहीं मांगों को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा, जिसमें नवीन राजस्व गांव रामेश्वर नगर निरस्त करने की मांग की। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं बनाये गये रामेश्वर नगर को निरस्त करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत चौरा की ओर से कोई प्रस्ताव नये रेवेन्यू गांव के लिए नहीं भेजा गया, जबकि गांव के तीन लोगों ने मिलकर नया राजस्व गांव सृजित करा दिया, जबकि नये राजस्व गांव में न तो कोई सरकारी जमीन है। ऐसे में पूरे क्षेत्र में खातेदारी जमीन के अलावा कोई जमीन भी नहीं है, जबकि गांव के पूर्व सरपंच रतन देवासी , वसनाराम चौधरी व पटवारी ने मिलकर फर्जी हस्ताक्षर कर प्रशासन को प्रस्ताव भिजवा दिया गया, इतना ही नहीं नये रेवेन्यू विलेज में जाति विशेष की ढाणियो को चुन- चुन शामिल किया गया है. ताकि पंचायत बनने के बाद पंचायत पर उनका ही कब्जा रहे। ऐसे में यह गलत है और अन्य ग्रामीणों के साथ अन्या है, जबकि राजस्व गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आठ किमी की दूरी तक कर ग्राम पंचायत जाना पड़ेगा, जबकि दो किमी दूर ग्राम पंचायत से उनको दूर भेज दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। वहीं प्रशासन द्वारा बार- बार ज्ञापन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणो ने उपखंड कार्यालय के समक्ष् धरने पर बैठकर शूरू कर दिया वहीं चार ग्रामीणों का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। जिसमें तुलसाराम पुरोहित, महेन्द्र सिंह राजपुत, अणदाराम मेघवाल, आसुराम मेघवाल ने आमरण अनशन जारी रखा, इस अवसर पर पुखराज, बलवंत एच सुथार, कृष्ण सिंह, भीखाराम माली, राणाराम साहू, भूपाराम , महावीर सिंह, महेन्द्र सिंह, तुलाराम पुरोहित, लक्ष्मण मेघवाल, जोराराम चौधरी, श्रवण सुथार, खेमाराम, प्रेमाराम, नारायण मोदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें। विधायक चौधरी पहुंचे धरना स्थल ग्रामीणों को दिया आश्वासन चौरा के ग्रामीणों द्वारा दिये जा रहे धरने में विधायक जीवाराम चौधरी भी पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का भरोसा दिया। सरकार द्वारा पूरा मामला पहुंचाने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने विधायक से नियम विरूद्ध राजस्व ग्राम बनाने की शिकायत की।

# छुआछूत सामाजिक अपराध : स्वामी अखिलेश्वररानंद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** चैत्रीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जालोर नगर में ऋषि ज्ञानआत्मानंद महाराज और भारत माता संस्कार सेवा ट्रस्ट के पावन सानिध्य में सनातन धर्म संस्कार कथा एवं भारत माता आराधना में महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज ने कहा कि छुआछूत सामाजिक और संवैधानिक अपराध है। सिर्फ कथनी में ही नहीं बल्कि करनी में भी इस कुरीति को समाप्त करना जरूरी है। सभी समान है और सभी में प्रभु का वास है। इससे पहले स्वामी जी का सर्व समाज द्वारा बहु-मान स्वागत किया गया। सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने पूज्य स्वामी का फूल माला, साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस बहुमान आयोजन में समाज के गणमान्य समाज-बंधु उपस्थित रहे। स्वामी ने ऋषि ज्ञानात्मानंद जी के भारत माता ट्रस्ट द्वारा की जा रही कथा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैदिक धर्म एवं भारतीय संस्कृति समाज को संस्कार से शिक्षित करने का प्रेरणादायक प्रयास कर रहें है। उन्होंने कहा कि छुआछूत पूज्य जलंधर नाथ जी और जाबालि ऋषि की तपोभूमि पर सर्व समाज का यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता का संदेश दे रहा है। महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वररानंद ने कहा कि हमारे भगवान, शास्त्र सामाजिक समरसता की प्रेरणा देते है। उन्होंने परिवार में संस्कारों की स्थापना पर बल देते हुए कहा भारत का भविष्य के आधार परिवार और संस्कारों पर ही निश्चित होगा। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए ऋषि ज्ञान आत्मानंद जी मायड़ भाषा मे कथा करते हुए गुरु महिमा और गृहस्थ धर्म के कर्तव्यों की विस्तार से व्याख्या की। उन्होंने कहा कि संसार के सारे संसाधन ईश्वर की संपदा है और हम सभी उसके ट्रस्टी हैं। अतः ईश्वरी संपदा का प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए केवल भोग विलास के लिए नहीं। इस अवसर पर देवीलाल माली, गिरीश माथुर, दिनेश माली, बाबूलाल सुंदेशा,अजय गुप्ता,मदन सोलंकी, संदीप जोशी, अशोक शर्मा, राजेन्द्र भूतड़ा, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर,उमाकांत गुप्ता, देवीलाल सुंदेशा, बलवीर शर्मा,मोहनलाल, बालकृष्ण, सरदारसिह, सुषमा गोयल, प्रेमराज, गोपाल जोशी, अशोक गुर्जर, कपूराराम परिहार, उमाकांत गुप्ता, नारायण लाल , सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

## संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा

▶▶ कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में उठे कई मुद्दे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के निम्बावास में कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भीनमाल और बागोड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में भीनमाल के विधायक डॉ. समरजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अमृतनाथ महाराज ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से विधानसभा प्रभारी श्रवण पटेल और जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने भी बैठक में शिरकत की। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन को मजबूत बनाना था। नेताओं ने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक समरजीत सिंह, प्रभारी श्रवण पटेल और जिला अध्यक्ष भंवरलाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। स्थानीय नेतृत्व में भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष जीव सिंह और बागोड़ा ब्लॉक अध्यक्ष शैलेश देवासी मौजूद रहे। इनके अलावा सभी मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।



# जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा गरमाया



▶▶ रानीवाड़ा पंचायत समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक शनिवार को प्रधान राघवेंद्र सिंह देवड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जल जीवन मिशन में हो रही अनियमितताओं को लेकर जनप्रतिनिधियों ने कड़ी नाराजगी जताई। विकास अधिकारी हेमलता बिश्नोई ने पिछली बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया। जनप्रतिनिधियों ने बिजली और जलदाय विभाग की शिकायतों के निस्तारण न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति की मांग की। कई पंचायतों के प्रशासकों ने जेजेएम योजना के अधूरे कार्यों और वंचित ढाणियों को पेयजल से जोड़ने के मुद्दे पर पीएचईडी अधिकारियों की आलोचना की।

विधायक रतन देवासी ने कहा कि आज भी पंचायतों में योजना का काम अधूरा है और नलों में पानी नहीं पहुंचता है। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन में प्रोजेक्ट अधिकारी और ठेकेदार मिलकर अनियमितताएं कर रहे हैं। बिजली विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठे। जर्जर पोल, ढीले तार, गलत बिल और कनेक्शन न देने की शिकायतें सामने आईं। बैठक में तहसीलदार हनवंत सिंह, सीबीओ गजेंद्र देवासी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रधान ने विभागीय अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए और रानीवाड़ा के प्रसिद्ध पशु मेला सेवड़िया में आने का निमंत्रण दिया।

## तारी बोहरा को मरणोपरांत श्रीमाल गौरव शिरोमणि रतन भूषण अलंकार से सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा ग्राम पंचायत के पूर्व पंचायत सदस्य समाजसेविका तारी देवी बोहरा को विप्र फाउंडेशन जालौर द्वारा उनके मरणोपरांत श्रीमाल गौरव शिरोमणि रतन भूषण अलंकार से सम्मानित किया गया ज्ञात रहे कि श्रीमती बोहरा का 20 मार्च को 92 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया था बोहरा ग्राम पंचायत रानीवाड़ा की पूर्व पंचायत सदस्य भी रह चुके थे समाज सेवा एवं गौ भगत के रूप में उनकी सेवा अनुकरणीय थी इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दिनेश नवीन घनश्याम व्यास भाना राम बोहरा मुकेश कुमार जोशी महेंद्र कुमार त्रिवेदी गिरीश कुमार अवस्थी सुरेंद्र कुमार जोशी भरत कुमार त्रिवेदी अशोक कुमार बोहरा चंदूलाल बोहरा हीतेश कुमार बोहरा नवीन बोहरा परेश बोहरा किरण बोहरा भावेश कुमार बोहरा सुरेश कुमार जोशी सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे इस अवसर पर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए सभी बंधुओं ने विप्र फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे गौ माता को राज्य माता घोषित करने के बारे में राज्य सरकार से निवेदन पत्र पर हस्ताक्षर कर राज्य सरकार से गौ माता को राज्य माता घोषित करने की मांग की।



# वृद्ध महिला से लूट की वारदात का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**सायला।** पुलिस के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व जालोर वृताधिकारी गौतम जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह के निर्देशन में एएसआई राजाराम के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा ग्राम पोषाणा में गत 02 अप्रेल की रात्रि में वृद्ध महिला के साथ हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश कर एक आरोपी को दस्तयाब किया गया। पुलिस के अनुसा लूट की वारदात की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जालोर द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करने के लिए तुरन्त एम.ओ.बी. टीम को मौक पर बुलाकर घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर साक्ष्यों का संकलन किया गया। जिला साईबर टीम डीसीआरबी से तकनीकी सहयोग प्राप्त किया गया। साथ ही गांव पोषाणा, सियावट व आसपास आने जाने वाले रास्तो पर निगरानी रखते हुए उन रास्तों पर लगे हुए सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को गठित टीमों द्वारा देखना शुरू किया जाकर करीब 80 सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। जांच के दौरान व सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से संदिग्ध हरसनराम गिरफ्तार किया गया। जिसे पूछताछ के दौरान जुर्म कबुल करने पर गिरफ्तार किया गया। जांच जारी है। इस दौरान पुलिस कार्रवाई टीम में थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह, एएसआई राजाराम, हेड कांस्टेबल भुराराम, कांस्टेबल घमूराम, अर्जुन कुमार, जगताराम, लक्ष्मणराम एवं तकनीकी टीम में कांस्टेबल पहाडसिंह शामिल रहे ।

गौरतलब है की पीड़िता चुन्नी देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पति का स्वर्गवास हो चुका है। वह घर पर अकेली रहती है। उसके चार पुत्र है जो सभी बा हर रहते हैं। गत 2 अप्रेल की रात्रि को अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर उसके गले से 1.5 तोला सोने की चेन जबरदस्ती ले गया तथा 15 हजार रुपए चोरी ले गया। इसके बाद बदमाश वहां से भाग गया। वृद्धा ने शोर मचाया तो पडोसी हरसन व जीताराम देवासी आये व उनके घर ले गये। सवेरे वृद्धा के परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर गएऔर इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा आज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व स्थानीय समाजसेवी संगठनों के सहयोग से रविवार को दोपहर शोभायात्रा का आयोजन होगा।कार्यक्रम संयोजक संदीप देसाई ने बताया कि शोभायात्रा फ़ाफ़रिया हनुमान मंदिर से धर्म ध्वज के साथ शुरू होगी,जो हाई सेकेंडरी स्कूल, कुल्फी फैक्ट्री ,रामदेव मंदिर,पुराना पुनासा बस स्टैंड, पुराना भीलों का चौहट्टा, घांचीयों का चौहटा,पुराना महालक्ष्मी मंदिर व विवेकानंद सर्किल से माघ चौक तक पहुंचेगी। विश्व हिंदू परिषद जोधपुर प्रांत कोषाध्यक्ष राव वचन सिंह ने बताया कि शाखा मैदान में विशाल धर्म सभा का आयोजन होगा। इस दौरान 108 दीपों की महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम में महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। गौरतलब है की हर वर्ष रामनवमी के उपलक्ष्य में शोभायात्रा मोटर साइकिल पर निकलती थी,लेकिन इस बार पैदल निकलेगी। शोभायात्रा में केसरिया साफा और श्वेत वस्त्र में भाग लेंगे। इसी के साथ ही रथ,डीजे, बैंड व झांकी सहित बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

मंडल रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6 ठा तल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/03 दि. 03.04.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** बांद्रा पाली हिल कॉलोनी में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस का निर्माण (संयुक्त कार्य)। **कार्य की अनु. लागत:** रु. 5,45,53,554.17, **ईएमडी:** रु. 4,22,800/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** 25.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 25.04.2025 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0012**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत (ऊर्जा) कार्य**

वरि. डीईई/पी/मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. ईएल-81-2-661-डब्ल्यूए-1 दि. 03.04.2025** आमंत्रित है। **कार्य तथा स्थान:** चर्चगेट- ओआरएच सूट, लॉबी के उन्नयन तथा ऑफिसर्स रेस्ट हाउस (ओआरएच), चर्चगेट में स्ट्रक्चर, वॉटर प्रूफिंग, कमरे, टॉयलेट आदि की सामान्य संधारण तथा गहन संधारण के संबंध में विद्युत (ऊर्जा) कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 26,64,403/-, **बोली प्रतिभूति:** रु. 53,300/-, **जमा करने की दिनांक तथा समय:** निर्धारित प्रारूप में 28.04.2025 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक तथा समय:** 28.04.2025 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट विवरण:** आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देखें। **0014**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**एंटी क्लाइंबींग डिवाइस की आपूर्ति और स्थापना**

**कार्य का विवरण:** मध्य रेल के मुंबई मंडल के कल्याण और लोनावाला जिले के एनई और एसई घाट खंड में ओएचई मास्ट पर बंदरों को चढ़ने से रोकने के लिए बंदर प्रवण क्षेत्र में एंटी क्लाइंबींग डिवाइस की आपूर्ति और स्थापना। **अनुमानित लागत:** ₹6951490.24. **ईएमडी:** ₹139000/-. **निविदा पपत्र का शुल्क:** ₹0.00. **समापन अवधी:** 12 महिने। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. **03/05/2025** को **11:00** बजे है। ई - निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है।

**खुली निविदा संख्या:** KYN-LD-583-P-Rev-24-25-11

रेलवे फाटक को बंद स्थिती में पार करना मना है

Sai/013

# रिजाणी गांव के स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा, शिक्षा के महत्व पर दिया गया जोर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** रिजाणी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में शनिवार को एक भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के अंतर्गत मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर अनावरण समारोह का आयोजन किया गया। यह मंदिर डॉ. एसके भार्गव की ओर से बनवाया गया है। मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना के इस विशेष कार्यक्रम में ग्रामीणों सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत रहे। वहीं महावीर इंटरनेशनल सनराइज से डॉ. एसके भार्गव, डॉ. एसएन शुक्ला, राजेंद्र जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी समसा कमलेश तेतरवाल, स्कूल के प्राचार्य सुनिल कुमार, उप प्राचार्य अंबिका झाझड़िया, उप सरपंच नेमीचंद और समाजसेवी शिवचंद कुलहरि विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर और राजस्थानी साफा बांधकर स्वागत किया। मंच संचालन राम सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना से हुई, इसके बाद छात्राओं ने रंगारंग राजस्थानी गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। अपने संबोधन में अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है और अंधकारमय रहता है। मां सरस्वती की पूजा से विद्या, बुद्धि और एकाग्रता प्राप्त होती है। जो जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉ. उम्मेदसिंह, डॉ. एसएन नरूका, डॉ. आलोक गौड़, महेश मूंड, डीके गौड़, अनुपम शर्मा, मुबारिक अली पहाड़ियान, लालाजी, प्रदीप शुक्ला, चंद्रमोहन अग्रवाल, अशोक शेखावत, विकास शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक, स्कूल स्टाफ और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह ने शिक्षा और संस्कृति के मेल से एक नई प्रेरणा का संचार किया। जिससे न केवल छात्रों में बल्कि अभिभावकों और ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला। समारोह के अंत में सभी उपस्थितजनों ने मां सरस्वती के मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के सफल संचालन के लिए स्कूल प्रशासन और स्थानीय समाजसेवियों की भूमिका सराहनीय रही।

# गौड़ ब्राह्मण महासभा ने किया राष्ट्रीय संरक्षक बासोतिया का अभिनंदन



**झुंझुनूं।** गौड़ ब्राह्मण महासभा के मुख्य राष्ट्रीय संरक्षक नवलगढ़ निवासी व अहमदाबाद प्रवासी समाज के उद्योगपति भामाशाह गोविंदराम बासोतिया का नवलगढ़ आगमन पर गौड़ ब्राह्मण महासभा जिला झुंझुनूं इकाई द्वारा गनेड़ी धाम के पीठाधीश्वर निवृत्तिनाथ महाराज के सानिध्य में माला, दुपट्टा व साफा पहना व भगवान रामलला का प्रतीक चिह्न देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बासोतिया ने कहा कि मोतियों जैसे समाज को एक माला में पिरोना जरूरी है। कार्यक्रम संयोजक समाज के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया ने बताया कि बासोतिया का यह सम्मान समाज में भामाशाह के रूप में निष्ठा व समर्पण भाव को देखते हुए किया गया है। इस अवसर पर पशुपति शर्मा सीकर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विजय बासोतिया, जिला संरक्षक कांतिप्रसाद ढंढ, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसीसर, महामंत्री शिवचरण पुरोहित, विप्र फाउंडेशन संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, पवन पुजारी, सुरेंद्र शर्मा, विनोद पुरोहित, लीलाधर पुरोहित, ओमप्रकाश सर्राफ, राजेंद्र शर्मा, रामस्वरूप बासोतिया, बाबूलाल सुरोलिया राजकुमार बासोतिया, संजय बासोतिया, संजीव सुरोलिया सहित समाज के गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मकान मालिक का बेटा अस्पताल में भर्ती, किराएदार ने घर पर किया हाथ साफ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** घर का सदस्य बीमार था तो पीछे से किराएदार ने ही मौका देखकर मकान मालिक के घर पर हाथ साफ कर दिया इस आशय का मुकदमा शनिवार को पूजा धर्मपत्नी स्वर्गीय अरविंद कुमार शर्मा ने राजगढ़ थाने में दर्ज करवाया है। दर्ज मामले के अनुसार परिवादिनी पूजा के घर के ऊपरी हिस्से पर देवीपुरा गांव की पूनम जाट किराए पर रहती थी। 22 फरवरी को पूजा के पति अरविंद बीमार हो गए और गंभीर रूप से बीमार होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसके बाद हिसार भी ले जाया गया एवं उपचार के दौरान अरविंद का निधन हो गया। इस दौरान मौका पाकर किराएदार पूनम देवी जाट ने नीचे के कमरे के ताले तोड़ते हुए कीमती सामान और रुपए चुरा दिए। दर्ज मामले के अनुसार आरोपी ने 10 हजार रुपए नकद के अलावा सोने के दो मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी की पाजेब तथा अन्य गहने भी चुरा लिए। अरविन्द का निधन होने के बाद जब मकान मालिक आदि घर पहुंचे तो पूनम ने सामान पैक कर रखा था और वह वहां से चलती बनी। इस वारदात का की जानकारी परिवारजनों को बाद में लगी तो उन्होंने अरविंद की मौत की रस्मों, द्वादशे आदि पर के पश्चात मामला दर्ज करवाया है।

### पार्क बनाने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सार्वजनिक कुआं फतेहपुरिया व फतेहपुरीयान बाग फतेहपुरीयान की 17818 दरगज भूमि को भूमाफिया से बचाकर सार्वजनिक पार्क बनाने की मांग को लेकर ओम प्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा को लिखित ज्ञापन सौंपा। ओम प्रकाश गोस्वामी, राजेंद्र गोस्वाम,ी सज्जन गोस्वामी, लालचंद गोस्वामी, बजरंग गोस्वामी, श्रीराम गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

### यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा आएंगे श्यामपुरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा रविवार को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं जिले के श्यामपुरा नुआ आएंगे। वे शाम 3 बजे श्यामपुरा में महादेव सिंह पूनिया की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित मूर्ति अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। श्याम 4:30 बजे में श्यामपुरा से लक्ष्मण के लिए रवाना होंगे।

### इस्लामपुर में शिव परिवार एवं बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना 13 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले के इस्लामपुर कस्बे के धोड़ी नगर में स्थित शिव एवं बालाजी मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया गया है। जिसके चलते शिव परिवार एवं बालाजी महाराज की मूर्ति स्थापना को लेकर विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम 13 अप्रैल से शुरू होंगे। इसी दिन शाम को 5:15 बजे हवन होगा। वहीं 14 अप्रैल को सुबह 7:15 बजे कलश यात्रा एवं मूर्ति नगर भ्रमण करवाया जाएगा और दोपहर 1:15 बजे विधि विधान पूर्वक मूर्ति स्थापना की जाएगी। रात्रि को आकाश गिरी महाराज के सानिध्य में रात्रि जागरण किया जाएगा और 15 अप्रैल को शाम 5:15 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रकार की अलौकिक झांकियां भी सजाई जाएगी।

### रामनवमी पर शोभायात्रा की ड्रोन कैमरों से होगी विशेष निगरानी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सीकर।** जिले में रविवार को रामनवमी के पावन अवसर पर सीकर शहर में आयोजित होने वाली शोभायात्रा के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर रतन कुमार ने जानकारी दी कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन कैमरों से विशेष निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही वीडियोग्राफी के माध्यम से संपूर्ण गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने पांच मेडिकल एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी की है। कंट्रोल रूम के माध्यम से ड्रोन, वीडियोग्राफी और सीसीटीवी कैमरों की मदद से सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि शोभायात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने यह भी बताया कि शोभायात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। गलत या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य इस आयोजन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है।

### दिलावर, मेघवाल और राठौड़ आज झुंझुनूं आएंगे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शिक्षा व पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर एक दिवसीय दौरे पर छह अप्रेल को झुंझुनूं आएंगे। जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद और भाजपा नेता महेश जीनगर ने बताया कि दिलावर छह अप्रेल को सुबह चार बजे जैसलमेर से सीधे झुंझुनूं पहुंचेंगे। शिक्षा व पंचायतराज मंत्री सर्किट हाउस झुंझुनूं पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता व प्रतिनिधि उनका सर्किट हाउस में स्वागत अभिनंदन भी करेंगे। जिसके बाद वे टमकोर गांव में 11 बजे आचार्य महाप्रज्ञ स्कूल में प्रस्तावित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। टमकोर में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल व पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ समेत अन्य नेता हिस्सा लेंगे।

### हनुमान जन्मोत्सव का होगा आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** ईदगाह रोड स्थित श्री सैन बगीची में हर साल की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन12 अप्रेल को किया जाएगा। दिलीप श्यामड़ीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में फूलों से बालाजी महाराज का श्रृंगार किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तजनों से निवेदन है कि मंदिर परिसर में पहुंचकर बालाजी के दर्शन का लाभ लेवे तथा साथ में भजन संध्या का आनंद लें।

### नवपाठकों ने करवाया पंजीकरण



**खेतड़ी।** कस्बे के सार्वजनिक पंचायत समिति पुस्तकालय में सत्र 2025—26 के नव पाठकों द्वारा पुस्तकालय में पंजीकरण करवाया गया। इस अवसर पर सभी पाठकों ने मिलकर पुस्तकालय को प्रतियोगी परीक्षा के लिए निशुल्क पुस्तकें पुस्तकालय में भेंट की तथा सभी पाठकों का पुस्तकालय में स्वागत किया गया।

# मातारानी की भक्ति का उमड़ा ज्वार, युवा हरिद्वार से लाए कावड़



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में चैत्रीय नवरात्रा में माता रानी की भक्ति का ज्वार ऐसे उमड़ा हुआ है कि हर कोई माता की आराधना में लगा हुआ है, ऐसे में जहां घर-घर माता रानी के पाठ हो रहे हैं। वही माता के मंदिरों पर विशेष सजावट और श्रृंगार किया गया है, ऐसे में शहर से दूर डांग क्षेत्र में भी माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं। बाड़ी से करीब 35 किलोमीटर दूर चंबल किनारे कस्बा नगर गांव के 16 युवा हरिद्वार हर की पौड़ी से माता रानी को गंगाजल चढ़ाने लाए हैं। करीब सात दिन पूर्व उनका यह सफर शुरू हुआ था जो अब पूरा होने वाला है। कस्बा नगर गांव के निवासी खुशवीर सिंह पुत्र प्रकाश भंडारी ने बताया कि वह सात दिन पूर्व अपने गांव के 16 युवा साथियों के साथ हरिद्वार हर की पौड़ी से गंगाजल लेने निकले थे। चार कावड़ों में माता रानी को यह गंगाजल लाया गया है। अब तक सभी लोग 600 किलोमीटर की दूरी का सफर तय कर चुके हैं। शनिवार को बाड़ी से उनकी यह कावड़ यात्रा अपने गांव कस्बा नगर के लिए प्रस्थान कर चुकी है। बाड़ी से कस्बा नगर की दूरी 35 किलोमीटर है,ऐसे में देर रात तक वह अपने गांव पहुंच जाएंगे। रविवार की सुबह गांव की माता रानी को गंगाजल अर्पित किया जाएगा। इसके बाद 9 दिन के पाठों का समापन होगा और भंडारा किया जाएगा।

**शहर में भी माता रानी के पाठों का होगा समापन, पूर्णाहुति यज्ञ के बाद होगा भंडारा :** शहर में भी मां राजराजेश्वरी के मंदिर सहित काली माई मंदिर,बीजासेन मंदिर और अन्य माता रानी के मंदिरों पर पाठों का समापन होगा। इसके बाद पूर्णाहुति यज्ञ किया जाएगा और भंडारा होगा, ऐसे में राजराजेश्वरी मंदिर पर भंडारे के लिए तैयारी चल रही हैं।

# चैत्रीय नवदुर्गा महोत्सव में काव्य पाठ का आयोजन



## मेला मंच से दी दिवंगत अभिनेता मनोज कुमार को श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में नगर पालिका द्वारा आयोजित किया जा रहा चैत्रीय नवदुर्गा महोत्सव के तहत सप्तमी की रात मेला मंच पर स्थानीय कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। काव्य पाठ से पूर्व फिल्म अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ में स्थानीय गीतकार एवं मुकेश के गीत गाने वाले साबिर शाह द्वारा अभिनेता मनोज कुमार के गीतों की जब प्रस्तुति दी तो पूरा पांडाल गूंज उठा। इसके बाद कवियों का काव्य पाठ शुरू हुआ जो देर रात तक चला। हालांकि दर्शकों और श्रोताओं की संख्या मेला मैदान में कम दिखाई दी। मेला रंगमंच पर मंच संचालन कर रहे बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि शुक्रवार की रात स्थानीय कवियों के काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्र के कवियों ने अपनी कविताओं,व्यंग्य रचनाओं और गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पीएमओ डॉ शिवदयाल मंगल ने शिरकत की साथ में अन्य अतिथियों में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, प्रभाकर दीक्षित,राधेश्याम अग्रवाल मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि होतम सिंह,वाइस चेयरमैन अहमद जमा खां के साथ सभी पार्षद गण और मेला अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल ने मंचासीन अतिथियों और कवियों का स्वागत एवं सम्मान किया। मेला मंच से नगर पालिका के कार्मिकों का भी सम्मान किया गया। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी दिव्यांग श्याम राय का इस दौरान विशेष स्वागत सम्मान हुआ और उनके कार्यों की सराहना की गई।

# विप्र सेना ने दुर्गा अष्टमी मनाई



**झुंझुनूं।** बगड़ रोड स्थित देवी द्वार बिजली बोर्ड के सामने, विप्र सेना के तत्वावधान में विप्र सेना के जिलाध्यक्ष गुलझारीलाल शर्मा के सानिध्य में दुर्गा अष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात पंडित हर्षवर्धन ढंढ के सानिध्य में पूजा अर्चना करने के साथ ही हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके बाद कन्याओं को भोजन प्रसादी का ब्राह्मण पंडित को मंत्रों द्वारा पठन पाठन किया गया। इस अवसर पर विप्र सेना के जिलाध्यक्ष गुलझारीलाल शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया, ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता शिवचरण पुरोहित, पुजारी सेवक महासंघ के जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, रामचंद्र शर्मा पाटोदा, बालमुकुंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा ढाणीवाला, मुकेशकुमार शर्मा, वरिष्ठ ठेकेदार रामसिंह पचार, एडवोकेट नीरज शर्मा, विजय अग्रवाल, संजू अग्रवाल, रघुनाथ पोद्दार, शिक्षाविद संजय माथुर, ऋषि जोशी, हर्षिता बिरमीवाला, वैभव, विजय गोयल रायपुर छत्तीसगढ़ व अंकिता गोयल आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कोचिंग सेंटर हॉल के निर्माण में एक लाख ग्यारह हजार रुपए की राशि समिति सदस्यों को भेंट की

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**नोहर।** जाट लोक सेवक समिति नोहर द्वारा सेक्टर नंबर 5 में संचालित जाट कन्या छात्रावास में डॉक्टर मनीष चौधरी पुत्र लक्ष्मी नारायण कस्वां निवासी दीपलाना द्वारा निर्माणाधीन कोचिंग सेंटर हॉल के निर्माण में एक लाख ग्यारह हजार रुपए की राशि समिति सदस्यों को भेंट की गई। डॉक्टर मनीष चौधरी वर्तमान में पीजीआई रोहतक में पीडियाट्रिक विभाग में पीजी कर रहे हैं एवं अपने प्रथम वेतन को बालिका शिक्षा को समर्पित करते हुए इस हॉल निर्माण में सहयोग राशि के रूप में भेंट किया। डॉक्टर मनीष चौधरी की माता श्रीमती शारदा रानी वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरडकी में अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम में डॉक्टर मनीष चौधरी, उनके पिता लक्ष्मी नारायण कस्वां, माता शारदा रानी एवं बहन रितु चौधरी सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष अमर सिंह सहारण टोपरियां ने भामाशाह कस्वां परिवार दीपलाना का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि समिति के द्वारा संचालित बालिका छात्रावास में वर्तमान में सर्व समाज की छात्राएं रहकर अध्ययन कर रही हैं एवं सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समिति के द्वारा इस हॉल का निर्माण किया जा रहा है।

# नोहर-साहवा व सोनड़ी मार्ग पर प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** नोहर-साहवा व सोनड़ी मार्ग पर प्रशासन द्वारा शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरु की गई। हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सुबह ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरु कर दी। पूरा प्रशासनिक अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा। अनेक विभागों के अधिकारी व भारी संख्या में पुलिस जाब्ता मौके पर मौजूद था। विश्वकर्मा चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरु की गई। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस मार्ग पर 433 अतिक्रमण चिन्हित किए गए है। जिसमें अनेक कच्चे व पक्के अतिक्रमण शामिल है। अनेक मकान व दुकाने पूरी तरह अतिक्रमण की जद में है। प्रशासन द्वारा मौके पर अनेक अतिक्रमण तोड़े गये। हालांकि पूर्व में प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी के चलते अधिकांश लोगों ने अपने स्तर पर ही अतिक्रमण हटा लिये। अतिक्रमण हटाने को लेकर तीन एरिया मजिस्ट्रेट जिला कलक्टर द्वारा नियुक्त किए गए है। अतिक्रमण हटाने के दौरान लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कंवर, तहसीलदार बजरंग सिंह, नायब तहसीलदार संजीव सिहाग, अधिशाषी अभियंता विनोद कुमार खालिया, पुलिस उपाधीक्षक ईश्वर सिंह, थाना प्रभारी ईश्वरानंद शर्मा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बसंत सैनी, कनिष्ट अभियंता सुशील सिहाग सहित अनेक विभागों के अधिकारी कर्मचारी व पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। करीब सौ से अधिक पुलिस कर्मियों का पुलिस जाब्ता मौके पर रहे। अनेक विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। आस-पास के थानों के थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद रहे। सुबह विश्वकर्मा चौक से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कि गई। पूरे मार्ग पर प्रशासन द्वारा दिनभर अतिक्रमण हटाये गये। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शांतिपूर्वक रहने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। पूरे मार्ग पर दिनभर मेले जैसा माहौल रहा। अतिक्रमण हटाने के चलते मार्ग पर यातायात का रूट भी बदला गया। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता विनोद कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार बाल कृष्ण व्यास को बताया कि पूरे मार्ग पर अतिक्रमण हटा दिये गये है। जो अतिक्रमण पूर्व में चिन्हित किये गये थे, उन्हें हटाया गया है। उन्होंने बताया कि जिन अतिक्रमणों को तोड़ा गया है भवन मालिकों को उनका मलबा हटाने को कहा गया है। प्रशासन द्वारा अगर मलबा हटवाया गया तो खर्चा भवन मालिक से वसूल किया जाएगा।

# नहीं रहे राजस्थान के मशहूर जादूगर त्रिकाल

**झुंझुनूं।** जादूगर सम्राट त्रिकाल का आकस्मिक निधन हो गया। जादूगर त्रिकाल



ने पूरे राजस्थान में अपनी जादूगरी की छाप छोड़ गए जादूगर त्रिकाल पूरे। शेखावाटी में अपने जादू की जादूगरी दिखाई थी। जिनका झुंझुनूं से भी एक निकट रिश्ता रहा। उनकी बड़ी बहन का ससुराल झुंझुनूं में वार्ड नंबर 39 में था। जब उनकी मृत्यु का समाचार मिला तो झुंझुनूं निवासियों को काफी दुख हुआ। जिनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नोहर भूकरका में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में झुंझुनूं से काफी संख्या मे लोग गए और उनको अंतिम विदाई दी। जादूगर त्रिकाल ने झुंझुनूं में भी बहुत जादू के शो किए हुए है। झुंझुनूं में उनका काफी लोगों से प्रेम था। उनके जीजा सुशील कुमार सहल सब्जी मंडी सफेदी माता मंदिर के पास रहते है। सप्त ऋषि मंडल व पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा राकेश सहल ने बताया कि जादूगर सम्राट त्रिकाल का जाना राजस्थान के लिए बहुत बड़ी दुर्घटना के समान हैं।

# घांची समाज के आराध्य चारभुजानाथ के नाम भजन संध्या आज भरेगा मेला



**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव स्थित घांची समाज के आराध्य श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर में श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में घांची समाज का दो दिवसीय वार्षिक मेला व स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ शनिवार शाम को हवन में आहुतियां देकर किया गया। यजमानों ने हवन में आहुतियां देकर चारभुजानाथ से क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। अतिथियों द्वारा गणपति पूजन के साथ मेले का आगाज किया गया। इसके बाद रात में भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें भजन कलाकार शंकर टांक, ललिता पंवार ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या का शुभारंभ गणपति व गुरु वंदना के साथ किया गया। भजन कलाकारों ने चारभुजानाथ के एक से एक बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी के साथ नृत्य कलाकार ममता भारती व पूजा राठौड़ ने भी अपनी उम्दा कलाकारी का प्रदर्शन किया। दिल्ली की सुदामा एंड पार्टी ने विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां प्रदर्शित कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। भोर तक भजन संध्या चलती रहीं। भजन संध्या में कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सदस्यों, पंच-पटेलों सहित दूरदराज क्षेत्र से समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया लिया। मेले में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, समारोह की अध्यक्षता सांसद पी पी चौधरी, विशिष्ठ अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे।

**▪ आज गांव में चारभुजानाथ की शोभायात्रा निकलेगी, भामाशाहों व अतिथियों का होगा बहुमान**

### पीएम मोदी के बहन-बहनोई पहुंचे, स्वागत किया

▪ चारभुजा नाथ के मेले में शनिवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहन-बहनोई पहुंचने पर महासभा की और से बहुमान किया गया। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने बताया कि पीएम मोदी के जीजाजी हंसमुख भाई मोदी व जीजी वसंती बने मोदी के मेले में पहुंचने पर डीजे की धून पर गेट नंबर एक पर बहुमान किया गया।

### गांव में चारभुजानाथ की शोभायात्रा निकलेगी

दो दिवसीय समारोह में रविवार को मेला भरेगा। जिसमें दूरदराज क्षेत्र सहित देशभर के प्रवासी घांची समाज के लोग शिरकत करेंगे। उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने बताया कि दूसरे दिन छह अप्रैल को मेला भरेगा। जिसमें सर्वप्रथम सवेरे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें डीजे की धून पर ऊंट, घोड़ो के साथ चारभुजानाथ सहित अन्य संतो को सुसज्जित रथ में विराजित कर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गांव के विभित्र मुख्य मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंच संपन्न होगी। उसके बाद आयोजित समारोह में मेले में सहयोग देने वाले भामाशाहों, अतिथियों व समाज के विभित्र सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का बहुमान किया जाएगा। इस दौरान अगले साल मेले की बोलियां भी बोली जाएगी। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा।

# ग्रीन विनस पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव



**नाडोल।** ग्रीन वीनस पब्लिक स्कूल नाडोल में शनिवार को विद्यालय के नए परिसर में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन व वंदना कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी लालाराम प्रजापत, विशिष्ट अतिथि मदन लाल मालवीय, प्रधानाचार्य आना, अशोककुमार घावरी, प्रधानाचार्य कोटडी, नाडोल पुलिस चौकी एएसआई चंद्रवीर सिंह सोलंकी भगोड़ा, कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक व मनमोहक कार्यक्रमों के प्रस्तुति दी गई। कक्षा नर्सरी से दसवीं तक 2023-24 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक विनोद कुमार टेलर ने वर्ष पर्यंत शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी विद्यालय का जो नया भवन बनकर तैयार हुआ है उसकी संपूर्ण रूपरेखा अभिभावकों के सामने प्रस्तुत की। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान जी न्यूज़ सावाददाता संदीप राठौड़ खिंवाड़ा, प्रताप सिंह राजपुरोहित, रामलाल टेलर, कपिल चौहान, सचिन भाई जणवा, जोर सिंह चौहान, महेश अखावत- सचिव सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट, दलपत सिंह राजपुरोहित, यशपाल सिंह गुड़ा पृथ्वीराज, ईश्वर सिंह गुड़ा, केसर सिंह, मोहनलाल प्रजापत, लूम्बाराम प्रजापत, मनोहर सिंह पनोता व अन्य गणमान्य अतिथि व आसपास के गांवों के अभिभावक उपस्थित रहे।



# विश्वप्रसिद्ध अलौकिक कलाकृति का प्रतीक जैन स्वर्ण मंदिर : बसंती बेन





▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहिन बसंती बेन हंसमुख भाई मोदी का फालना आने पर जैन स्वर्ण मंदिर में भव्य स्वागत बहुमान शॉल ओढ़ाकर किया गया। वहीं हंसमुख भाई का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। बसंती बेन ने जैन स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह विश्व का उच्च कोटि का ख्यातिप्राप्त मंदिर हैं। मुझे ऐसे भव्य एवं चमत्कारिक जैन स्वर्ण मंदिर की अलौकिक कलाकृति के दर्शन करने का अवसर मिला जो अविस्मरणीय रहेगा। इस दौरान बसंती बेन ने कहा कि पुरा राजस्थान एक पर्यटक राज्य है। पुरे विश्व में सबसे अधिक पर्यटक स्थल राजस्थान में हैं। जिनके दर्शन के लिए देश विदेश से काफी दर्शनार्थी यहां आते जाते हैं। जिसमें गौडवाड़ का द्वार फालना भी सम्मिलित हैं। इस दौरान जैन संघ खुड़ाला के ट्रस्टी अशोक पारेख, समाजसेवी अमित मेहता, व्यापार संघ अध्यक्ष श्यामसिंह जोधा, सुरेश राजपुरोहित बारवा, प्रियक अग्रवाल, डा. मुकेश भाटी नाडोल, महेश नाहटा, जितेंद्र कलावत, स्वेता अग्रवाल, स्वर्ण मंदिर के मैनेजर नरपत लाल त्रिवेदी, हरीश देवमुरारी, वीरमा राम परिहार, डा. मगन सोलंकी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामनवमी महोत्सव आज

**नाडोल।** श्री राम जन्मोतस्व सेवा समिति द्वारा चैत्र नवरात्र के दौरान नौ दिन नगर में प्रति दिन नगर भ्रमण कर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। अब रविवार को समिति द्वारा श्री राम जन्मोतस्व के अवसर पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां, रथे, गेर नृत्य एवं कछची घोड़ी नृत्य का आयोजन होगा। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं आरती कर स्वागत किया जाएगा। यात्रा मार्ग में भक्तों द्वारा जगह-जगह शीतल पेयजल शर्बत एवं प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। यह शोभा यात्रा नाडोल नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई 12 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर बोहरों के बास में पहुंचेगी जहां प्रभु श्री राम के जन्म का कार्यक्रम आयोजित होगा। सायं काल सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

# पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता से चोरियों की वारदातें बढ़ रही

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** स्थानीय कस्बे में बीतीं रात को अज्ञात चोरों ने तीन अलग-अलग कृषि कुओं से लोहे की तारबंदी, पानी मोटर की केबल व आठ बकरे-बकरियां एक बोलोरो केपंर में डालकर अज्ञात चोर सांडेराव से फालना की ओर लेकर भाग गए। चोरी की वारदात के बाद पीड़ित परिवार जब पुलिस थाने फ़रियाद लेकर जाते हैं तो पुलिस भी उनकी सुनवाई नहीं कर उल्टा उन्हें भला बुरा सुनाकर भगा दिया जाता है। भबूतसिंह राजपुरोहित, शैतान सिंह राजपुरोहित सांडेराव ने अलग-अलग पुलिस को रिपोर्ट पेश कर बताया कि भूत मगरी रोड पर नदी किनारे मेरा कृषि कुंआ है जहां से बीती रात अज्ञात चोरों ने दोनों कृषि कुओं से पानी की मोटर से बिजली कनेक्शन की केबल कार कर लें गएं। वहीं हिराराम भील ने पुलिस को रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसके कृषि कुएं से आठ बकरे व बकरियां एक अज्ञात बोलोरो केंपर चालाक अपनी केंपर में डालकर कर फालना की ओर लेकर भाग गया है। सभी पीड़ित परिवार अपनी आप बीती सुनाने को लेकर अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज करवाने पुलिस थाने पहुंचे मगर पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

# बालिकाओं के लिए नि:शुल्क आरएससीआईटी कोर्स



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** नगर में स्थित पिछले 20 वर्षों से संचालित करियर कंप्यूटर शंखेश्वर बिल्डिंग सुभाष रोड में शनिवार को राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित बालिकाओं के लिए निःशुल्क तीन महीने का आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स का विधिवत शुभारंभ वार्ड पार्षद, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत व समाजसेवी अमित मेहता द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। सेंटर संचालक जितेंद्र ने बताया कि प्रतिवर्ष राजस्थान सरकार द्वारा 23 बालिकाओं को यह कंप्यूटर कोर्स निःशुल्क करवाया जाता है और इसके प्रमाण पत्र का उपयोग सरकारी नौकरियों में आवश्यक दस्तावेज़ के रूप में किया जाता है। सिद्धावत मेहता का सभी बालिकाओं से परिचय करवाया गया। उन सभी को आरएससीआईटी बुक प्रदान की गई। बालिकाओं के सुनहरे भविष्य की मंगल कामना की है और साथ ही मन लगाकर कंप्यूटर कोर्स सीखने की प्रेरणा दी।

# देसूरी : नवरात्रि महोत्सव में महिलाओं ने किया गरबा नृत्य



**देसूरी।** स्थानीय कस्बे के तेजलाव पर स्तिथ श्री अंबे माता व संतोषी माताजी मंदिर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव के तहत शुक्रवार की रात्रि में भक्तराज राजेन्द्र भंडारी के सानिध्य में गरबा नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें महिलाओं ने गुजराती धुनों पर जमकर गरबा नृत्य किया। इससे पूर्व शुक्रवार की शाम को माताजी मंदिर में महाआरती शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उसके बाद भक्तों ने माताजी की पूजा-अर्चना कर दर्शन किए। उसके बाद मंदिर प्रांगण गरबा नृत्य कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें महिलाओं के साथ बालिकाओं ने भाग लिया। गुजराती गरबा धुनों पर जमकर गरबा नृत्य किया। करीब दो घंटों तक चले गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान भक्तराज राजेन्द्र भंडारी, श्री अंबे माताजी व संतोषी माताजी ट्रस्ट कमेटी के सोहनलाल चौधरी अध्यक्ष, नरेन्द्रसिंह राठौड़ उपाध्यक्ष, सोहनलाल सोनी सचिव, हीरादास वैष्णव कोषाध्यक्ष, कमलेश सोनी सहकोषाध्यक्ष, अरविंद दवे सहसचिव, श्रवण सिसोदिया मेला प्रभारी एंव सदस्य मुकेशपुरी गोस्वामी,फुआराम चौधरी,मोतीलाल माली,जगदीश प्रजापति,रमेश लुहार,हीरसिंह राठौड़,सोहनलाल लुहार,लिलेश खत्री,श्रवण वैष्णव,मोतीलाल जैन,घनश्याम छिपा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# बच्ची की नाक में तीन इंच की सुई फंसी

**▶▶ खेलते समय मोती अटका, मां ने निकालने की कोशिश की तो दोनों फंसे**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में चार साल की बच्ची की नाक में तीन इंच लंबी सुई अटक गई। दरअसल, खेल-खेल में बच्ची के नाक में ब्रेसलेट का मोती फंस गया था। मां ने इसे निकालने के लिए सुई के अगले हिस्से को मोड़ा और बच्ची की नाक में फंसे मोती को निकालने की कोशिश की। बच्ची की हालत देखते हुए परिवार ने उसे बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने एक घंटे के अंदर बच्ची की नाक से सुई और मोती दोनों को बाहर निकाला। डाक्टरों ने बताया कि सुई और मोती नाक के सॉफ्ट टिशू में फंसे थे। पहले एक्सरे कराया। इसके बाद ऑपरेशन कर दोनों चीजें निकाल दी गईं। बच्ची अब पूरी तरह ठीक है। मामला पाली जिले के नाडोल गांव का है।

### चार पॉइंट में समझिए पूरी घटना

खेलते समय नाक में फंसा मोती: बच्ची की मां डिंपल ने बताया कि शुक्रवार को उनकी चार साल की बेटी इशिता घर में खेल रही थी। खेलते समय उसके हाथ में पहने ब्रेसलेट का एक मोती उसकी नाक में फंस गया। इससे उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। जब मैंने चेक किया तो नाक में मोती जैसी चीज नजर आई। इसे निकालने के लिए मैं घर में रखी एक लंबी सुई लाई। मोती निकालने के चक्कर में फंस गई सुई: डिंपल ने बताया कि मैंने सुई का अगला हिस्सा मोड़कर मोती को निकालने की कोशिश की। इस दौरान सुई का नुकीला सिरा बच्ची की नाक में अटक गया। इशिता बुरी तरह रोने लगी। उसकी नाक से खून बहने लगा। मैं बहुत घबरा गई। हम इशिता को तुरंत नाडोल हॉस्पिटल ले गए। वहां नाक का एक्स-रे किया गया। डाक्टरों ने बच्ची को पाली रेफर कर दिया। पति को किया फोन: डिंपल ने बताया कि उनके पति विनोद नारलाई में रावले में गार्ड का काम करते हैं। उनकी दो बेटियां हैं - इशिता और छोटी मीनाक्षी। जब इशिता की नाक में सुई फंस गई तो उन्होंने पति को फोन किया। पति के आने के बाद वे बच्ची को शुक्रवार शाम बांगड़ हॉस्पिटल ले गए। डाक्टर ने निकाली सुई: बांगड़ हॉस्पिटल में ईएनटी स्पेशलिस्ट डाक्टर रोहित पांडे और उनकी टीम ने बच्ची का इलाज किया। डाक्टरों ने एक्स-रे के बाद ऑपरेशन कर नाक में फंसी सुई और ब्रेसलेट का मोती निकाल दिया। डिंपल ने बताया कि अब उनकी बच्ची पूरी तरह ठीक है और घर पर है।



# लालावा उज्जैनी वीर मामाधणी का भव्य मेला आयोजित



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** स्थानीय कस्बे के लालावा उज्जैनी वीर मामाधणी का भव्य मेला मामाधणी उपासक गमनाराम चौधरी, महंत कैलाशपुरी महाराज के सानिध्य में हुआ। मेले के मुख्य अतिथि समाज सेवी अमरसिंह राजपुरोहित, विशेष अतिथि संजय सोनी एईएन देसूरी, हिन्दुराम देवासी, पुखराज घांची ने शिरकत कि। भजन कार्यक्रम हरिओम ग्रुप एन.एस.राव के बैनर तले भजन गायक सुरेश गवैया उदयपुर, तनुश्री मालविय, दिनेश परमार एंड पार्टी व अजय कंशन दिल्ली के कलाकारों की देव झाकियों, नृत्य में मोनिका मेवाड़ी, प्रियंका उदयपुर ने श्रोताओं का मन मुक्त कर दिया। मेला कमेटी द्वारा भामाशाहों-मेहमानों को साफा, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नाडोल मंडल अध्यक्ष सतिश सोनी, मोड सिंह, भंवरलाल मालविय, जब्बरसिंह, गजेन्द्र सिंह, लेहरी बाई देसूरी, ताराराम ग्यावत, चमनाराम, पुष्पा देवी छोड़ा, प्रकाश कुमार, कसाराम भुंगरिया, ओमप्रकाश जाट, ओगडराम चौधरी, रूपाराम चौधरी, नथाराम, मानाराम घांची, भुराराम मद्रास, मांगीलाल, धन्नाराम कोटवाल, नत्थाराम, गजाराम चौधरी, मेघाराम मेले में महा प्रसादी का आयोजन किया गया। मेले में सैकड़ों कि संख्या में मामाधणी भक्तों नें मेले का आनंद लिया।

# पाली में बाइक से टकराई मोपेड, पांच घायल

**पाली।** पाली में एक बाइक मोपेड से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो बच्चों सहित पांच जने घायल हो गए। घायलों को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, पाली शहर के मानपुरा भाकरी निवासी किशनलाल(21) पुत्र नारायणलाल अपनी 50 वर्षीय मां पाबूदेवी पत्नी नारायणलाल, भाभी अंजू(28) पत्नी प्रकाश कुमार, भतीजी करिश्मा(3) और भतीजे आर्यन(10 माह) को बाइक पर बिठाकर नाडोल आशापुरा माता के दर्शन के लिए ले जा रहा था। इस दौरान सोमेसर के निकट इनकी बाइक से एक मोपेड सवार टकरा गया। हादसे में सभी बाइक से नीचे गिरकर घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। इस हादसे में तीन साल की करिश्मा को भी काफी चोटें आई।

# खिंवाड़ा : विद्या के दान से बड़ा कोई दान नहीं



**खिंवाड़ा।** विद्या दान से बड़ा कोई दान नहीं है। बालकों के विद्या पर जो अपने खून पसीने की पूंजी खर्च करता है उस पर लक्ष्मी की हमेशा कृपा बनी रहती हैं। ये विचार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीवंद कलां के संस्था प्रधान दिनेश सिंह राजपुरोहित ने शनिवार को विद्यालय में भामाशाह भोमाराम लच्छाराम सीरवी परिवार की ओर से विद्यालय में नवनिर्मित सरस्वती मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा व गोरधन सिंह राजपुरोहित परिवार की ओर से वाटर कूलर भेंट के मौके पर आयोजित एक सादे समारोह में व्यक्त किए। राजपुरोहित ने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का माध्यम हैं। इससे पूर्व वाटर कूलर का लोकार्पण दरियादेवी राजपुरोहित व सरस्वती मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा सीरवी परिवार की ओर से की गई। इस मौके शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कुंपावत, पूर्व वार्डपंच प्रवीण वैष्णव, सुरेन्द्र अग्रवाल, रविप्रकाश मीणा, हीरालाल वर्मा, गजेन्द्र सिंह चांदसिंह, हंसाराम मेघवाल आदि उपस्थित थे। इस अवसर भामाशाहों का श्रीफल दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

# धूमधाम से मनाया दुर्गा अष्टमी का पर्व

**▶▶ कन्याओं को हलवा-पुड़ी व खीर का प्रसाद**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** चैत्रीय नवरात्रि महोत्सव पर शनिवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर मां दुर्गा का पूजन के साथ कन्याओं का भी पूजन किया गया। अलसुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। कन्याओं को हलवा-पुड़ी व खीर छोले का प्रसाद दिया गया। शनिवार को चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां भगवती के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में माता रानी की पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधि विधान से माता रानी की घर और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। देवी भक्तों ने कन्याओं का पूजन किया। कन्याओं को हलवा,पूरी और खीर का प्रसाद खिलाया गया। जिले भर में मां दुर्गा अष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। लोगों ने मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हुए घरों में कन्याओं का भोजन करवाया। श्रद्धालुओं ने कंजकों को हलवा-पुड़ी, खीर छोले का प्रसाद खिलाते हुए उपहार भी दिए। यहां सांडेराव-फालना सड़क मार्ग पर गंगा वेरी निंबेश्वर महादेव मंदिर, माता राणी भटियाणीजी मंदिर, दुदेली माताजी मंदिर सहित क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# आठ दिन से खड़ा हेलिकॉप्टर, सुरक्षा में लगे 10 जवान

**पाली।** पाली में 29 मार्च को राज्यपाल को लेकर जो हेलिकॉप्टर आया था। वह वापस उड़ान भरते समय करीब 20-25 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा ही था कि उसके पिछले हिस्से में हल्का धमाका हुआ। पायलट ने सुरक्षित लेंडिंग की लेकिन अभी तक हेलिकॉप्टर को दुरुस्त नहीं किया जा सका। ऐसे में पिछले आठ दिन से शहर के गर्ल्स कॉलेज परिसर में बने हेलीपेड पर हेलिकॉप्टर खड़ा है और उसकी सुरक्षा में एरो एयरक्राफ्ट कंपनी ने 10 निजी सुरक्षा गार्ड लगा रखे है। जो रात-दिन हेलिकॉप्टर की निगरानी कर रहे है। ताकि उसे कोई नुकसान न पहुंचा सके। यह हेलिकॉप्टर अब कब दुरुस्त होगा और यहां से उड़ान भरेगा। इसको लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। बता दें कि इस हेलिकॉप्टर की सुरक्षा में पहले पुलिस और फायर बिग्रेड के जवान लगे हुए थे। जब सुरक्षा में लगे जवानों का बिल कंपनी को भेजा तो बिल का भुगतान करने के बाद उन्होंने अपने स्तर पर निजी गार्ड यहां तैनात किए। 29 मार्च को राज्यपाल इसी हेलिकॉप्टर से पाली आए थे। हेलिकॉप्टर गर्ल्स कॉलेज में बने हेलीपेड पर उतरा था। शाम को राज्यपाल सड़क मार्ग से सोनाणा खेतलाजी कार से चले गए। इधर हेलिकॉप्टर ने उदयपुर के लिए 29 मार्च की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उड़ान भरी। हेलिकॉप्टर करीब 20-25 फीट ऊपर हवा में पहुंचा ही था कि उसके पिछले हिस्से में हल्का सा धमाका हो गया। इस पर तुरंत पायलट ने हेलिकॉप्टर को वापस गर्ल्स कॉलेज पाली के हेलीपेड पर लैंड किया। तकनीकी खराबी के चलते हेलिकॉप्टर वापस उड़ान नहीं भर सका। एक तकनीकी टीम उसकी जांच के लिए आई। जो पार्ट्स हेलिकॉप्टर का खराब हुआ उसे मंगवाने में कम्पनी के प्रतिनिधि जुटे हुए है। टीम आने के बाद यह पार्ट्स हेलिकॉप्टर में लगाएंगे।




# संत कृपानंदजी की वेकुंटी में उमड़े भक्तजन

**नारलाई।** कस्बे में शनिवार को प्रसिद्ध संत कृपानंदजी महाराज के देवलोक गमन पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उनके आश्रम पहुंच कर दर्शन किए। वही अंतिम यात्रा में श्रद्धालुओं व शिष्यों का हुजुम उमड़ पड़ा जिसमें प्रवास में रहने वाले भाविक पहुंचे। बैरा राकावा पर कृपानंदजी को समाधी दी गई जहां पर युवा शिष्य भरत महाराज, मंगलपुरी महाराज, सरपंच शेखर मीणा, एडवोकेट राजेन्द्र गहलोत, के साथ पारिवारिक सदस्य व सीरवी समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अंतिम विदाई गगनभेदी नारा व जयकारों के साथ दी। इस अवसर पर भीमा राम, सुजाराम, कांतिलाल काग, सोभाराम, नत्थाराम कुम्हार, चंदाराम, गणेश कुमावत, मोटाराम , प्रकाश, सुरेश मानवीय, बगदाराम, रमेश वार्डपंच, बाबु लाल, टीमकराम, गमनाराम, भंवरलाल माली, मोहनलाल, गणाराम पाली, गुलाब भाई, रमेश, राकेश, भानाराम मोटाराम मेघाराम भोलाराम सुजाराम सहीत सैकड़ों लोग रहे मौजूद।



# आत्मविश्वास से भरे गिल एसआरएच को देंगे पटकनी

## सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात जायंट्स के बीच मैच आज

**हैदराबाद।** चार मैचों में से पहला मैच जीतने के बाद लगातार तीन हार झेलने वाली टीम के लिए पूर्व चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद को रविवार को यहां राजीव गांधी स्टेडियम में आईपीएल लीग मैच में आत्मविश्वास से भरी शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटन्स से भिड़ने पर सभी विभागों में गंभीर सुधार करना होगा। सीजन की शुरुआत में, एसआरएच की विस्फोटक बल्लेबाज की चर्चा थी, जिसमें सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाया), उसके बाद नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा शामिल थे। लेकिन यह मजबूत लाइन-अप अगर आक्रामक नहीं होने के कारण गेंदबाजों के सामने कमजोर साबित हुए।

### सही स्ट्रोक की जरूरत

एसआरएच के बल्लेबाजों के लिए यह जल्द से जल्द समझने का समय आ गया है कि रन केवल शुरुआत से ही जोरदार हिटिंग से नहीं आते हैं। बल्कि सही स्ट्रोक चयन की भी जरूरत है । ऐसा भी नहीं है कि एसआरएच के बल्लेबाज इस बात को समझते नहीं है लेकिन इसे अनदेखा करना उनकी टीम के लिए अच्छा नहीं होगा । गेंदबाजी में भी कुछ चिंताएँ हैं। एसआरएच स्पिन पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। तेज गेंदबाजों को सही समय पर सही जगह इस्तेमाल होना चाहिए और शुरुआती सफलताएं दिलानी चाहिए। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट अपनी विविधताओं के कारण बेहतर विकल्प हो सकते हैं। दूसरी ओर, तीन मैचों में से दो जीत के साथ गुजरात टाइटन्स को सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन द्वारा गिल के साथ मिलकर लगातार रन बनाने से प्रसन्न होंगे। इसके अलावा टीम में बल्लेबाजी के लिए जोस बटलर, शेरफेन रदरफोर्ड, शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी हैं। जो मैच का रूख अपने बल्लेबाजी के दम पर बदल सकते हैं। बशर्ते बल्लेबाज मैच में चलें।

### सिराज तुरूप का पत्ता

गेंदबाजी की बात की जाए तो मोहम्मद सिराज को 'घरेलू दर्शकों' के सामने खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। बाएं हाथ के साई किशोर और लेग स्पिनर राशिद खान की स्पिन जोड़ी अहम भूमिका निभा सकती है।



## 'धोनी मेरे पिता की तरह': पथिराना

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को टीम के ही एक खिलाड़ी ने अपना क्रिकेटिंग फादर बताया है। ये खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि चेन्नई सुपर किंग्स के के पेसर मथीशा पथिराना हैं। मथीशा पथिराना ने आईपीएल 2022 में डेब्यू किया था। वे एडम मिल्ने के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम से जुड़े थे और इसके बाद से लगातार सीएसके के लिए खेल रहे हैं। मथीशा पथिराना उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किया था। सीएसके द्वारा जारी एक डॉक्यूमेंट्री में, पथिराना की मां ने 2008 में आईपीएल की शुरुआत के बाद से सीएसके के दिग्गज धोनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "धोनी के बारे में कोई शब्द नहीं है।

# नहीं चला धोनी का मैजिक

## दिल्ली कैपिटल्स की विनिंग हैट्रिक



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के मैच नंबर-17 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) हुआ। शनिवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने 25 रनों से जीत हासिल की। दिल्ली ने मेजबान टीम को जीत के लिए 184 रनों का टारगेट दिया था, लेकिन वो 5 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। इस मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स ने 15 साल बाद सीएसके को पराजित किया है।

### धीमी पिच पर रन बनाने के लिए जूझे

महेंद्र सिंह धोनी ने एक चौके और एक सिक्स की मदद से 26 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। वहीं विजय शंकर ने नाबाद 69 रन बनाए। विजय शंकर ने 54 गेंदों की पारी में 5 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। चेन्नई सुपर किंग्स की यह तीसरी हार है। जबकि दिल्ली की ये लगातार तीसरी जीत रही। टारगेट का पीछा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 रनों के स्कोर तक अपने दो विकेट खो दिए। रचिन रवींद्र (3) को फास्ट बॉलर मुकेश कुमार ने चलता किया। वहीं कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (5) तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का शिकार बने। फिर विपराज निगम ने दूसरे सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे (13) को भी सस्ते में पवेलियन रवाना कर दिया।

### केएल राहुल की दमदार पारी

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली कैपटल्स ने 6 विकेट पर 183 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर जेक फ्रेजर-मैकगर्क का विकेट गंवा दिया। जेक अपना खाता भी नहीं खोल पाए और खलील अहमद का शिकार बने। इसके बाद अभिषेक पोरेल और केएल राहुल ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़कर पारी को संभाला। स्पिनर रवींद्र जडेजा ने पोरेल को आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ा। पोरेल ने 20 बॉल 33 रन बनाए, जिसमें 4 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। फिर चौथे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल उतरे। अक्षर और केएल राहुल के बीच चौथे विकेट के लिए 36 रनों की साझेदारी हुई। अक्षर 21 रन बनाकर नूर अहमद की गेंद पर बोल्ड हुए।



# एक-एक रन को तरसे तिलक वर्मा

## आउट हुए बिना ही छोड़ना पड़ा मैदान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में तिलक वर्मा ने सोचा भी नहीं होगा कि वो एक-एक रन बनाने के लिए तरस जाएंगे और टीम की हार की वजह बनेंगे. तिलक की चौके-छक्के जमाने की हर कोशिश फेल हुई। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में तिलक को अपनी खराब बल्लेबाजी के कारण 19वें ओवर में ही रिटायर आउट होकर लौटना पड़ा. इस तरह से आउट होने वाले वो दूसरे बल्लेबाज बन गए।



### मुंबई के लिए डाला इम्पैक्ट

इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 204 रन का लक्ष्य हासिल करना था। मुंबई की खराब शुरुआत के बाद नमन और सूर्यकुमार यादव की साझेदारी की मदद से 8 ओवर में 86 रन बना लिए थे। 9वें ओवर में नमन के आउट होने के बाद तिलक आए। तिलक को इम्पैक्ट सब्स्टिट्यूट के तौर पर उतारा गया लेकिन जो इम्पैक्ट उन्हें मुंबई के लिए डालना था, उन्होंने अनजाने में लखनऊ के लिए डाल दिया। एक तरफ सूर्यकुमार यादव चौके-छक्के जमा रहे थे तो वर्मा एक-एक रन के लिए तरस रहे थे।



## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को रौंदा

# वनडे सीरीज में 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को तीसरे मुकाबले में भी बुरी तरह हरा दिया। बे ओवल में खेले गए इस मुकाबले में कीवी टीम ने 43 रनों से जीत दर्ज की। साथ ही पाकिस्तान का सूपड़ा साफ करते हुए वनडे सीरीज को 3-0 से जीत लिया। बारिश की वजह से इस मैच को घटाकर 42 ओवर का कर दिया गया था। मौसम को देखते हुए पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। इसके बाद न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 265 रनों का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में पाकिस्तानी टीम 40 ओवर में ही 220 पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से बेन सीयर्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए।


### सीयर्स और ब्रेसवेल के आगे झुका पाकिस्तान

बारिश के साये में हुए इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने 164 के स्कोर पर 4 विकेट गंवा दिए थे यहां बड़े स्कोर तक पहुंचना मुश्किल लग रहा थे। लेकिन कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने इस काम को संभव बनाया। उन्होंने नीचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर तेजी से रन बटोरे और 40 गेंद में 59 रन ठोक दिए। उनकी बैटिंग की वजह से कीवी टीम ने 42 ओवर में 264 रन ठोक दिए। ब्रेसवेल की वजह से न्यूजीलैंड एक मजबूत स्थिति में आ सका और मैच जीतने में कामयाब रहा। इसलिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं बेन सीयर्स ने पाकिस्तानी बैटिंग लाइन अप पर कहर बरपा दिए। उन्होंने 9 ओवर में महज 34 रन देकर 5 अहम विकेट चटकाए। पाकिस्तान के अच्छे शुरुआत के बाद सीयर्स ने ही पहली सफलता दिलाई थी।

# म नो रं ज न

## आरव के साथ नजर आई मिस्ट्री गर्ल

अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के बेटे आरव भाटिया शुक्रवार को पैप्स के कैमरे में कैद हुए। आरव हुमा कुरैशी की ईद पार्टी में शामिल होने के लिए आए थे। इस समारोह में बॉलीवुड के कई नामचीन नाम जिनमें राजकुमार राव, डायना पेंटी, फराह खान और कई अन्य भी शामिल हुए। हालांकि इसे स्टार किड्स में शामिल आरव और उनके साथ मौजूद एक मिस्ट्री गर्ल ने सभी का ध्यान खींचा। सिमर अक्षय कुमार की बहन अलका भाटिया की बेटी हैं। वह अगस्त्य नंदा, जयदीप अहलावत और धर्मेंद्र के साथ इक्कीस से



बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अक्षय कुमार अपनी बहन और उसके परिवार के साथ अपने करीबी रिश्ते को देखते हुए उनके प्रति अपने प्यार का इजहार करने से कभी नहीं चूकते।

## बला की खूबसूरत है मनोज कुमार की पोती

हम आपको दिवंगत एक्टर मनोज कुमार की पोती से मिलवाने जा रहे हैं। जो फिल्मों से दूर रहती हैं। लेकिन खूबसूरत में कई एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज एक्टर रहे मनोज कुमार ने बीते दिन दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर की मौत से पूरी इंडस्ट्री सदमे में हैं। एक्टर का अंतिम संस्कार मुंबई में ही किया गया। इस दौरान अमिताभ बच्चन समेत कई स्टार्स वहां मौजूद रहे। हालांकि इस रिपोर्ट में हम मनोज कुमार की पोती के बारे में बात करने जा रहे हैं। जो बला की खूबसूरत हैं। दरअसल दिवंगत अभिनेता मनोज कुमार की पोती का नाम मुस्कान गोस्वामी है। जो इंडस्ट्री और फिल्मों से कोसों दूर हैं। फिर भी लग्जरी लाइफ जीती हैं। मुस्कान ग्लैमर वर्ल्ड से दूर होकर भी किसी एक्ट्रेस से कम खूबसूरत नहीं है। वो सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। जहां वो हर दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती हैं। मुस्कान दिवंगत एक्टर मनोज कुमार के बेटे विशाल गोस्वमी की बेटी हैं। जो आज फिल्मों से दूर होकर एक सफल बिजनेवुमन बन चुकी हैं।





## रणबीर की फिल्म में एक्स गर्लफ्रेंड की एंट्री

संजय लीला भंसाली की आनेवाली फिल्म लव एंड वॉर को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में तीनों के बीच लव ट्रायंगल की स्टोरी नजर आ सकती है। अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। फिल्म में रणबीर कपूर की एक्स गर्लफ्रेंड दीपिका पादुकोण नजर आ सकती हैं। दीपिका पादुकोण और रणबीर के बीच बोल्ड सीन्स भी देखने को मिल सकते हैं। एक रिपोर्ट की मानें तो दीपिका फिल्म में गेस्ट एंट्री ले सकती हैं। इतना ही नहीं, फिल्म में दोनों के बीच बोल्ड रोमांटिक सीन्स देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को रणबीर कपूर के अपोजिट फिल्म में 40 मिनट के सीक्वेंस के लिए दीपिका पादुकोण के नाम पर विचार चल रहा है। दोनों के बीच संभावित रूप से बोल्ड रोमांटिक सीन देखने को मिल सकता है जिसकी वजह से फिल्म को ए सर्टिफिकेट मिल सकता है। रिपोर्ट्स की मानें तो दीपिका ने अभी तक फिल्म को साइन नहीं किया है, पर कहा जा रहा है कि वो ये ऑफर अपना सकती हैं। दीपिका ने इसपर विचार करने के लिए वक्त मांगा है। हालांकि, इस खबर पर फिल्म से जुड़े लोगों की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। लव एंड वॉर की बात करें तो फिल्म में रणबीर कपूर और विकी कौशल इंडियन आर्मी के अधिकारियों की भूमिका में नजर आ सकते हैं।



## खतरों के खिलाड़ी में धनश्री वर्मा?

दो बड़े रियलिटी शोज सलमान खान का 'बिग बॉस ओटीटी 4' और रोहित शेट्टी का 'खतरों के खिलाड़ी 15' इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। लोग जानना चाह रहे हैं कि रोहित शेट्टी के शो में इस बार कौन-कौन से कंटेस्टेंट शामिल होंगे। पहले कई खबरें आ चुकी हैं कि बिग बॉस 18 के कुछ कंटेस्टेंट स्टंट शो में अपना जलवा दिखाने वाले हैं। अब खबरें आ रही हैं कि शो में इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स अपूर्वा मुखीजा शामिल हो सकती हैं। खबर सामने आई थी कि मशहूर डांसर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर धनश्री वर्मा को 'खतरों के खिलाड़ी 15' के लिए अप्रोच किया गया है। पिछले दिनों वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में थीं। मेकर्स ने उन्हें शो के लिए अप्रोच किया है मगर फिलहाल उनकी तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। धनश्री इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक लिया था, जिसके बाद उनका नाम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। तलाक के पीछे की असली वजह सामने नहीं आई है, लेकिन चहल का नाम आरजे महवश के साथ जुड़ने से फैंस की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। ऐसे में अगर धनश्री बिग बॉस ओटीटी 4 में नजर आती हैं, तो यह सीजन और भी चर्चा में आ सकता है। धनश्री के अलावा फेमस यूट्यूबर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मुखीजा को भी बिग बॉस ओटीटी 4 के लिए अप्रोच किया गया है। कुछ समय पहले उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से सभी पोस्ट हटा दिए थे।



## आ सकता है बजरंगी भाईजान की सीक्वल

सलमान खान देश के चहेते सुपरस्टार्स में से एक हैं। उनकी फिल्मों की लिस्ट में कई धमाकेदार और यादगार फिल्में शामिल हैं। इन्हीं में से एक है 'बजरंगी भाईजान', जो साल 2015 में रिलीज़ हुई थी। ये फिल्म सिर्फ एक ब्लॉकबस्टर नहीं थी, बल्कि सलमान के करियर की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस में से एक मानी जाती है। इस फिल्म में इमोशन, ड्रामा और एक मजबूत मेसेज सब कुछ था। इस शानदार कहानी और परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को 63वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बेस्ट पॉप्युलर फिल्म प्रोवाइडिंग होलसम एंटरटेनमेंट का अवॉर्ड भी मिला था। सलमान खान के फैन्स सालों से बजरंगी भाईजान के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं और अब लग रहा है कि उनकी ये ख्वाहिश जल्द पूरी हो सकती है। खबरों की मानें तो सलमान हाल ही में फिल्म के लेखक वी। विजयेंद्र प्रसाद से मिले हैं और 'बजरंगी भाईजान 2' को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है।

इंडस्ट्री सोर्स के मुताबिक, 'सलमान खान ने कुछ दिन पहले वी विजयेंद्र प्रसाद से मुलाकात की है। दोनों ने एक आइडिया पर बात की है और चर्चा इसी दिशा में चल रही है कि ये बजरंगी भाईजान 2 के लिए हो सकता है। साथ ही ये भी माना जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट में डायरेक्टर कबीर खान भी जुड़ सकते हैं। यानी सलमान, विजयेंद्र प्रसाद और कबीर खान की तिकड़ी एक बार फिर साथ आ सकती है। हालांकि फिलहाल कुछ भी ऑफिशियल नहीं हुआ है।' पहली फिल्म ने अपने इमोशनल कहानी से दिल जीत लिया था और खूब सराहना भी मिली थी। प्रसाद भारत के सबसे सफल स्क्रीनराइटर्स में गिने जाते हैं। वो अकेले ऐसे लेखक हैं जिन्होंने इंडियन सिनेमा की कई सबसे बड़ी फिल्मों में योगदान दिया है। उनके चर्चित कामों में बॉब्बिली सिम्हम (1994), मगधीरा (2009), ईगा (2012), बाहुबली सीरीज़ (2015–2017), बजरंगी भाईजान (2015) और आरआरआर (2022) शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने ली भर्ती परीक्षाओं की समीक्षा बैठक

# युवाओं के सपने साकार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा



**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार देकर उनके सपनों को साकार करना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी भर्तियों को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से नियत समय में पूरा कराने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सवा साल के अल्प कार्यकाल में ही 5 रोजगार मेलों का आयोजन कर अब तक 67 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दे चुकी है। भविष्य में हर तीन माह में ऐसे मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति का तोहफा दिया जाएगा। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर लंबित एवं प्रक्रियाधीन भर्तियों की स्थिति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में 1 लाख 88 हजार से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन है।

- भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर हों भर्तियां
- अब तक 67 हजार से अधिक पदों पर दी जा चुकीं नियुक्तियां
- 1 लाख 88 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन

### न्यायालय में लंबित पदों पर भर्ती आगे बढ़ी

- शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने लंबे समय से न्यायालय में लंबित लगभग 9 हजार 800 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को प्रभावी पैरवी करवाकर आगे बढ़ाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालय में लंबित अन्य भर्ती प्रकरणों का भी विधिवत परीक्षण करवाकर उनका शीघ्र निस्तारण करवाया जाए, जिससे राज्य के युवाओं के रोजगार का इंतजार जल्द से जल्द खत्म हो सके।

### आवश्यकता को ध्यान में रखकर करें भर्ती

- मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। मानव संसाधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आवश्यक है कि सभी विभाग आगामी वर्षों की आवश्यकता तथा भविष्य में खाली होने वाले पदों को ध्यान में रखकर भर्तियां आयोजित करें। भर्तियां समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

### समान पात्रता के नियमों में एकरूपता

- इसे देखते हुए समान पदों के लिए समान पात्रता लागू करने के लिए नियमों में एकरूपता लाई जाए। शर्मा ने नवगठित जिलों में भी पद सृजित कर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ी भर्ती परीक्षाओं में परीक्षा केंद्रों की कमी की समस्या को दूर करने के लिए अनुपयोगी कॉलेज भवनों को परीक्षा केंद्र में परिवर्तित करने के निर्देश दिए।

### इनकी रही मौजूदगगी

- बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रीमती श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी भास्कर ए सावंत, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव, आरपीएससी एवं आरएसएसबी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लोढ़ा फाउंडेशन ने मनाया महावीर जन्मकल्याणक

- कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा रहे उपस्थित
- भक्ति संगीत एवं अष्ट मंगल प्रतियोगिता आयोजित





**सुरेश भंसाली/जागरूक टाइम्स**
**मुंबई।** लोढ़ा फाउंडेशन द्वारा भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में शारदा मंदिर हाई स्कूल, गामदेवी, मुंबई में भक्ति संगीत संध्या एवं अष्ट मंगल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में लोढ़ा परिवार के द्वारा एक समृद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. मंजू-मंगलप्रभात लोढ़ा (अध्यक्ष – लोढ़ा फाउंडेशन, अंतर्राष्ट्रीय हिंदी जैन साहित्य संगम, जीवो दक्षिण मुंबई , महावीर स्वामी जैन देरासर मंडल की अध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष, 'परमवीर चक्र अवार्ड डायरी' की लेखिका एवं प्रतिष्ठित समाजसेविका) एवं हुलाशीबेन वाणीगोता की अगुवाई में भक्ति गीतों, नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं अष्ट मंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भक्ति संगीत संध्या की शुरुआत "वीर झूले त्रिशला झुलावे धीरे-धीरे मीठा-मीठा गीत सुनावे" जैसे मधुर भजनों से हुई, जिसने सभी उपस्थितों के मन में आध्यात्मिक उर्जा का संचार किया।

### बही भक्ति की गंगा

- संगीतकार आशीष जैन एवं नरेंद्र वाणीगोता ने भक्ति गीतों की गंगा बहाई, और अष्ट मंगल प्रतियोगिता में विभिन्न महिला मंडलों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 1 फीट आकार के अष्ट मंगल निर्माण में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पूज्य गुरु भगवंत श्री जिनरत्नविजय जी ने महावीर जन्मकल्याणक के महात्म्य पर प्रकाश डाला।

### विश्व नवकार दिवस मनाने का आह्वान

- डॉ. मंजू-मंगलप्रभात लोढ़ा ने विश्व नवकार दिवस (9 अप्रैल) के अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाने का आह्वान किया और सभी श्रद्धालुओं के लिए चोविहार की व्यवस्था रखी गई। इस अवसर पर महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात जी लोढ़ा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय बात यह भी है कि डॉ. मंजू-मंगलप्रभात लोढ़ा एवं हुलाशीबेन वाणीगोता पिछले 15 वर्षों से अनवरत इस भक्ति संध्या का आयोजन करती आ रही हैं, जिसने समाज एवं संस्कृति को सशक्त करने का महत्वपूर्ण संदेश लोगों तक पहुंचता है। कार्यक्रम में लगभग 28 मंडलों ने भाग लिया, 500 से अधिक महिलाओं की उपस्थित रही।

आंजणा पटेल सेवा संस्था

# श्री राजेश्वर भगवान का 143वां जन्मोत्सव आज

## स्नेह मिलन समारोह में जुटेंगे समाजबंधु



**मुंबई।** आंजणा पटेल सेवा संस्था, मुंबई द्वारा श्री राजेश्वर भगवान का 143वां जन्मोत्सव एवं रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल, 32 दादीशेठ अग्यारी लेन, कालबादेवी रोड, मुंबई में रविवार 6 अप्रैल को जन्मोत्सव समारोह मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस समारोह में जन्मोत्सव समारोह के साथ ही महाप्रसाद का लाभ सभी राजेश्वर भक्तों को प्राप्त होगा। राजेश्वर जन्मोत्सव एवं रामनवमी पर्व पर आयोजित स्नेह मिलन समारोह में आंजणा समाज बंधुओं की भारी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

### विशाल भजनसंध्या में बही भक्ति सरिता

- प्रभु राजेश्वर जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। भक्तिरस से भरे भजनों पर सभी जमकर झूमे।

## महादेव बेटिंग ऐप मामले में सख्त कार्रवाई की जरूरत : अरुण गोविल

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अरुण गोविल ने कहा है कि सरकार को उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जो अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल ने शुक्रवार को कहा कि महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। गोविल ने कहा कि महादेव ऐप विवादों में रहा है और बॉलीवुड से लेकर छत्तीसगढ़ के नेताओं तक से इस मामले में पूछताछ की गई है। सरकार को उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए जो अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। युवा देश का भविष्य हैं और वे इसमें प्रभावति हो रहे हैं।

# राजस्थान कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव



- अब प्रदेश में होंगी 50 जिला कांग्रेस कमेटियां

### आठ नई जिला कमेटियां

नई बनाई गईं 8 जिला कमेटियों में कोटपुतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, डीग, ब्यावर, डीडवाना-कुचामन, फलोदी, बालोतरा और सलूम्बर शामिल हैं। इसके अलावा क्षेत्रफल और जनसंख्या के आधार पर नीमकाथाना-सीकर और भीलवाड़ा अर्बन दो नई इकाइयां जोड़ी गई हैं।

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटियों के पुनर्गठन और विस्तार का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसे अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंजूरी दे दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह पुनर्गठन राज्य में नए प्रशासनिक जिलों के गठन, जनसंख्या और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। पहले जहां राजस्थान में 39 जिला कांग्रेस कमेटियां थीं, अब 50 कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बदलाव को आगामी चुनावों के मद्देनजर बेहद अहम बताया है। इस विस्तार से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान मिल सकेगा। जोधपुर अर्बन में उत्तर और दक्षिण DCC का विलय कर एक नई इकाई बनाई गई है, जबकि जयपुर ग्रामीण को दो भागों- जयपुर रूरल (ईस्ट) और जयपुर रूरल (पश्चिम)- में विभाजित किया गया है।

बांसवाड़ा में दर्दनाक हादसा

# तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत



**बांसवाड़ा।** राजस्थान में बांसवाड़ा जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के सल्लोपाट थाना क्षेत्र में खूंटी गांव के तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सल्लोपाट थाना क्षेत्र के खूंटा गांगली गांव में अपने ननिहाल में शादी समारोह में शामिल होने आये दो भाई बहन शुक्रवार दोपहर अपने ममेरी बहन के साथ मवेशी को पानी पिलाने तालाब पर गए थे। इस दौरान तालाब के किनारे पैर फिसलने से युवराज (4) पानी में गिर गया था। उसको बचाने के लिए उसकी बडी बहन जिनल (6) और ममेरी बहन मीनाक्षी (9) भी पानी में कूद गई और उनकी भी मौत हो गई। दोपहर बाद काफी देर तक बच्चों के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उनको ढूंढना शुरू किया। इसी दौरान तालाब में तीनों बच्चों के शव तैरते दिखाई दिए। ग्रामीण बच्चों को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थानाधिकारी देवीलाल ने मय जाब्ता अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने रात में ही शवों को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द कर दिए।

# भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस आज



- 13 अप्रैल तक मनाए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम
- विधायकों-नेताओं सहित कार्यकर्ताओं ने की शिरकत
- भाजपा के उदय से अब तक के कार्यकाल पर चर्चा

**जयपुर।** भाजपा का 6 अप्रैल को स्थापना दिवस है जिसे भाजपा 13 अप्रैल तक मनाएगी। इसे लेकर शुक्रवार को भाजपा ऑफिस में जयपुर शहर, जयपुर देहात इकाइयों की बैठक आयोजित की गई। अलग-अलग हुई बैठकों में जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल, दक्षिण देहात अध्यक्ष राजेश गुर्जर सहित क्षेत्रीय कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक संभाग प्रभारी राजेंद्र कुमार गहलोत ने ली। बैठक में भाजपा के उदय से लेकर अब तक के कार्यकाल पर भी चर्चा हुई। गहलोत ने कहा कि 1980 से 2025 तक भाजपा 2 सीटों वाली पार्टी से देश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने वाली पार्टी बनी है। छह अप्रैल को प्रदेश सहित देश में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा। 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों का तथा 8 एवं 9 अप्रैल को विधानसभाओं में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। 7 से 13 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान, लाभार्थी सम्मेलन भी होंगे। गोयल ने कार्यक्रम पर चर्चा के साथ ही वक्फ बिल पर किए गए संशोधन के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद देते कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के चलते इसे भूमाफियाओं और भ्रष्टाचारियों का अड्डा बना दिया था। बैठक में जयपुर शहर के विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंदाचार्य, मेयर सौम्या गुर्जर, जयपुर शहर कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मीकांत पारीक मौजूद रहे।

## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस को बैठक



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस मनाने को लेकर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस मुख्यालय में बैठक ली। इसमें पुलिस स्थापना दिवस को समारोह पूर्वक मनाने को लेकर बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और राज्य स्तरीय आयोजन की रूपरेखा पर गहन चर्चा की। साहू ने बताया कि 15 से 17 अप्रैल तक बच्चों की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, कल्चरल प्रोग्राम और खेल प्रतियोगिताएं, कविता पाठ, नृत्य प्रतियोगिताएं, बच्चों का पुलिस थानों का दौरा, पौधारोपण, पुलिस बैंड प्रदर्शन, सेमिनार, बड़ा-खाना आदि कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा परेड की सलामी लेंगे। साथ ही उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए सीएम पुलिस पदक भी दिए जाएंगे।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर विदेशी तकनीक से सुरक्षा जांच

- घंटों लाइन में लगने से छुटकारा
- सिर्फ 3 सेकंड में होगी जांच पूरी



**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खास कदम उठाए गए हैं। अब यात्रियों को लंबी लाइन में लगने से छुटकारा मिलेगा। विदेशी तकनीक का सहारा लेकर सुरक्षा व्यवस्था पहले से हाईटेक कर दी गई है। नई दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। ऐसे में कई बार यात्रियों को सुरक्षा जांच के लिए घंटो लाइन में खड़ा होना पड़ता है। इन लाइनों को कम करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर अब फुल बॉडी स्कैनर लगाए जाएंगे। ये तकनीक पहले से ही अमेरिका और कनाडा के एयरपोर्ट्स पर इस्तेमाल हो रही है। इन आधुनिक फुल बॉडी स्कैनर्स में क्षमता 3 सेकंड में सुरक्षा जांच को पूरी करने की है। प्रति घंटे में 1200 से अधिक स्कैन करने की है। ये प्रोसेस ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के दिशा-निर्देश में शुरू किया गया है। टर्मिनल 1 और टर्मिनल 3 के लिए चार का बॉडी स्कैनर लगाए गए हैं, जिनका ट्रायल जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

### मई में शुरू हो जाएंगी हाईटेक मशीनें

- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फुल बॉडी स्कैनर का टेस्ट मई में शुरू होगा, जिसमें टर्मिनल 1 (T-1) और टी-3 पर दो-दो स्कैनर लगाए गए हैं। एयरपोर्ट के अधिकारी ने कहा, 'इन मशीनों के लिए आईटी इंटरफेस को अंतिम रूप दिया जा रहा है और तीन से चार महीने का परीक्षण पूरा होने पर नागरिक उड्डयन ब्यूरो के नेतृत्व वाली समिति निष्कर्षों का मूल्यांकन करेगी। पूर्ण पैमाने पर कार्यान्वयन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) स्थापित करेगी।'

### यात्रियों की गोपनीयता का रखा जाएगा खयाल

- अधिकारी ने कहा कि स्कैनर मिलीमीटर-वेव प्रौद्योगिकी का उपयोग करेंगे और इसका उद्देश्य सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ यात्रियों की गोपनीयता सुनिश्चित करना है। स्कैनर विस्फोटकों सहित धातु और गैर-धातु दोनों प्रकार के खतरों का पता लगाने में सक्षम होगा, जो पारंपरिक मेटल डिटेक्टरों की तुलना में काफी बेहतर होगा।

# जयपुर : मदरसे के मौलाना पर मामला दर्ज



- युवती का अपहरण कर जबरन कराया निकाह
- पिता ने दर्ज कराई शिकायत

### देश विरोधी गतिविधियों का आरोप

- एफआईआर में दावा किया गया है कि इस मदरसे को खाड़ी देशों से चंदे और हवाला के माध्यम से धन प्राप्त होता है, जिसका उपयोग देशविरोधी गतिविधियों में किया जा रहा है। इसके अलावा मौलाना सलीम समेत अन्य कई व्यक्ति, जिनमें फाजील पुत्र हनीफ, नईम पुत्र हनीस, राशिद पुत्र अल्लारख्ख, और अन्य शामिल हैं। तीन-तीन फर्जी आईडी के माध्यम से जयपुर में रह रहे हैं और प्रतिबंधित इस्लामिक संगठनों से जुड़े होने का संदेह है।

**जयपुर।** जयपुर में एक बार फिर मदरसे की आड़ में चल रहे कथित अनैतिक गतिविधियों का मामला सामने आया है। जेपी कॉलोनी और टोंक वालों की बस्ती स्थित मदरसा 'नूर उल इस्लाम' के मौलाना मुफ्ती सलीम पर एक 23 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण करने, जबरन फर्जी निकाह रचाने और मजहबी कानूनों का उल्लंघन करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। युवती के पिता, जो जेपी कॉलोनी, आमेर रोड के निवासी हैं। उन्होंने थाने में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी बेटी सात वर्ष की उम्र से मदरसे में शिक्षा प्राप्त कर रही थी। लेकिन मौलाना मुफ्ती सलीम ने न केवल उसे बहकाया, बल्कि जबरन फर्जी निकाह कर उसके साथ अनैतिक संबंध बनाए। एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया है कि यह मदरसा न तो राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त है, न ही किसी संस्था से पंजीकृत। शिकायतकर्ता के अनुसार, मौलाना सलीम इससे पहले भी कई गरीब तबके की लड़कियों के साथ इसी प्रकार की हरकतें कर चुका है। उनके अनुसार अनेक लड़कियां आज तक लापता हैं। अपनी शिकायत में यह भी बताया कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।

## भेष बदलकर चोरी, छतरपुर में साड़ी पहने पकड़ा गया शातिर चोर



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो महिला के भेष में दुकान में चोरी करता था। यह अजीबो-गरीब चोरी की वारदात इस हफ्ते बीजावर कस्बे में सामने आई थी। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, महिला के भेष में चोरी करने वाले आरोपी की पहचान शेख आजाद खान के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के महोबा जिले का रहने वाला है। छह दिन पहले बीजावर में एक डेयरी दुकान में चोरी की गई थी, जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर चौंकाने वाला नजारा देखने को मिला। आरोपी कोतवाली और सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में भी संलिप्त पाया गया है। पुलिस पूछताछ कर और भी मामलों की कड़ियां जोड़ने में लगी है।

# आज होगा रामलला का सूर्य तिलक



**अयोध्या।** राम नवमी को देशभर में बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दिन भगवान राम की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक पुराणों के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम ने माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया था। हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी मनाई जाती है। भगवान श्री राम का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में हुआ था। इस साल 6 अप्रैल, रविवार को रामनवमी है। अलौकिक राम मंदिर अयोध्या में रामनवमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस पर्व पर रामलला के प्राकट्य बेला में मध्याह्न भगवान के ललाट पर सूर्याभिषेक किया जाएगा। सूर्य की रोशनी रामलला पर इस तरह पड़ेंगी, मानो भगवान राम को सूर्य तिलक लगाया हो। सूर्य की रश्मियां सटीक रूप से ललाट के मध्य पर रामनवमी के दिन 12बजे से 12.04 मिनट तक रहेंगी। तकरीबन 4 मिनट तक रामलला की मूर्ति के मस्तक पर सूर्य तिलक रहेगा। भक्त दूरदर्शन व अपने मोबाइल पर ही सूर्याभिषेक का सीधा प्रसारण देख सकेंगे। मंदिर परिसर को गुलाबी रंग की एलईडी लाइटों से रोशन किया गया है।

### अयोध्या में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था

श्रीराम जन्मोत्सव पर देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में रामनवमी को लेकर सुरक्षा की सारी तैयारियां जोरों पर हैं। हर महत्वपूर्ण जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए कई जगह कैमरे लगाए गए हैं। ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की जा रही है। अयोध्यावासी भी हमारी सुरक्षा का हिस्सा हैं। मल्लाह और वेंडर सभी की सुरक्षा के पहलुओं को देख रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं।

### गर्मी और भीड़ के चलते खास प्रबंध

गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के साथ तालमेल करके सारे इंतजाम किए जा रहे हैं। सभी लोग मिलकर टीम भावना के साथ काम कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन का बेहतर इंतजाम किया गया है।